www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 248
नई दिल्ली
बुधवार, 24 सितम्बर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली से प्रकाशित • हरियाणा • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 अब दिल्ली होगी और स्वच्छः सीएम रेखा ने लगाई ...
06 अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें, भारत के ...
रुबीना दिलैक ने खूबसूरती और समझदारी.. 02

## युवाओं के सपने को साकार करने के लिए निवेश जरूरी: शाह



**उत्तम भारत संवाददाता, गांधीनगर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात के महात्मा मंदिर में स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। गुजरात सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय कार्यक्रम है। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उच्च शिक्षा मंत्री ऋषिकेश पटेल भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पिछले दस सालों में स्टार्टअप इकोसिस्टम इतना मजबूत हुआ है कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा डिजिटल इकोसिस्टम बन गया है। आपके विचार, आपका शोध, आपका साहस- यह डिजिटल इकोसिस्टम उन्हें देश और दुनिया में तेजी से पहुंचाएगा।

उन्होंने कहा, मैं आप सभी और इंडस्ट्री से यह कहना चाहता हूं कि आपने पहले ही काफी तरक्की की है। लेकिन अगर कोई युवा उद्यमी कोई स्टार्टअप शुरू करता है, तो आपको उसमें निवेश करना चाहिए। इन स्टार्टअप्स को सपोर्ट करके, वे जो काम करेंगे, उससे आपके बिजनेस को भी फायदा होगा। इंडस्ट्री के लोगों को हर क्षेत्र में विस्तार के लिए स्टार्टअप्स के साथ मिलकर काम करना चाहिए। एक, दो, तीन, या चार स्टार्टअप्स आपकी इंडस्ट्री को बदल सकते हैं।

अमित शाह ने कहा, सिर्फ 10 साल में, 2014 से 2024 के बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में स्टार्ट-अप इंडिया की शुरूआत की। मैं आत्मविश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत एक भरोसेमंद स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बनाने के मामले में दुनिया का सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाला देश बन गया है। इस स्टार्ट-अप इंडिया अभियान के माध्यम से, पीएम मोदी ने भारतीय युवाओं को नौकरी मांगने वालों से नौकरी देने वालों में बदलने के सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत भारतीय ज्ञान प्रणाली के लिए एक अलग रिसर्च विंग बनाई गई है, जिससे हमारे युवाओं के लिए ज्ञान का खजाना खुल गया है। साथ ही, प्राचीन पांडुलिपियों को सुरक्षित रखने और उनमें मौजूद ज्ञान को सभी के लिए सुलभ बनाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने महात्मा मंदिर में स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए कहा, सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। यह त्योहार आदि शक्ति की आराधना का प्रतीक है।

# भारत जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति का गवाह बन रहा है: मोदी

## आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे




**शैलेन्द्र शर्मा, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे होने के अवसर पर बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में इस योजना का जिक्र करते हुए कहा, आज हम आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। यह एक ऐसी पहल थी, जिसने भविष्य की जरूरतों को समझते हुए लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता और किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया।

उन्होंने कहा, इसकी बदौलत, भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में एक क्रांति का गवाह बन रहा है। इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाने, करुणा और तकनीक मानव सशक्तीकरण को और आगे बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माई गव इंडिया अकाउंट पर भी इस योजना का जिक्र किया।

इस योजना का जिक्र करते हुए पोस्ट में कहा गया कि शासन में सच्चा नेतृत्व भविष्य की जरूरतों का पूर्वानुमान लगाने में निहित है। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सात वर्ष पूरे होने पर, भारत एक स्वास्थ्य सेवा क्रांति का जश्न मना रहा है, जिसने 55 करोड़ से ज्यादा नागरिकों के लिए वित्तीय सुरक्षा, सार्वभौमिक पहुंच और सम्मानजनक देखभाल सुनिश्चित करते हुए, स्वास्थ्य सेवाओं की नई परिभाषा गढ़ी है।

पोस्ट में आगे कहा गया है कि यह एक ऐसी स्कीम है, जो इस बात का खाका तैयार करती है कि कैसे दूरदर्शी नीतियां जन स्वास्थ्य की नियति को नए सिरे से लिख सकती हैं। बता दें कि आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो 50 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। इसमें प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का वार्षिक कवरेज शामिल है, जो अस्पताल में भर्ती होने पर लागू होता है। इसका लक्ष्य स्वास्थ्य देखभाल को सस्ता और सुलभ बनाना है।

## पीएम मोदी 25 सितंबर को 'वर्ल्ड फूड इंडिया' का उद्घाटन करेंगे, 21 से अधिक देश लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर, गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा 25 से 28 सितंबर तक किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भारत को खाद्य प्रसंस्करण और नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

**आयोजन में कौन-कौन शामिल होगा?**

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में 21 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, 21 भारतीय राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, 10 केंद्रीय मंत्रालय और 5 सरकारी संगठन भाग लेंगे। रूस के उप-प्रधानमंत्री दिमित्री पत्रिशेव भी इस आयोजन में शामिल होंगे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी (सड़क परिवहन), चिराग पासवान (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग) और राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद रहेंगे। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बताया कि यह आयोजन केवल एक व्यापार प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि भारत के खाद्य क्षेत्र को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का एक परिवर्तनकारी मंच है। उन्होंने कहा कि सरकार को पिछले संस्करणों की सफलता को देखते हुए इस वर्ष निवेश प्रतिबद्धताओं में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। पिछले संस्करणों की सफलता की बात करें तो, 2023 के आयोजन में 33,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, जबकि 2024 में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर विशेष ध्यान दिया गया था।

## मंत्रि-परिषद ने सार्वजनिक निजी भागीदारी से हैलीकॉप्टर सेवा संचालन की दी स्वीकृति

- सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी की 11 हजार 678 करोड़ 74 लाख रुपये की पुनरीक्षित लागत का अनुमोदन
- अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की 11 हजार 476 करोड़ 31 लाख रुपए पुनरीक्षित लागत का अनुमोदन
- 13 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में सीनियर रेसीडेंट के 354 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति



**उत्तम भारत संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत निजी ऑपरेटर के सहयोग से राज्य के भीतर हैलीकॉप्टर सेवा संचालन की स्वीकृति प्रदान गई है। संपूर्ण प्रदेश के हवाई अड्डों, हैलीपेड एवं हवाई पट्टियों के बीच निजी ऑपरेटर द्वारा चयनित स्थानों पर हैलीकॉप्टर सेवा प्रदाय की जायेगी।

हैलीकॉप्टर का संचालन तीन सेक्टरों में किया जाएगा। सेक्टर-1 में इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मांडू, महेश्वर, गांधीसागर, मंदसौर, नीमच, हनुवंतिया, खंडवा, खरगौन, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, झाबुआ, नलखेड़ा, भोपाल और जबलपुर शामिल होंगे। सेक्टर-2 में भोपाल, मढ़ई, पचमढ़ी, तामिया, छिंदवाड़ा, सांची, इंदौर, दतिया, दमोह, ग्वालियर, शिवपुरी, कूनो (श्योपुर), ओरछा, गुना, राजगढ़, सागर, होशंगाबाद, बैतूल, टीकमगढ़ और जबलपुर शामिल होंगे। सेक्टर-3 में जबलपुर, बांधवगढ़, कान्हा, चित्रकूट, सरसी, परसिली, मैहर, सतना, पन्ना, खजुराहो, कटनी, रीवा, सिंगरौली, अमरकंटक, सिवनी, सीधी, मंडला, पेंच, डिंडौरी, भोपाल और इंदौर के बीच हेलीकाप्टर सेवा का संचालन किया जायेगा। इस सेवा का उद्देश्य प्रमुख शहरों, धार्मिक स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानो और पर्यटक स्थलों के मध्य निजी ऑपरेटर के सहयोग से किफायती एवं स्थायी हैलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराना है। इस सेवा से यात्रियों, पर्यटकों, व्यवसाइयों, निवेशकों एवं प्रदेश के रहवासियों का प्रदेश में आवागमन सुगम हो सकेगा। इससे प्रदेश के प्रमुख व्यापारिक शहरों एवं पर्यटक स्थलों के बीच व्यवसाय एवं पर्यटन गतिविधियों में अभिवृद्धि होगी और रोजगार के नये अवसरों का सृजन भी होगा।

## जन-जन की आस्था को मिला सहारा : नवरात्र में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क बस सेवा



**उत्तम भारत संवाददाता, रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायपुर शहर के आकाशवाणी चौक स्थित माँ काली मंदिर से डोंगरगढ़ तक निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया। रायपुर से माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं को इस बस सेवा का निःशुल्क लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कालीमाता सेवा समिति की इस पहल की सराहना करते हुए समिति के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने माँ काली और माँ बम्लेश्वरी से छत्तीसगढ़ में खुशहाली, समृद्धि और शांति की कामना की। साथ ही सभी प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ भी प्रेषित कीं। माँ काली सेवा समिति द्वारा संचालित यह निःशुल्क बस सेवा पूरे नवरात्र पर्व के दौरान नौ दिनों तक लगातार चलेगी। इस सेवा के तहत प्रतिदिन चार बसें रायपुर से श्रद्धालुओं को डोंगरगढ़ तक ले जाएँगी और उन्हें दर्शन के उपरांत वापस रायपुर लाएँगी। मुख्यमंत्री ने आज चार बसों में लगभग दो सौ महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के प्रथम जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बसों को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कालीमाता सेवा समिति पिछले दस वर्षों से निस्वार्थ सेवा भाव से प्रत्येक नवरात्र में प्रतिदिन चार बसों से श्रद्धालुओं को माँ बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु ले जाती है। यह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों में दर्शन की लालसा हर सनातनी के मन में होती है। माँ के दर्शन की कल्पना मात्र से ही मन में दिव्य ऊर्जा का संचार होता है। लेकिन कई बार परिस्थितिवश हर कोई दूर स्थित देवी स्थलों तक नहीं पहुँच पाता।

## सीएम धामी के नेतृत्व में छह कैबिनेट निर्णय, उधम सिंह नगर में बनेंगे किफायती मकान



**उत्तम भारत संवाददाता, देहरादून।** उत्तराखंड महक क्रांति नीति 2026 – 2036 का प्राख्यापन, इस नीति के तहत प्रथम चरण में 91 हजार लाभार्थियों के माध्यम से 22750 हैक्टेयर भूमि को सगंध फसलों से आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति के तहत किसानों को एक हैक्टेयर तक खेती पर 80 प्रतिशत और उससे उपर लागत का 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा।

**विद्यालयी शिक्षा**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उत्तराखण्ड द्वारा वर्तमान में पी एम ई विद्या कार्यक्रम के अन्तर्गत पांच फ्री शैक्षिक टीवी चैनलों का प्रसारण किया जा रहा है। पी एम ई विद्या कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु सुव्यवस्थित स्टूडियो स्थापित करने हेतु न्यूनतम कार्य आवश्यकता के दृष्टिगत संयुक्त निदेशक (पदेन) 01 पद, उप निदेशक (पदेन) 01 पद, सहायक निदेशक (पदेन) 01 पद, प्रवक्ता/चैनल समन्वयक (पदेन) 01 पद, स्टूडियो इंजीनियर आउटसोर्स 01 पद, स्टूडियो तकनीकी सहायक (आउटसोर्स) 01 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर (आउटसोर्स) 01 पद एवं MTS (Multy Task Staff) / चतुर्थ श्रेणी (आउटसोर्स) 01 पद, कुल 08 पद सृजित किए जाएंगे। उक्त कार्मिकों को मानदेय इत्यादि पर कुल वार्षिक लगभग रू0 10,56,000/- (रुपए दस लाख छप्पन हजार मात्र) व्ययभार प्रस्तावित है।

**आवास विभाग**

प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ग्राम बागवाला तहसील रुद्रपुर, जिला उधमसिंहनगर में जिलास्तरीय विकास प्राधिकरण द्वारा निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए 1872 किफायती आवासों का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना के आवासों की विशिष्टियों में परिवर्तन के कारण आंकलित अतिरिक्त व्ययभार रू0 2785.07 लाख (रू० सत्ताईस करोड़ पिचासी लाख सात हजार मात्र) को राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

**बेसिक शिक्षा**

मा० सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में पारित निर्णयादेशों के क्रम में उत्तराखंड राजकीय प्रारम्भिक शिक्षा (अध्यापक) (संशोधन) सेवा नियमावली में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा के लिये प्रारम्भिक शिक्षा संवर्ग के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (विशेष शिक्षा) हेतु प्राविधान तथा सहायक अध्यापक प्राथमिक के पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता में सितम्बर 2017 से 31 मार्च, 2019 के मध्य एन.आई.ओ.एस. द्वारा दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कराये गये सेवारत डी०एल०एड० प्रशिक्षण को सम्मिलित किया गया।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में राज्य के एग्री कल्चर के करें दर्शन

- गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आईटीएस का शुभारंभ करेंगे।




**उत्तम भारत संवाददाता, लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 25 से 29 सितंबर तक इंटरनेशनल ट्रेड शो (आईटीएस) का तृतीय संस्करण होगा। इसकी तैयारी पूरी की जा चुकी है। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आईटीएस का शुभारंभ करेंगे। इसमें एक तरफ देश-विदेश से आए प्रतिनिधि जहां यूपी की समृद्ध विरासत का दीदार करेंगे तो वहीं यूपी के एग्री कल्चर के भी दर्शन करेंगे।

उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा, उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तृतीय संस्करण (25 से 29 सितंबर) के आयोजन में कृषि विभाग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। यहां आने वाले अतिथि व आगंतुक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की उन्नत कृषि संस्कृति और कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की प्रगति से रूबरू होंगे। आयोजन में कृषि विश्वविद्यालय, एफपीओ, बीज कंपनी, उर्वरक कंपनी, कृषि यंत्रीकरण कंपनी आदि की भी सहभागिता रहेगी। ट्रेड शो के दौरान पांच कृषि विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम, अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान वाराणसी भी हिस्सा लेंगे। एफपीओ के कृषि संबंधी उत्पादों, उपकरणों, बीज, उर्वरक व कृषि रक्षा रसायन निमार्ताओं को मंच मिलेगा तो आगंतुकों को उत्तर प्रदेश की उन्नत कृषि संस्कृति और तकनीक से भी रूबरू कराया जाएगा। यहां प्रदेश के प्रगतिशील किसानों व कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म मिलेगा। इसमें पूरे उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व एक ही स्थान पर होगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में कृषि विभाग को एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल आवंटित किया गया है। इसमें कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि संबंधी संस्थाएं, मंडी परिषद-कृषि विपणन निदेशालय, कृषि उपकरण, उर्वरक, बीज व पौध संरक्षण रसायन निमार्ता कंपनियां भी हिस्सा लेंगी। ट्रेड शो में प्रदेश के पांच कृषि विश्वविद्यालयों की भी सहभागिता रहेगी। इसमें चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मोदीपुरम मेरठ, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा, सैम हिंगिंग बॉटम कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (शियाट्स) नैनी प्रयागराज की भी सहभागिता रहेगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम, अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान वाराणसी भी हिस्सा लेगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो के आयोजन में कृषि विभाग की भी बड़ी हिस्सेदारी है। कृषि विभाग के संवाद व समन्वय से इसमें लगभग 15 से अधिक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) हिस्सा लेंगे। इसमें बुलंदशहर के तीन एफपीओ समेत प्रयागराज, एटा, झांसी, मेरठ, महोबा, सहारनपुर, बाराबंकी, गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, सिद्धार्थनगर समेत विभिन्न जनपदों की सहभागिता रहेगी। कृषि विभाग की तरफ से लगने वाली प्रदर्शनी में सीड्स, फर्टिलाइजर, कृषि यंत्रों से जुड़ी कंपनियां भी प्रतिभाग करेंगी। इसमें 17 कृषि यंत्रीकरण कंपनी, 9 बीज कंपनियां, 8 उर्वरक कंपनी, 8 कृषि रक्षा कंपनी भी प्रतिभाग करेंगी। सीएम योगी के नेतृत्व में इंटरनेशनल ट्रेड शो में कृषि विभाग महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखेगा।

## वृंदावन में सुदामा कुटी के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगी राष्ट्रपति मुर्मु



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को वृंदावन धाम में संतों की सेवा के लिए समर्पित सुदामा कुटी के शताब्दी समारोहों का शुभारंभ करेंगी। यह जानकारी आयोजकों ने मंगलवार को यहां एक विज्ञप्ति में दी। विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु वृंदावन में अपने प्रवास के दौरान बांके बिहारी मंदिर और निधि वन भी जाएंगी। विज्ञप्ति में कहा गया है, श्रीधाम वृंदावन में सुदामा कुटी के सौ साल पूरे होने पर होने वाले कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों होगी। इसके लिए आश्रम में भव्य स्वागत की तैयारी चल रही है।

सुदामा कुटी की स्थापना श्री सुदामादास जी महाराज ने 1926 में की थी और तब से निरंतर यह आश्रम संतो की सेवा में लगा हुआ है। आयोजकों का कहना है कि राष्ट्रपति के वृंदावन आगमन को खास बनाने की तैयारी जोरों पर है और उनका ब्रज में पारंपरिक तरीके से स्वागत किया जाएगा।

विज्ञप्ति में सुदामा कुटी के मुख्य महंत सुतीक्ष्ण दास महाराज के हवाले से कहा गया है कि ड्राष्ट्रपति मुर्मु भजन कुटी का लोकापर्ण करेंगी और सुदामा कुटी में थोडा समय संतो के साथ रहेंगी। सुदामा कुटी आश्रम बंशीवट और गोपेश्वर महादेव मंदिर के बीच स्थित है जहां हजारों संतो की सेवा की जाती है। अपनी निःशुल्क सेवाओं के लिए जाना जाना वाला सुदामा कुटी आश्रम संतों के बीच अपनी अलग पहचान रखता है। बिहार के गोपालगंज जिला स्थित छिपाया गांव में 1899 ई में जन्मे संत सुदामा दासजी बचपन में वैराग्य भाव के वश में आकर जनकपुर तथा अयोध्याजी पहुंचे। वहां वास करने के बाद उन्होंने 1926 में वृंदावन आ कर सुदामाकुटी की स्थापना की और संत सेवा में लग गये।

# नाबार्ड के सहयोग से राज्य योजना के तहत बनी सड़कों ने बदली गांवों की तस्वीर

- 2025 सड़कों व 1236 पुलों के निर्माण का 75 फीसद से अधिक लक्ष्य पूरा
- ग्रामीण सड़कों और पुलों ने दी बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई रफ़्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, पटना।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मदद से बिहार में निर्मित ग्रामीण सड़कों और पुलों का संजाल बुनने का 75 प्रतिशत से भी अधिक काम पूरा हो चुका है। शेष दस प्रतिशत से कम सड़कों व पुलों के निर्माण का काम अब अपने अपने अंतिम चरण में है। राज्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़कों के निर्माण से गांवों की तस्वीर तो बदली ही है, साथ ही राज्य के सुदूर गांवों से शहरों की दूरी भी कम हो गई है। राज्य के विकास के साथ सूबे की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को यह सड़कें और पुल-पुलिया नई रफ़्तार दे रही हैं। इस योजना पर सरकार कुल 5989.85 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर रही है।

नाबार्ड के सहयोग से राज्य योजना के तहत विभिन्न जिलों में स्वीकृत सड़कों के निर्माण को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग ने मंगलवार को जिलावार प्रगति रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में राज्य की कुल 2025 ग्रामीण सड़कों के निर्माण की विभाग ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की थी। जिसमें 1863 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इन 2025 सड़कों की कुल लम्बाई 5254.49 किलोमीटर है, जिसमें 4825.094 सड़कों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसी तरह, राज्य में ग्रामीण सड़कों के साथ-साथ कुल 1236 पुलों के निर्माण भी नाबार्ड के सहयोग से निर्धारित किया गया था। जिसमें अबतक कुल 917 पुलों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। शेष 319 पुलों का निर्माण कार्य भी अब अपने अंतिम चरण में है और इसे अगले कुछ महीनों में पूरा कर लिया जाएगा।

***नालंदा समेत इन जिलों में हुआ सर्वाधिक सड़कों का निर्माण***

ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ग्रामीण सड़कों के निर्माण में नालंदा जिला सबसे आगे है। जहां कुल 214 सड़कों की स्वीकृति दी गई थी। जिसमें 199 सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है। नालंदा में कुल 370 किलोमीटर से भी अधिक सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। जबकि लक्ष्य 396.149 किलोमीटर सड़क के निर्माण का है। साथ ही, नालंदा में 67 पुलों का भी निर्माण किया जाना था, जिसमें 59 पुल बनकर तैयार हो चुके हैं और उन पुलों पर अब भारी वहां फराटां भर रहे हैं। वहीं, गयाजी में कुल 129 सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति के विरुद्ध 120 सड़कों का निर्माण हो चुका है। गयाजी में कुल 395.245 किलोमीटर लंबाई की सड़कें बनाने का लक्ष्य है। जिसके विरुद्ध अबतक 365.782 किलोमीटर सड़क बनकर तैयार हो चुकी है। जबकि गयाजी में निर्माणाधीन 57 पुलों में 46 पुलों का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है।

***पटना में 167 ग्रामीण सड़कों में 157 का निर्माण पूर्ण***

वहीं, राजधानी पटना जिला में कुल 167 ग्रामीण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। जिनमें से 157 सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। पटना में कुल 363.767 किमी ग्रामीण सड़कों के निर्माण का लक्ष्य तय किया गया था। जबकि इस लक्ष्य के विरुद्ध कुल 329.708 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा चुका है। पटना के ग्रामीण इलाकों में निर्माणाधीन कुल 54 पुलों में 46 पुल बनकर तैयार हो चुके हैं। इसी क्रम में औरंगाबाद में कुल 244.856 किलोमीटर, दरभंगा में 235.74 किमी, पूर्वी चंपारण में 231.872 किमी, मुंगेर में 202.814 किमी, रोहतास में 176.462 किमी, जहानाबाद में 169. 606 किमी, सीतामढ़ी में 151.376 किमी, मुजफ्फरपुर में 140.702 किमी सड़कों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं, जमुई, मधुबनी, समस्तीपुर, गोपालगंज, किशनगंज और नवादा में भी ग्रामीण सड़कों के निर्माण का काम भी लगभग पूर्ण कर लिया गया है।

# नवनियुक्त प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारियों के लिए 02 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**उत्तम भारत संवाददाता, पटना।** नवनियुक्त प्रखंड उद्यान अधिकारियों को राज्य की उद्यानिकी नीतियों एवं योजनाओं से अवगत कराने हेतु 23-24 सितंबर 2025 को कृषि भवन, पटना में दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय उपमुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री, बिहार श्री विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार ने की।

नवनियुक्त प्रखंड उद्यान अधिकारियों के लिए एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम कृषि भवन, मीठापुर, पटना में शुरू हुआ। यह कार्यक्रम उद्यान निदेशालय, बिहार द्वारा तकनीकी ज्ञान बढ़ाने, अधिकारियों को सरकारी योजनाओं से परिचित कराने और क्षेत्रीय स्तर पर कार्यान्वयन क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

माननीय उपमुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारी बिहार की कृषि एवं उद्यानिकी को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। यह उन्मुखीकरण कार्यक्रम केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि



बिहार की उपजाऊ भूमि और विविध जलवायु का लाभ तभी मिलेगा जब आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण बीज, सिंचाई व्यवस्था और मूल्य संवर्धन की प्रक्रिया गाँव-गाँव तक पहुँचे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अधिकारी पारदर्शिता और नवाचार के साथ कार्य कर किसानों की आय दोगुनी करने में योगदान देंगे।

कृषि विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार ने कहा कि यह उन्मुखीकरण कार्यक्रम बिहार की कृषि एवं उद्यानिकी के भविष्य की मजबूत नींव है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत उद्यानिकी को लाभकारी व्यवसाय बनाया जाए। उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता रखें, किसानों से सतत संवाद बनाएँ और उन्हें आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी कार्यकुशलता और ईमानदारी से उद्यानिकी क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी तथा किसानों की आय में वृद्धि होगी।

उद्घाटन दिवस पर, आम, लीची, केला और अमरूद की उन्नत खेती के साथ-साथ पपीता, हल्दी, अदरक, प्याज और लहसुन जैसी फसलों की उन्नत तकनीकों पर केंद्रित सत्र आयोजित किए गए।

# बिस्कोमान की 36वीं वार्षिक आम सभा दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान में सम्पन्न हुई

**उत्तम भारत संवाददाता, पटना।** बिस्कोमान की 36वीं वार्षिक आम सभा दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, शास्त्री नगर, पटना-800023 में सम्पन्न हुई। इस समारोह का उद्घाटन सह- मुख्य अतिथि माननीय सहकारिता मंत्री. बिहार डॉ. प्रेम कुमार ने किया। बिस्कोमान के वार्षिक आम सभा का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित करते हुए माननीय सहकारिता मंत्री एवं बिस्कोमान के अध्यक्ष श्री विशाल सिंह, बिहार एवं झारखण्ड के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं राज्य के 22 केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्षों के मौजूदगी में किया गया।

इस अवसर पर बिस्कोमान के अध्यक्ष श्री विशाल द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए बिस्कोमान के उत्तरोत्तर विकास के बारे में विस्तार से बताया गया। बिस्कोमान की भविष्य में आने वाले योजनाए परियोजनाएं के बारे भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री सिंह द्वारा सभागार में बैठे हुए सभी अतिथियों एवं निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच पटल पर बिस्कोमान का आर्थिक तुलन पेश किया गया।

श्री सिंह ने चर्चा के दौरान यह भी बताया कि बिस्कोमान पिछले वित्तीय वर्ष में इफको के सहयोग से राज्य के तकरीबन सभी जिलों में अपने 126 कृषक सेवा केन्द्रों से कुल 1,30,35,70,151.93 करोड़ रुपये की गुणवत्तापूर्ण उर्वरक की बिक्री किसानों के बीच में की गई है। श्री विशाल ने अपने सम्बोधन में खुले मंच से ऐलान किया कि बिस्कोमान प्रबंधन पुरे राज्य में 265/- रुपये में ही यूरिया की बिक्री करती है। विस्कोमान प्रबंधन अन्य उर्वरक कम्पनियों से भी वार्ता कर उर्वरक का आवंटन बढ़ावा कर विभन्न केन्द्रों पर उर्वरक की उपलब्धता बढ़ाना चाहती है।

श्री सिंह ने सभी माननीय प्रतिनिधियों एवं अतिथियों को अवगत कराया कि बिस्कोमान प्रबंधन गोदाम को मम्मरमती कार्य एवं नये गोदामों के



निर्माण हेतु भारत सरकार एवं बिहार सरकार दोनों से शिष्टाचार भेंट कर एवं पत्राचार के माध्यम से भी वित्तीय मदद मांगी है। सरकार द्वारा पूरा अश्वासन दिया गया है कि बिस्कोमान के उत्थान हेतु हर सम्भव मदद किया जाएगा।

श्री सिंह ने सभी प्रतिनिधियों को बताया कि बिस्कोमान जल्द ही झारखण्ड राज्य में भी एक राज्य स्तरीय कार्यालय की स्थापना कर, झारखण्ड में भी व्यवसाय प्रारंभ करने की योजना है। विहार एवं झारखण्ड राज्य में बिस्कोमान की विभिन्न खाली पड़े भू-खण्डों पर बहुमंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण कर आय का स्त्रोत बढ़ाना चाहती है, जिसके लिए स्थल का निरीक्षण कर लिया गया है।

श्री विशाल द्वारा यह बताया गया कि विस्कोमान का उर्वरक व्यवसाय पूर्ण रूपेण कम्प्यूटरीकृत है. जिससे आज बिस्कोमान में प्रतिदिन का लेखा-जोखा विस्कोमान के मुख्यालय स्तर पर अद्यतन रहता है। श्री विशाल द्वारा सभी प्रतिनिधियों एवं अतिथियों को बताया गया कि विस्कोमान के सभी कार्मिक एवं प्रबंधन इसी तरह कार्य करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब बिस्कोमान लाभावित संस्था के रूप में राज्य में स्थापित हो जाएगा।

श्री सिंह द्वारा अपने उद्घाटनकर्ता सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार से अनुरोध किया कि यदि सरकार द्वारा धान, गेहूँ, मसूर चना, दलहन-तेलहन अधिप्राप्ति कार्य हेतु बिस्कोमान को स्टेट ऐजेंसी घोषित किया जाता है तो राज्य के किसानों को दाल उत्पादन में नेफेड द्वारा जबर्दस्त लाभ पहुँचाया जा सकता है। वार्षिक आम सभा के उद्घाटनकर्ता विहार के माननीय सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बिस्कोमान द्वारा किसानों तक उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के मामले में जो अभूतपूर्व मिशाल कायम किया गया है, को खुले हृदय से प्रशंसा की गई और बिहार सरकार की ओर से हर सम्भव मदद दिलाने में अपने प्रयत्न का शत प्रतिशत अश्वासन दिया।

इस अवसर पर मंच पर सुबे के 22 जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष, भूमि विकास बैंक के माननीय अध्यक्ष, श्री विजय सिंह, बिहार स्टेट के को-ऑपरेटिव बैंक के माननीय अध्यक्ष, श्री रमेश चन्द्र चौबे, बिहार को-ऑपलेटिव फेडरेशन के माननीय अध्यक्ष, श्री विनय कुमार शाही, बिस्कोमान के उपाध्यक्ष, श्री महेश राय, विस्कोमान के निदेशक मंडल के सदस्यगण डॉ. जितेन्द्र कुमार (स.वि.स.). डॉ. सुनील कुमार सिंह (स.वि.प.), श्री विनय कुमार (स.वि.स.). श्री दिनेश सिंह, श्री राम कलेवर प्रसाद सिंह, श्री हीरा प्रसाद सिंह, श्री पार्थ कुमार यादव, श्री मनेश्वर पाहन, श्रीमती मधुप्रिया, श्रीमती साहीन कलाम, श्रीमती बन्दना सिंह, श्रीमती शोभा सिंह, श्री मनोज कुमार सिंह (पूर्व स.वि.प.), श्री दीपक कुमार, श्री राकेश कुमार, श्री अभिजीत कुमार, आरा केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह, श्रीमती अमिता भूषण, (पूर्व स.वि.स.), श्री अमरनाथ पाण्डेय, श्री गिरेन्द्र माथ तिवारी उपस्थित थे। अंत में श्री विशाल सिंह ने आगत अतिथियों एवं सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया।

# बिहार पुलिस में दारोगा के 1799 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन 26 से

- इच्छुक अभ्यर्थियों से बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की वेबसाईट पर 26 अक्टूबर तक ऑनलाइन मांगा गया है आवेदन
- पुरुष व महिला अभ्यर्थियों के साथ थर्ड जेंडर के अभ्यर्थी भी कर सकते हैं आवेदन

**उत्तम भारत संवाददाता, पटना।** बिहार पुलिस में दारोगा बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। बिहार पुलिस में पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) के कुल 1799 पदों पर नियुक्ति का विज्ञापन जारी कर दिया गया है। प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर नियुक्त होने वाले दारोगा को लेवल-6 का वेतनमान दिया जाएगा। उक्त पदों पर चयन के लिए बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगा है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया 26 सितंबर से शुरू हो रही है और आवेदन की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

गृह विभाग (आरक्षी शाखा) से मिली जानकारी के अनुसार एक अभ्यर्थी द्वारा एक ही ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाएगा। इसके लिए पुरुष व महिला के साथ थर्ड जेंडर भी आवेदन कर सकते हैं। जबकि अभ्यर्थियों के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों की उम्रसीमा के गणना दिनांक 01 अगस्त, 2025 के आधार पर की जाएगी। परन्तु वैसे अभ्यर्थी जो दिनांक 01 अगस्त, 2025 को सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम उमेसीमा धारित करते हों, वे भी उमे सीमा के आधार पर आवेदन कर सकते हैं।

जबकि अभ्यर्थियों की उम्र उनके मैट्रिक अथवा समकक्ष प्रमाणपत्रों के आधार पर की जाएगी। अनारक्षित (सामान्य) कोटि के पुरुषों के लिए न्यूनतम उम्र 20 वर्ष और अधिकतम उम्र 37 वर्ष तथा महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 20 वर्ष और अधिकतम उम्र 40 वर्ष निर्धारित है। पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पुरुषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 20 वर्ष और अधिकतम उम्र 40 वर्ष निर्धारित है। जबकि अनुसूचित जाति के पुरुषों एव महिलाओं के न्यूनतम उम्र 20 वर्ष और अधिकतम उम्र 42 वर्ष निर्धारित है।

# पटना एयरपोर्ट पर खुला बिहार एम्पोरियम प्रस्थान टर्मिनल पर हुआ उद्घाटन

- मधुबनी पेंटिंग, सिक्की शिल्प, मंजूषा कला, सिरेमिक शिल्प, टिकुली पेंटिंग एवं अन्य चीजें बिक्री के लिए होंगी उपलब्ध



**उत्तम भारत संवाददाता, पटना।** बिहार की कला और संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार को पटना के जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिहार एम्पोरियम का उद्घाटन किया गया।

इसका शुभारंभ उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया। बिहार एम्पोरियम में राज्य के पारंपरिक हस्तशिल्प जैसे मधुबनी पेंटिंग, सिक्की शिल्प, मंजूषा कला, सिरेमिक शिल्प, टिकुली पेंटिंग, पत्थर व लकड़ी की नक्काशी और अन्य चीजें प्रदर्शन और बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे।

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि इस पहल से बिहार के शिल्पियों को देश-विदेश के बाजारों तक पहुंच मिलेगी, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी और हस्तशिल्प उत्पादन को नई गति मिलेगी। यह प्रयास बिहार सरकार की उस योजना का हिस्सा है, जिसके तहत परंपरा और आधुनिक बाजार को जोड़कर शिल्पियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है।

इस अवसर पर विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह और सचिव बी. कार्तिकेय धनजी भी उपस्थित रहे।

# जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर से मुलाकात की

**उत्तम भारत संवाददाता, बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेतनारायण ग्रुप के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर से मुलाकात की मुलाकात के दौरान जनपद के शिक्षकों की अनेकों समस्याओं पर जिला विद्यालय निरीक्षक से संगठन के पदाधिकारीयो द्वारा चर्चा परीचर्चा करी गई वार्ता के क्रम में प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल ने कहा कि जनपद के अनेक ऐसे विद्यालय हैं जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा आदेशित अवकाश तालिका को मान्य नहीं किया जाता उक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य कहते हैं कि हमारे माध्यमिक की लिस्ट में यह अवकाश घोषित नहीं है इस कारण हम यह अवकाश नहीं करेंगे



इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने कहा कि हमने शिक्षा निदेशक की अवकाश नियमावली तथा जिलाधिकारी महोदय बिजनौर द्वारा स्थानीय अवकाश की घोषित अवकाश तालिका विद्यालय को प्रेषित की गई है उसके अनुसार समस्त विद्यालय अनुपालन सुनिश्चित करेंगे तथा जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह ने कहा कि कुछ विद्यालयों में पत्राचार की सही व्यवस्था नहीं है वहां पर शिक्षकों से किसी कागज को लेते समय कोई रिसीविंग नहीं दी जाती ना ही डाक के द्वारा स्वीकार किया जाता है तथा बताया कि शासन के द्वारा 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित पदों पर नियुक्त शिक्षक शिक्षिका एवं कर्मचारियों के लिए एनपीएस के स्थान पर ओ पी एस का चयन किया गया है परंतु विद्यालय स्तर से इस पर कोई अभी तक सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो रही है जिसके कारण किसी भी शिक्षक साथी की जी पी एफ लेजर में कोई एंट्री नहीं हुई है संगठन ने उक्त विषय को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक से काफी चर्चा परिचर्चा के दौरान संगठन के पदाधिकारी ने बताया कि जीजीआईसी मूल्यांकन केंद्र के शिक्षकों को भी अभी तक मूल्यांकन का पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ है जिसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया।

# नगर में राम जी की बारात निकली बड़े धूमधाम से

**उत्तम भारत संवाददाता, चांदपुर।** हर साल की भांति साल भी शारदीय नवरात्रों में बिजनौर बाईपास रोड स्थित संतोषी माता के मंदिर से राम जी की बारात का शुभारंभ किया जाता है । इस कार्यक्रम में मंदिर समिति की ओर से रामसेवक मंडल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष और पदाधिकारी को सम्मानित किया जाता है । इसी के साथ दोनों कमेटियों के द्वारा उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया वह पुलिस क्षेत्र अधिकारी देश दीपक सिंह को सम्मानित किया जाता है । दोनों अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल तोड़कर इस राम बारात का शुभारंभ होता है । राम बारात संतोषी माता मंदिर से प्रारंभ होकर सरगम टॉकीज बाजार बजरिया शंकर मूर्ति ढाली बाजार नेहरू चौक होती हुई रामलीला मैदान में जाकर संपन्न



होती है । राम जी की बारात में दो ऊंट ताश नहटौर झांकी गणेश जी की आरजू बैंड लक्ष्मी माता नगाड़ा ग्रुप बच्चन व आर्य सुमंत गुरु वशिष्ठ की झांकी दर्शन बैंड भरत शत्रुघ्न की झांकी राजस्थानी ग्रुप द्वारा प्रदर्शन दुर्गा माता की झांकी टर्स चंदौसी शिव बारात की झांकी महाराष्ट्रीयन बैंड भगवान कृष्ण का विराट रूप की झांकी बैगपाइपर बैंड देशभक्ति पर झांकी चंदौसी ताशा जनता बैंड और भगवान राम के पिता दशरथ जी की झांकी नरसिंह अवतार की झांकी पंजाब बैंड और भगवान राम लक्ष्मण की झांकी आदि झांकी में बैंड होने पूरे नगर को राम भक्त रूप में रंग दिया । राम जी बारात के कार्यक्रम में रामसेवक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकास गुप्ता रॉकी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल अमित गोयल राकेश गुप्ता शैलेंद्र सिंह बृजेश कौशिक राजकुमार बंसल विमल अग्रवाल अश्वनी जिंदल जगत शर्मा रामदीन अग्रवाल सरदार अचन सिंह राजीव अग्रवाल विपुल तायल सुधीर अग्रवाल आशु गोयल सचिन बंसल मनोज शर्मा सत्येंद्र चंद्रा सर्वेश अग्रवाल आदि दोनों कमेटी के पदाधिकारी व नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे '

# महिला और अज्ञात व्यक्ति ने ज्वेलर्स की दुकान से उड़ाई सोने की बाली, मुकदमा हुआ दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता जलीलपुर।** कमालपुर बाजार में नितिन कुमार की न्यू सचिन ज्वेलर्स दुकान पर शनिवार सुबह करीब 10-30 बजे एक महिला और एक व्यक्ति आए। उन्होंने सोने की बालियां दिखाने को कहा। नितिन जब बालियों का वजन कर रहे थे, तभी महिला ने एक बाली मुंह में छिपा ली। बाद में सीसीटीवी फुटेज में चोरी का खुलासा हुआ। चोरी गई बाली की कीमत लगभग 10,000 रुपये बताई गई है। नितिन ने महिला को ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मिली। इस घटना से बाजार के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। नितिन की तहरीर के आधार पर थाना चांदपुर में चोरी की धाराओं में 2 अज्ञात एक महिला व एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है थाना चांदपुर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर कर दी है थाना प्रभारी द्वारा जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया गया है ।

## समाचार

# मुद्दाविहीन विपक्ष हताश, नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास कर रहा बिहार: हिमराज राम

**उत्तम भारत संवाददाता, पटना।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता श्री हिमराज राम ने बयान जारी करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार की जनता पूरी तरह स्पष्ट मन बना चुकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य ने जिस तेजी से विकास और सुशासन की मिसाल पेश की है, वह विपक्ष के लिए कठिन प्रश्न बन गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद जनता को गुमराह करने के लिए खोखले वादों का सहारा ले रहे हैं। न उनके पास कोई ठोस योजना है, न ही बिहार को आगे ले जाने की दृष्टि। यही कारण है कि विपक्ष केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तक सीमित है। वहीं दूसरी ओर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिन-रात राज्य की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने महिला रोजगार योजना की शुरूआत की है जिसके तहत राज्य की करीब 2 करोड़ 70 लाख परिवार की एक-एक महिला को 2 लाख 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने का फैसला लिया गया है। इस योजना की प्रथम किस्त के तौर पर इसी महीने 10 हजार रुपए की राशि ट्रांसफर भी की जाएगी। वहीं करीब 1 करोड़ 67 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिना शुल्क के बिजली मुहैया कराना सरकार की संवेदनशीलता को दिखाता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार मे हाल के दिनों में लिए गए कई फैसलों से समाज में गरीबों,वंचितों को काफी फायदा मिल रहा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत राज्य सरकार का बुजुर्गों,दिव्यांगजनों एवं विधवाओं को 400 रुपए की जगह 1100 रुपए देने का फैसला जरुरतमंदों के लिए ऐतिहासिक फैसला है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, छात्रवृत्ति और किसान कल्याण जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। जननायक कपूरी ठाकुर के नाम पर चलाई जा रही योजनाएं सामाजिक न्याय और अवसर की समानता का स्पष्ट प्रमाण हैं। बिहार की असली पहचान आज विकास, सुशासन और सामाजिक समरसता है। गांव से लेकर शहर तक हर नागरिक यह महसूस कर रहा है कि उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। यही वजह है कि जनता का विश्वास आज भी पूरी तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जदयू सरकार जनता के हितों और विकास के लिए नई-नई घोषणाएं करती रहेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का लक्ष्य सिर्फ सत्ता नहीं, बल्कि बिहार को संपन्न, शिक्षित और आत्मनिर्भर राज्य बनाना है।

# स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार के अंतर्गत शिविर का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, चांदपुर।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 22 सितंबर 2025 को नवरात्रों के प्रारंभ में स्वास्थ्य नारी स्वास्थ्य परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक कमलेश सैनी व समस्त भाजपा मंडल अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के समस्त परिवारों को लिए चलाई जा रही जन कल्याण योजनाओं को अवगत कराया गया और उनसे आम जनमानस को



मिलने वाले लाभों को भी बताए गया । इस कार्यक्रम में सम्मानित चिकित्सा आंगनवाड़ी बहनों व आशा बहनों को व सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे । इस अवसर पर भाजपा की पूर्व विधायक कमलेश सैनी भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल भाजपा ब्लॉक जलीलपुर मंडल अध्यक्ष मीनू राजपूत फीना मंडल अध्यक्ष नवनीत राणा बास्टा मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा रजनीश चौहान अमित गुप्ता हर्ष जावा आदि समस्त कार्यकर्ता व समस्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम बनकर सपना साकार करूंगी -खुशबु

**उत्तम भारत संवाददाता, चांदपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ईस्माइलपुर की कक्षा 8 की छात्रा खुशबु सुपुत्री श्री राजेश सिंह निवासी ग्राम दरबड जो कि संस्थान की बहुत ही प्रतिभाशाली बहुमुखी प्रतिभा की धनी छात्रा के हैं जो कि अपनी शिक्षिकाओं और सहपाठियों के साथ बहुत ही आत्मीय तथा गंभीर प्रकृति की कुशल छात्रा होने के साथ-साथ विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं जैसे खो खो को लंबी कूद, ऊंचीकूद



और रेस आदि में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली साथ ही खान एकेडमी की कक्षाओं में सर्वाधिक समय देकर उच्च स्तर की दक्षताओं को प्राप्त है ने अपनी प्रतिभा में नित्य प्रति अधिक निखार लाने वाली छात्रा जिसका विद्यालय में 95% से भी अधिक उपस्थिति का भी कीर्तिमान इनके ही नाम है के दृष्टिगत आज दिनांक 23 सितंबर 2025 को खंड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर के रूप में कार्यभार एवं दायित्व निर्वाहन हेतु अवसर प्रदान किया गया इस अवसर पर गजेन्द्र सिंह, रिमीश कुमार, राहुल कुमार,शफीक अहमद,सलमान,राजीव यादव तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक श्री पवन कुमार आदि भी उपस्थित थे सभी ने कार्यभार ग्रहण करने पर खुशबू को हार्दिक बधाइयां और शुभकामनाएं दी खंड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने सम्मुख रखी गई कुछ परिस्थितियों में निर्णय लिए और प्रस्तुत की गई परिस्थितियां में भी अपने निर्णय से उन्हें निस्तारित किया आशा की जाती है कि यह छात्रा भविष्य में अपने सपनों को साकार करते हुए उच्च दायित्वों के निर्वहन हेतु स्वयं में उन संभावना, योग्यताओं और प्रतिभाओं को भी अवश्य ही विकसित करके भविष्य में किसी बड़े पद के सफलता और कुशलता पूर्वक दायित्व निर्वहन में सफल होंगी।

P-03:28 paga09_jhn.qxd 9/23/2025 10:02 PM Page 1



# अब दिल्ली होगी और स्वच्छः सीएम रेखा ने लगाई झाड़ू, की ये अपील; कैबिनेट मंत्री भी उतरे सड़कों पर करने सफाई

दीया शर्मा

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सेवा पखवाड़ा के तहत शालीमार बाग के रिंग रोड पर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और दीवारों पर पोस्टर न चिपकाएं।

**दिल्लीवालों से सीएम की अपील**

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता अभियान एक सतत प्रक्रिया है। यह हमारा शहर और हमारा देश है। मैं देख रही हूं कि तंबाकू के पैकेट, पानी की बोतलें, भंडारे के बाद बची प्लेटें और हर जगह चिपके पोस्टर हमारे शहर को गंदा कर रहे हैं। हम रिंग रोड पर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। मैं सभी दिल्लीवासियों से अनुरोध करती हूं कि दीवारों पर न लिखें और न ही पोस्टर चिपकाएं। मैं सभी



राजनेताओं से भी कहना चाहती हूं कि कम से कम मेरी तस्वीर वाले पोस्टर न लगाएं। शहर को खराब करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

दिल्ली के मंत्री अशीष सूद ने राजा गार्डन के पास स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह हमारी प्रतिबद्धता है। आज हमारे सैकड़ों सहयोगी स्वेच्छा से स्वच्छता अभियान में जुटे हैं। मंत्री पंकज सिंह ने धौला कुआं के रिंग रोड पर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और कहा कि सेवा पखवाड़ा शुरू हुआ है। पार्टी ने फैसला किया है कि हम दिल्ली के बाहरी इलाकों को साफ करेंगे। पीएम मोदी ने हमें सेवा का भाव सिखाया है। स्वच्छ जीवन, पवित्र जीवन और दिल्ली को साफ रखने के लिए हमारे सभी पार्षद और कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं। वहीं एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सफदरजंग अस्पताल के पास स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए कहा कि 17 सितंबर को पीएम मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान में हमने दिल्ली के लिए संकल्प लिया है। आज हम सफदरजंग अस्पताल के सामने हैं। हम पीएम मोदी के स्वच्छता के संकल्प को पूरा करेंगे। आज दिल्ली विकास के लिए जानी जा रही है। मां यमुना और दिल्ली को साफ किया जा रहा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत आज हम दिल्ली के सभी नागरिकों और हमारे सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर 33 स्थानों पर छोटा सा प्रयास कर रहे हैं ताकि दिल्ली को सुंदर बनाया जा सके। स्वच्छता को हम सभी के जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। यह हमारी दिल्ली है, तो आइए इसे मिलकर स्वच्छ रखें। दिल्ली के मंत्री रविंदर इंद्रजीत सिंह ने कहा कि दिल्ली के लोगों से अपील की गई है कि वे दिल्ली की दीवारों को स्वच्छ और व्यवस्थित रखें ताकि हमारा शहर साफ दिखे। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी अपने पोस्टर न लगाए। अगर कोई ऐसा करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।

## सरिता विहार फ्लाईओवर पर माया गैंग का सरगना सागर मुठभेड़ के बाद दबोचा गया

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** ाजधानी दिल्ली के दक्षिण-पूर्वी इलाके सरिता विहार में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और कुख्यात माया गैंग के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान गैंग का सक्रिय सरगना और लूटपाट का आरोपी सागर पुलिस की गोली से घायल हुआ और आखिरकार दबोच लिया गया। डीसीपी दक्षिण-पूर्व हेमंत तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसटीएफ टीम को सागर की गतिविधियों को लेकर गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। जानकारी के आधार पर टीम ने सरिता विहार फ्लाईओवर के निकट घेराबंदी की। इसी दौरान आधी रात करीब सागर अपने गिरोह के साथ वहां पहुंचा। पुलिस को देखते ही उसने गोली चला दी। आत्मरक्षा में एसटीएफ की टीम ने भी जवाबी फायरिंग की। इसी क्रम में गैंग सरगना सागर के पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा। उसके घायल होते ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

**हथियार बरामद, गैंग की गतिविधियों पर नजर**

पुलिस ने आरोपी के पास से .32 बोर की सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और तीन खाली खोखे बरामद किए हैं। शुरूआती जांच के अनुसार सागर दिल्ली-एनसीआर में लूट और झपटमारी की घटनाओं को लंबे समय से अंजाम देता आ रहा था। वह माया गैंग का प्रमुख सदस्य और संचालनकर्ता बताया जा रहा है। घायल सागर को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक उपचार के बाद उससे पूछताछ की जाएगी ताकि गैंग के अन्य सक्रिय सदस्यों और उनकी योजनाओं का पता लगाया जा सके।

**राजधानी में सक्रिय गिरोहों पर बड़ी चोट**

इस एनकाउंटर के बाद पुलिस का मानना है कि माया गैंग को करारा झटका लगा है। लगातार बाइक सवार लुटेरों और स्नैचरों से परेशान दिल्लीवासियों को राहत दिलाने के लिए एसटीएफ अपनी निगरानी और कड़ी करेगी।

## ग्राम चकवाली में जागरूकता कैंप लगाया

**उत्तम भारत संवाददाता, सहारनपुर।** जनपद सहारनपुर में "सेवा पखवाड़ा" स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम चकवाली में जागरूकता कैंप लगाते हुए महिलाओं को महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए समस्त हेल्पलाइन नंबर्स व महिलाओं संबंधित कानूनों के प्रति जागरूक किया गया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में महिलाओं को सभी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए प्रचार प्रसार किया गया।




## जागरूकता मीटिंग की गई

**उत्तम भारत संवाददाता, सहारनपुर।** आज थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सहारनपुर में कोतवाली नगर पुलिस प्रभारी निरीक्षक नेम चंद्र सिंह उप निरीक्षक मानसिंह ओपन निरीक्षक अंजू सिंह क्षेत्राधिकार मनीष चंद सिटी मजिस्ट्रेट आदि द्वारा पहुंचकर मिशन शक्ति फेस 5 के निर्देशन में जागरूकता मीटिंग की गई छात्राओं को शासन की योजनाएं महिला हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में समझाया गया वह जागरूक किया गया।



## सहारनपुर में दिव्यांग बच्चों का उपकरण मापन एवं पंजीकरण कैंप का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, सहारनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग सहारनपुर के द्वारा आज नगरीय खंड संसाधन केंद्र नुमाइश कैंप नगर क्षेत्र सहारनपुर में दिव्यांग बच्चों का उपकरण मापन एवं पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया, कैंप का शुभारम्भ खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय योगेश शर्मा, जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर के पुनर्वास विशेषज्ञ अश्वनी कुमार, सूरज कुमार ऑडियोलॉजिस्ट, अभिषेक एवं आकाश डाटा एंट्री ऑपरेटर के द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर, पुष्प एवं माल्याअर्पण कर किया गया, कैंप मे बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपकरणों जैसे व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, सी.पी.चेयर, ब्रेल किट, वाकर, श्रवण यंत्र इत्यादि उपकरणों हेतु कुल 157 बच्चों का पंजीकरण किया गया उपरोक्त चिन्हित बच्चों को माह नवंबर 2025 में उपकरणों का वितरण किया जाएगा, मापन एवं पंजीकरण कैंप मे अरविंद कुमार सिंह, जिला समन्वयक, कमलेश कुमार यादव, शशिकांत प्रसाद सिंह, चन्द्रमणि रुहेला, प्रमोद सिंह, मीनू, संगीता त्यागी, सरोज स्पेशल एजुकेटर, उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण से संबंधित बैठक का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, संभल।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर संदीप चड्ढा द्वारा पूर्व बैठक में रखे गये प्रकरण पर क्या कार्यवाही हुई उसके विषय में अवगत कराया। बैठक में सैनिक बन्धों के द्वारा अपनी-अपनी समस्या उठाई गई उसके विषय में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्या का निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के अन्तर्गत आर्म्स लाइसेंस, मोबाइल कैंटीन, पट्टे की श्रेणी में बदलाव, अनाज मंडी में दुकान आवंटन, भूमि से संबंधित मामले आदि पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी संदीप चड्ढा, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद के जिलाध्यक्ष हरप्रसाद यादव, गौरव यादव, रविन्द्र कुमार, राजकुमार शर्मा, रणवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।



# दिल्ली में रामलीलाओं और दुर्गा पूजा पंडाल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, एआई टेक्नोलॉजी से होगी निगरानी

लिशा शर्मा

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर दिल्ली में शुरू हुए रामलीलाओं और दुर्गा पूजा उत्सवों के लिए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। इस वर्ष, सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) जैसी अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसी भी आतंकी गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की तुरंत पहचान करना है।

**विशेष सुरक्षा व्यवस्थाएं**

फेस रिकग्निशन सिस्टमः लाल किला और उसके आसपास की प्रमुख रामलीलाओं के बाहर इजराइल की एआई-आधारित एफआरएस तकनीक से लैस विशेष वैन तैनात की गई हैं। ये वैन संदिग्धों और अपराधियों पर पैनी नजर रखेंगी।

**गश्त और ड्रोन निगरानीः** मुख्य बाजारों में पुलिस की पैदल और बाइक गश्त बढ़ाई गई है। भीड़ भरे आयोजन स्थलों की निगरानी के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

**हथियार और मेटल डिटेक्टरः** सभी बड़े आयोजन स्थलों पर प्रवेश द्वारों पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं और सुरक्षा जाँच के लिए सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात हैं। आयोजकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी प्रकार के नकली हथियारों, जैसे कि खिलौना बंदूकें, का इस्तेमाल न हो।

**नियमों का पालनः** आयोजकों को सख्त नियमों का पालन करना होगा, जिसमें किसी भी सड़क पर पंडाल या शामियाना नहीं लगाना शामिल है। इन नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**लाउडस्पीकर और अनुमति प्रक्रिया**

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, इस साल 670 से अधिक रामलीला और दुर्गा पूजा के आयोजनों के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आयोजनों की सुरक्षा की गहन समीक्षा की गई है।

आयोजकों को यह सुनिश्चित करने के लिए एक शपथ पत्र देना होता है कि उनके पास भूमि मालिक, अग्निशमन सेवा, बिजली विभाग और स्थानीय पुलिस सहित सभी संबंधित एजेंसियों से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मौजूद हैं। इसके अलावा, इस वर्ष उत्सव के दौरान रात 12 बजे तक लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति दी गई है, बशर्ते ध्वनि का स्तर 45 डेसिबल (डीबी) से अधिक न हो। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस निर्णय के लिए उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस संबंध में सोमवार को ही आदेश जारी कर दिए गए हैं, जो उत्सवों के लिए एक बड़ी राहत है।

# .......... साहिबे आलम कभी फुटपाथ भी देखा करो

**● इस्लामिया कॉलेज में तड़क पांच बजे तक चला नगर निगम द्वारा आयोजित मुशायरा**



**उत्तम भारत संवाददाता, सहारनपुर।** ऐतिहासिक मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में खान वादा बदर के सहयोग से नगर निगम द्वारा इस्लामिया कॉलेज के मैदान में आल इण्डिया मुशायरे का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रवासी भारतीय और वरिष्ठ समाजसेवी अजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, समाजसेवी महेन्द्र तनेजा, मुशायरा संयोजक पार्षद मंसूर बदर, मसूद बदर, नवाजिश खान, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा आदि ने रिबन काटकर व शमा रोशन कर किया। तड़के पांच बजे तक चले मुशायरे में हजारों श्रोताओं की भीड़ ने शेर के हिसाब से शायरों को दाद दी। मुख्य अतिथि अजय गुप्ता ने इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन अय्यूब हसन बदर को भी स्मरण किया। मुशायरा की शुरूआत मुंबई से आए शायर अल्ताफ जिया ने नाते पाक से की। शायर खुर्शीद हैदर ने परिंदे पेड़ पर सहमे हुए है, शिकारी लेकर जाल आया हुआ है !मेरी जानिब मोहब्बत से ना देखो मोहब्बत पर जवाल आया है ! पढ़ कर दाद बटोरी। बिलाल सहारनपुरी ने तो पूरी महफिल ही लूट ली, श्रोताओं ने खडे.होकर वाहवाही की। बिलाल ने पढ़ा, हम गरीबों पर गुजरी रात भी देखा करो,साहिबे आलम कभी फुटपाथ भी देखा करो। अंतराष्ट्रीय शायर काशिफ रजा ने कहा ह्यतबियत जब बिगड़ती है तेरी चौखट पर आता हूं, तेरे बीमार ने अब तक शिफाखाना नहीं बदला। मुंबई से आए शायर महशर आफरीदी को श्रोताओं ने बार-बार सुना उन्होंने, खराब वक्त में इज्जत रहे संभाले हुए,कभी ना जेब में रखे सिक्के उछाले हुए/डसा गया मैं लेकिन इलाज जानता हूं,ये सांप है तो मेरी आस्तीन के पाले हुए पढ़ कर लोगो की तालियां बटोरी। मुंबई से आए शायर अल्तमश अब्बास ने कहा, मेरे मरने से अगर फायदा होता इनका, दोस्त हर रोज मुझे जान से मारा करते। मध्य प्रदेश से आई शायर मनिका दुबे ने एक से बढ़कर एक शेर सुनाते हुए श्रोतओं का दिल जीत लिया। उन्होंने पढ़ा शहर के शोर में तन्हाइयां है, यहां तुम हो मगर वीरानियां है। शायर काशिफ अबरार ने कि औलाद भी दी, दिए वालिदेन, अलिफ लाम मीम काफ और एन गएनं नजम पढ़ी तो पूरे मजमे ने खड़े होकर दाद दी। मुंबई से आए कई फिल्मों में गीत देने वाले शकील आजमी को भी लोगो ने दिल लगाकर सुना। उन्होंने खुद को इतना भी ना बचाया कर, बारिश हो तो भीग जाया कर। के अलावा कई शेर पढ़े और भरपूर दाद ली। शायर शबीना अदीब ने अपने अनूठे अंदाज में जब पढ़ा, जो खानदानी रईस है वो मिजाज रखते है नरम अपना, तुम्हारा लहजा बता रहा है तुम्हारी दौलत है नई नई। पढ़कर खूब दाद ली। लोगों के दिल की धड़कन नवाज देवबन्दी ने एक से बढ़कर एक शेर पढ़ लोगों का दिल जीत लिया। हाशिम फिरोजाबादी ने नौजवानों को एक से बढ़कर एक शेर सुनाए। उन्होंने तालीम की रस्सी तुमने हाथ से क्यों छोड़ दी,अपने मुस्तकबिल की खुद इमारत क्यों तोड़ दी सुनाकर खूब दाद ली। जोहर कानपुरी ने फरमाया, जिनसे रोशन हो जहां ऐसे उजाले बन जाओ, दुख उठाकर भी खुशी बांटने वाले बन जाओ। इस्लामिया कॉलेज के खचाखच भरे मैदान और मंच पर पूरे हिन्दुस्तान के शायरों को देखकर जोहर कानपुरी ने कहा कि सहारनपुर का मुशायरा पूरी दुनिया का सबसे बड़ा मुशायरा है। उनके अलावा नजीम मुशायरा नदीम फरुख शायर नदीम शाद, इब्राहिम जिशान, अल्ताफ जिया, हिमांशी बाबरा, जहाज देवबंदी, नदीम अनवर ने एक से बढ़कर एक शेर सुना श्रोताओं की दाद बटोरी। इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक पार्षद मंसूर बदर ने अतिथियों एवं पार्षदों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोगों के अलावा बड़ी संख्या में पार्षद भी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश श्री अन्न पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण एवं गोष्ठी आयोजित की गई

**● जनपद मिलेट्स एवं तिलहन के क्षेत्र में करें वृद्धि, कृषक बंधु सरकार की योजनाओं का लें लाभःदेवेंद्र निम**



**उत्तम भारत संवाददाता, सहारनपुर।** विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम की उपस्थिति में विकास खण्ड परिसर बलियाखेडी में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत एवं उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम में कृषक प्रशिक्षण एवं गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी ग्राम प्रधान काकरकुई राजकुमार की अध्यक्षता में हुई।

श्री निम ने कृषकों का अभिनन्दन करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे जानकारी दी तथा किसानो से आवाहन किया कि योजनाओं का लाभ लें। उन्होने कहा कि जनपद मक्का तथा मिलट्स एवं तिलहन के क्षेत्र में वृद्धि करें। कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जा रही निःशुल्क मिनिकिट, सरसो, मसूर, मटर, चना, आदि प्राप्त करने हेतु दर्शन पोर्टल पर पंजीकरण कराएं। कृषक बंधु प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों जिससे शुद्ध अन्न व दुग्ध हमारी नई पीढी को प्राप्त हो सकें। डा० विरेन्द्र सिंह वैज्ञानिक के.वी.के द्वारा तिलहन फसलो की तकनिकी की जानकारी प्रदान की जिसमें सरसो उत्पादन नई प्रजातियाँ काली सरसो पी.एफ.-32, पूसा जगन्नाथ, पीली सरसो की प्रजाति के-88, पीला सोना, पिताम्बरी, प्रजाति हाईब्रिड-5522, श्रीराम-1666, अपनाकर समय से बुवाई करें, जिसमें संतुलित मात्रा मे खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करें।

डा० आई.के.कुशवाह वैज्ञानिक के.वी.के के द्वारा धान फसल में फुदका कीट/भूरा फुदका कीट नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही किसान भाई कृषि विविधिकरण अपनाकर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है।

जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह द्वारा उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, रबी मे किसान आलू एवं अन्य शाकभाजी का बीज अनुदान पर प्राप्त कर लाभ उठायें। ए०आर०कॉपरेटीव श्री रविशंकर द्वारा कृषकों को इफको समिति के माध्यम से किसानो को नैनो यूरिया, नैनो डी.ए.पी., नैनो जिंक सल्फेट, प्रयोग के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी।

सुश्री आंकाशा पंवार जी ने प्राकृतिक खेती में मिलेट्स फसलों जैसे बाजरा, कोदो, सांवा आदि के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की ओर मिलेट्स अपनी थाली में प्रयोग करे, जिससे संतुलित आहार मिल सके। नौरतु सिंह बादल कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी देते हुए पहले आओ पहले के सिद्धान्त पर कृषि विभाग के पोर्टल (दर्शन पोर्टल) अपनी मांग दर्ज कराये, साथ ही किसान भाईयों से अनुरोध किया गया कि फसल अवशेष को न जलाये बल्कि अपने खेतो में सड़ा गलाकर अपने खेतो जीवांश बढायें।

कार्यक्रम में लगभग 200 किसानो के द्वारा प्रतिभाग किया गया, कार्यक्रम का समापन सन्दीप पाल उप कृषि निदेशक, सहारनपुर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन नौरतू सिंह बादल जी के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सोनिया, जिला पंचायत संदस्य जगमाल सिंह, उप कृषि निदेशक सन्दीप पाल, जिला कृषि अधिकारी कपील कुमार, जिला उद्यान अधिकारी गमपाल, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र डा० आई.के कुशवाह, डा० विरेन्द्र कुमार वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी उमराव सिंह, ए०आर०कॉपरेटिव रवि शंकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

**समाचार**

## जनसुनवाईः दस समस्याओं में से दो का कराया तत्काल निस्तारण

**उत्तम भारत संवाददाता, सहारनपुर।** जनसुनवाई में आई दस समस्याओं में से सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया। लाइट, अतिक्रमण व सीवर आदि शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वार्ड 26 सिराज कॉलोनी के मौ. शाकिर द्वारा कॉलोनी में नालियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक एवं सफाई मित्र को स्थल पर भेजकर सफाई कराते हुए समस्याआ का निस्तारण कराया। इसके अलावा विनोद विहार निवासी सुकेश शर्मा ने गली की नालियों की साफ सफाई तथा वार्ड 48 आवास विकास निवासी राजीव शर्मा ने सर्विस रोड पर साफ सफाई कराने के अतिरिक्त बंद पड़ी लाइटों को ठीक कराने और सर्विस रोड से अतिक्रमण हटवाने के लिए भी प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। वार्ड 42 सेतिया विहार की सीमा ने सेतिया विहार में नाली पर कुछ लोगों द्वारा स्लैब बनाने से सफाई न होने की शिकायत दर्ज करायी। वार्ड 24 गत्ता मिल कॉलोनी के निशांत ने सरकारी स्थल पर अतिक्रमण करने की समस्या का हल कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इनके अलावा वार्ड 12 खलासी लाइन के गौरव बेदी ने पम्प से हो रहे लीकेज को ठीक कराने, वार्ड 12 नेहरु नगर की मोनिका ने नेहरु नगर में तथा तथा वार्ड 15 के कपिल हर्ष ने बसंत विहार दिल्ली रोड पर बंद लाइटों को ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जबकि वार्ड 57 के रवि छाबड़ा ने इस्लामिया इण्टर कॉलेज रोड पर पानी की पाइप लाइन ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिन पर अपर नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति फेज-05 अभियान

**उत्तम भारत संवाददाता, संभल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चैपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चैराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।



## जगह जगह छापामारी 18 से कम आयु के बच्चों को न रखा जाये काम पर

**उत्तम भारत संवाददाता, संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के आदेश के अनुक्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुश्री अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह जनपद संभल के निर्देश के क्रम में थाना ए0एच0टी0 व एजीओं जस्ट राइट के प्रभारी गौरी शंकर चैधरी की संयुक्त टीम द्वारा जनपद सम्भल के संभल थाना क्षेत्र व सिरसी क्षेत्र में बाल श्रम के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान में विभिन्न संस्थानों/ दुकानों/कोल्ड स्टोर को चैक किया गया। उक्त संयुक्त टीम द्वारा उक्त आयोजकों को बाल श्रम में बच्चों को न लगाने के संबंध में जागरूक किया गया एवं बताया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर ना रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई स अभियान में प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटी सत्य विजय सिंह, हेड का0 दीपक सिंह व का0 नवीन कुमार व एनजीओ जस्ट राइट के प्रभारी गौरी शंकर चैधरी मौजूद रहे।



## बाहर से पड़ा ताला दूसरे गेट से हो रहा था मरीजों का ईलाज

**सिटी मजिस्टेज्ट ने की क्षेत्र के जालब सराय मे साद क्लीनिक पर छापामारी**

**उत्तम भारत संवाददाता, संभल।** अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और क्लीनिक के संचालन को लेकर लगातार स्वास्थ्य विभाग और सिटी मजिस्ट्रेट की छापामार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम मे कई स्थानो पर फिर से टीम ने पहुंचकर बन्द जाने की कार्यवाही की। जानकारी अनुसार मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम जालव सराय, सम्भल में अवस्थित साद क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार पहुंचे। मौके पर यह साद क्लीनिक बाहर से ताला लगाकर बन्द हुआ मिला। इस परिसर के बगल में गली से एक अन्य दरवाजा खुला हुआ पाया गया। क्लीनिक के अन्दर जाकर देखा तो लगभग 10-15 मरीज भर्ती पाये गये, जो अपनी विभिन्न बीमारी का इलाज कराने हेतु भर्ती थे। क्लीनिक में अत्यंत बदबू एवं गन्दगी पायी गयी। इस प्रकार उपर्युक्त क्लीनिक अस्पताल के रूप में संचालित पाया गया। एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय में उचित इलाज हेतु भिजवाया गया। मौके पर किसी भी स्टाफ द्वारा क्लीनिक/अस्पताल के रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये तथा कोई भी चिकित्सक क्लीनिक/अस्पताल में उपस्थित नहीं हुआ।



P-04-1:28 paga09_jhn.qxd 9/23/2025 9:09 PM Page 1



# मंडियों में हो रहा है किसानों का शोषण, तुलाई में हो रहा है गड़बड़ घोटाला, सरकारी खरीद नहीं शुरू हुई

● नमी बताकर बोरियों में भरा जा रहा है साढ़े 51 से 52 किलो प्राइवेट कम्पनियां कर रही है खरीद



**उत्तम भारत संवाददाता**
**होडल, रतन सिंह।** होडल अनाज मंडी में प्रदेश सरकार के आदेशों की जमकर जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। सरकार द्वारा अभी तक होडल अनाज मंडी में खरीद एजेंसियां अलाट नहीं किया है। प्रदेश सरकार ने किसानों को राहत प्रदान करने के लिए मंडियों में 22 सितंबर से सरकारी खरीद करने की घोषणा कर दी है, लेकिन एजेंसी अलाट नहीं होने के कारण निजी एजेंसियों द्वारा धान व कपास की खरीद की जा रही है। निजी एजेंसियों व मंडी के आढ़तियों द्वारा किसानों का जमकर शोषण किया जा रहा है। नमी के नाम पर किसानों की फसल की तुलाई में किसानों से छलावा किया जा रहा है। किसानों की फसल डेढ़ से दो किलो की मात्रा में ज्यादा तोल कर लिया जा रहा है।प्रदेश का किसान पहले ही बाढ़ बारिश व माइनरों के तटबंध टूटने व ओवर फ्लो के कारण खेतों में हुए जलभराव से आहत हैं। उनकी अधिकांश फसलें नष्ट हो गई है। किसानों की इस समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने फसल की नमी की छूट में राहत प्रदान करते हुए 17 प्रतिशत की छूट कर दी है, लेकिन आढ़तियों द्वारा नमी के नाम पर डेढ़ से दो किलो धान बोरियों में ज्यादा तोला जा रहा है। इस मामले में किसानों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आढ़तियों का कहना है कि फसल में नमी बहुत ज्यादा है इसके अलावा जिन बोरियों में धान भरकर तोला जा रहा है उनका वजन ही एक किलो से ज्यादा है। किसानों ने बताया कि वह पहले ही आपदा के मारे हुएं है और बाकी कसर आढ़तियों द्वारा निकाली जा रही है। सरकारी खरीद नहीं होने के कारण निजी एजेंसियों को किसान फसल बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि ना तो सही भाव मिल रहा है और ना ही तोल सही हो रही है। उन्होंने कहा कि 50 किलो की बोरी में 51 किलो 400 ग्राम से लेकर 52 किलो तक भरा जा रहा है। उक्त मामले की जानकारी जब जिला उपायुक्त को मिली तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से होडल एसडीएम को मामले पर संज्ञान लेने के आदेश दिए। एसडीएम बेलिना लोहान ने मार्केट कमेटी के सचिव को मामले की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर में शहीद दिनेश के परिवार पर हुआ जानलेवा हमला, गांव के सरपंच पर हमले का आरोप

● श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री के आगमन पर गांव के सरपंच द्वारा शहीद परिवार से खर्चा वसूला गया

**उत्तम भारत संवाददाता**
**होडल।** पहलगाम में आतंकियों द्वारा नरसंहार किए जाने की घटना को लेकर केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकवादियो के ठिकानों पर कार्रवाई की थी, इसी दौरान गोलीबारी में हसनपुर क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव का लांस नायक दिनेश शर्मा शहीद हो गया। बीती रात दो दर्जन से अधिक लोगों ने शहीद दिनेश शर्मा के घर धावा बोल कर परिवार के लोगों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। हमले में परिवार की चार महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शहीद परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शहीद लांस नायक दिनेश शर्मा के पिता दयाचंद ने पुलिस को बताया कि शहीद बेटे की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शहीद दिनेश शर्मा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के नाम पर सरपंच परिवार के निजी व्यक्ति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में खर्च हुए 52 हजार रूपए शहीद के पिता दयाचंद से वसूली की गई। शहीद के पिता ने इस बात को मीडिया के सामने कई बार दोहराया। जबकि सरपंच परिवार ने इस बात को सिरे से खारिज करते हुए खंडन किया और सारे आरोपों को बेबुनियाद बताया।



शहीद दिनेश शर्मा के पिता दयाचंद ने 22 सितंबर को मीडिया के सामने पूरा ब्यौरा रखते हुए 52 हजार रुपए लेन देन की बात को फिर दोहराया। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मोहम्मदपुर गांव का नाम शहीद लांस नायक दिनेश शर्मा के नाम पर दिनेश पुर रखने की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि सरपंच ने अभी तक सरकार की घोषणा का पालन नहीं किया है। शहीद के नाम पर जो पार्क बनाए जाने की घोषणा की गई वह एक जोहड़ की जमीन है उस पर पार्क नहीं बनाया जा सकता है। शहीद के पिता ने कहा कि 22 सितंबर को रात करीब 9 बजे लगभग 30 लोगों ने लाठी, डंडे, फरसा व अवैध हथियार लहराते हुए उनके घर हमला कर दिया और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में शिवम्, सत्यवीर, मोहित, कल्याण, रेखा देवी, जसवंती, धर्म प्रकाश, मुन्नी देवी घायल हुए हैं। परिजनों ने घटना की सूचना 112 पर दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर वहां से भाग लिये। शहीद के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला पुलिस ने विशेष "सेवा पखवाड़ा" तहत रक्तदान शिविर का आयोजन कर स्वैच्छिक रक्तदान किया

**उत्तम भारत संवाददाता**
**होडल।** हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर नवजीवन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में विशेष "सेवा पखवाडा" तहत आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि मनोज वर्मा पहुंचे। मनोज वर्मा डीएसपी पलवल ने अपनी पत्नी श्रीमती अंजू वर्मा सहित स्वयं भी रक्तदान करने उपरांत कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को किसी भी जरूरतमंद के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए, क्योंकि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के अलावा रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। दुर्घटनाग्रस्त लोगों की जान बचाने के लिए हमें रक्तदान कर इस पुण्य में भागीदार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान बहुत बड़ा पुण्य का काम है आपका दान किया हुआ रक्त किसी के बहुमूल्य जीवन को बचाता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता, इस



प्रकार के शिविर में बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। आयोजित रक्तदान शिविर में मनोज वर्मा डीएसपी पलवल, वेलफेयर इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, थाना मुंडकटी प्रभारी ढ/रकतेजपाल, पुलिस प्रवक्ता संजय सहित कुल 70 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी रक्तदान करने वालों में शामिल रहे। डीएसपी पलवल ने सभी रक्तदाता पुलिसकर्मियों का कुशल क्षेम पूछा साथ ही उनके स्वस्थ स्वास्थ्य की कामना की।
इस अवसर पर विशेष "सेवा पखवाड़ा" अंतर्गत डीएसपी पलवल मनोज वर्मा ने पुलिस लाइन के प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जिला को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने का संदेश भी दिया। पर्यावरण संरक्षण के मध्य नजर जिला पुलिस द्वारा थाना/चौकी, पुलिस लाइन सहित विभिन्न स्थानों पर आज करीब 500 विभिन्न पौधारोपण किए गए। स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न थानों, पुलिस लाइन और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रक्तदाता पुलिसकर्मियों सहित डीएसपी नरेंद्र खटाना के अलावा पलवल डोनर्स क्लब के पदाधिकारी विकास मित्तल एवं अल्पना मित्तल ,जिला पुलिस के सभी थाना प्रबंधक, क्राइम यूनिट प्रबंधक, एवं चौकी इंचार्ज, तथा जिला पुलिस कार्यालय के शाखा इंचार्ज एवं संबंधित कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

# दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में लगाया गया नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य कैम्प: डा. यशबीर गहलावत

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, ललित कुमार गर्ग।** आयुष के महानिदेशक संजीव वर्मा के निदेर्शानुसार जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. यशबीर गहलावत के मार्गदर्शन में आयुष विभाग, नूंह द्वारा दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में पंचायत घर सिलखो में नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प का शुभारम्भ जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कैम्प में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी, पंचकर्म व योग पद्वति द्वारा सभी प्रकार की बिमारियों को ईलाज किया गया और जरुरतमदों को नि:शुल्क औषधि प्रदान की गई तथा रोगियों के मधुमेह व बी.पी.की जांच की गई। इस कैंप में आयुर्वेद के अनुसार दिनचर्या,




मौसम के अनुसार खान-पान व घरेलु मसाले के दैनिक उपयोग के बारे में बताया गया व प्रदर्शनी लगाई गई। जिला अध्यक्ष भाजपा द्वारा आमजन को बताया गया कि घरेलू नुस्खों के माध्यम से बडी से बडी बिमारी से छुटकारा पा सकते है। उन्होंने बताया कि हमें आयुर्वेद में दर्शाई गई दिनचर्या अनुसार अपना खान-पान व जीवन यापन करना चाहिए तथा अपने जीवन में प्रत्येक इंसान को एक पेड अवश्य लगाना चाहिए। राजेश कुमार व हरिकिशन, योग सहायकों द्वारा कैम्प में उपस्थित मरीजो को योगा कराया तथा योग के लाभों के बारे में बताया । डॉ. कासिम द्वारा 30 रोगियों के मधुमेह की जांच की गई तथा राजेश यादव द्वारा 40 रोगियों का बी.पी. चैक किया गया। कैम्प में 351 रोगियों का ईलाज किया गया। डॉ. सीमा, ए.एम.ओ, डॉ. अफसाना, ए.एम.ओ.व डॉ. कलसुम,ए.एम.ओ. द्वारा कैम्प में आई महिलाओं को उचित खान-पान बारे जानकारी दी गई व अनिमिया के बचाव बारे बताया गया। इस कैम्प में नोडल ऑफिसर डॉ.शशांक, ए.एम.ओ., डॉ. मनोज, डॉ. अब्दुल सलाम, डॉ. अरूण शर्मा, होम्योपैथिक विषेषज्ञ, नेत्रपाल, देशराज सहित अन्य आयुष स्टॉफ उपस्थित रहा।

## समाचार

# अवैध पटाखों व सामग्री सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखदेव तेवतिया।** मुंडकटी थाना पुलिस ने गांव मरोली से भारी मात्रा में 'कलर माचिस' (छोटे पटाखे) और उनके निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मुंडकटी थाना प्रभारी तेजपाल से मिली जानकारी के अनुसार, एएसआई बिजेंदर के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम सोमवार को मरोली के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि गांव मरोली में सिहा गांव



और रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले रास्ते पर एक किराए की दुकान में अकबर नामक व्यक्ति अवैध रूप से पटाखे बनाता और पैक करता है। सूचना के आधार पर, पुलिस ने तुरंत छापेमारी की। छापेमारी के दौरान, पुलिस ने अकबर पुत्र सपात निवासी सोलाका, होडल को अवैध रूप से पटाखे बनाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। दुकान की तलाशी लेने पर पुलिस को 60 बॉक्स पैक किए हुए 'कलर माचिस' मिले। एक बॉक्स में 48 पैकेट थे, जिससे कुल 2880 पैकेट बरामद हुए। इसके अलावा, पुलिस ने 14 बंद कट्टे और एक आधा खाली कट्टा भी बरामद किया, जिसमें पीले रंग का पाउडर था, जिसका इस्तेमाल पटाखे बनाने में किया जाता है। पुलिस ने आरोपी से पटाखों के निर्माण के लिए लाइसेंस या परमिट दिखाने को कहा, लेकिन वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका।पुलिस ने बरामद माल को जब्त कर लिया है और आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम, 1884 की धारा 5 और 9 (बी) के तहत मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

**केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल के निदेर्शों पर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को जारी किए दिशा निर्देश**

# स्वच्छता अभियान को लगेंगे पंख, शहर को सुंदर बनाने की दिशा में तेज गति से होगा कार्य

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** निगम आयुक्त श्री धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चलाए जा रहे 11 साप्ताहिक "हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान" के तहत स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक योजना शुरू की है, इस अभियान के संदर्भ में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर की अध्यक्षता में 22 सितंबर को आयोजित बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री गुर्जर द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों पर कार्य करते हुए नगर निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जाएंगे जिसमें मुख्य रूप से प्रत्येक वार्ड में 1 जेसीबी, 4 ट्रैक्टर और 4 मजदूरों के साथ ट्रैक्टर तैनात किए जाएंगे। स्वीपिंग मशीनों की खरीद और एमएसडब्ल्यू परिवहन के लिए अतिरिक्त मशीनरी, मैनुअल स्वीपिंग और लिफ्टिंग के लिए आवश्यक मानव संसाधन संबंधित संयुक्त आयुक्तों द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। जल्द ही इस प्रकिया को लेकर टेंडर जारी किए जाएंगे। सफाई कर्मचारियों की वार्ड-वार निगरानी के लिए एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल-क्क और विशेष अधिकारी (स्वच्छता) इस पर निगरानी रखेंगे। इसके अलावा वार्डों के लिए 2.5 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जो पार्कों और बाजारों में उपयोग होगी। स्वच्छता उपकरण जैसे झाड़ू 3-4 दिनों के भीतर वितरित किए जाएंगे। 100 ई-रिक्शा की खरीद के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है, जो शीघ्र तैनात किए जाएंगे। सफाई कर्मचारियों को वर्दी और अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। वार्ड कार्यालयों में दरोगा और अन्य कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। सीपीएलओ वार्ड कार्यालयों में तैनात होंगे और अभियान में सहयोग करेंगे। इसके अलावा स्वच्छता के लिए व्यापक जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। यदि इसके बाद भी लोग नहीं माने तो 1 अक्टूबर, 2025 से नियमित चालान और रिपोर्टिंग शुरू होगी। हफ्ते में एक बार विक्रेताओं और मंडी संगठनों की काउंसलिंग होगी। गैर-नियत स्थानों पर कचरा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि हरे कचरे की लिफ्टिंग के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली तैनात की जाएगी। कचरे की दैनिक लिफ्टिंग सुनिश्चित की जाएगी। निर्माण स्थलों पर सीएंडडी कचरे की निगरानी और रिपोर्टिंग होगी। सार्वजनिक दीवारों/भवनों पर सौंदर्यीकरण और "पेंट माई सिटी कॉम्पिटिशन" आयोजित होगा। प्रत्येक वार्ड में एक खत्ता सुनिश्चित किया जाएगा। जिसे हटाने का काम किया जाएगा। जानवरों के गोबर की लिफ्टिंग और उल्लंघनकताओं के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

# ऑटो में बैठी महिला का सोने का कंगन चोरी के मामलें में चाचा-भतीजी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** एस.जी.एम नगर वासी एक महिला ने थाना कोतवासी में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह 2 जून को एरकअस्पताल जाने के लिए नीलम चौक फरीदाबाद से ऑटो में बैठी थी तथा जब वह एरक अस्पताल पहुंची तो उसके हाथ में उसका सोने का कडा नही था। जिस शिकायत पर थाना कोतवाली में चोरी कि धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामलें में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर 56 कि टीम ने विक्रम(30) वासी नंगला एन्क्लेव पार्ट -2 ढ३ फरीदाबाद व पलवल निवासी एक महिला कविता (काल्पनिक नाम) को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों वारदात के दिन बॉटा रेलवे स्टेशन के नजदीक से ऑटो में बैठे थे तथा शिकायतकर्ता नीलम चौक से ऑटो में बैठी थी जिसके बाद आरोपी महिला ने शिकायतकर्ता के हाथ पर अपना पर्स रख दिया था तथा विक्रम ने कटर से महिला के सोने का कडा काट लिया।

# पीछे से आ रही एंबुलेंस के कारण दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर मिला इलाज बची जान

**उत्तम भारत संवाददाता**
**होडल ।** राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर होडल की डबचिक के सामने अज्ञात कार चालक ने बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मार दी जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए लेकिन इनकी किस्मत अच्छी थी कि उसी समय मथुरा की तरफ से एक एंबुलेंस आ गई और एम्बुलेंस चालक ने मानवता का परिचय ।देते हुए इनको अपनी एंबुलेंस में डालकर होडल के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया जिससे इनको समय रहते इलाज मिल गया और इनकी जांच बच गई । होडल में नेशनल हाईवे पर डबचिक पर्यटन स्थल के समीप अज्ञात कार चालक ने मथुरा की तरफ से होडल आ रहे बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार हाईवे पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान पीछे से आ रही एंबुलेंस चालक ने उन्हें एंबुलेंस में डालकर इलाज के लिए उपमंडल नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डाक्टर योगेश ने जानकारी देते हुए बताया कि होडल शहर के नया नंगला निवासी राजू व मिंटू बाइक पर सवार होकर मथुरा के गांव से मेला देखने के बाद वापस होडल अपने घर लौट रहे थे। डबचिक पर्यटन स्थल के पास पहुंचे तो अज्ञात कार चालक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगते ही दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान आसपास के लोग उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए वाहन को रूकवा रहे थे कि तभी हाईवे पर पीछे से आ रही एंबुलेंस के चालक ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एंबुलेंस में डालकर इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। इस दौरान अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर योगेश ने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंचने से उन दोनों घायल युवकों की जान बच गई हैं। लेकिन डॉक्टर ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं,पुलिस कार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# प्रभात फेरी के साथ शरू हुए महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के कार्यक्रम

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** श्री वैश्य अग्रवाल सभा पलवल द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के कार्यक्रम प्रभात फेरी के साथ शुरू हो गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने की जबकि संचालन मंत्री शैलेंदर सिंगला ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बैजनाथ गर्ग रहे। सुबह 6 बजे मीनार गेट स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर जयहिंद बंसल एवं केएल गुप्ता के संयोजन में दीप प्रज्वलन कर पुष्प मालाएं अर्पित की गयीं तथा महाराजा अग्रसेन के नारे लगाते हुए प्रभात फेरी शुरू की गई जो की सरायपुख्ता स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में स्थापित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए खेडेवालान धर्मशाला,



शिवपुरी में स्थापित महाराजा अग्रसेन मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद समापन हुई। जहां खेडेवालान धरमसाला के संजय गर्ग नमकीन वाले एवं अन्य संचालकों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया। इसके बाद ओमेक्स स्थित महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में स्थापित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर भी दीप प्रज्वलन कर पुष्प मालाएं अर्पित की गयीं। प्रभात फेरी में विजेंद्र सिंगला, चंद्र प्रकाश गोयल, सत्य प्रकाश मित्तल, वेद मित्तल, देवेंद्र मित्तल, चिराग तायल,अशोक मंगला, डॉ रमेश गर्ग, पवन गर्ग, विजय मंगला, स्वतंत्र गोयल, अनिल मोहन मंगला, संजय गुप्ता, विष्णु नमकीन वाले, विजय सिंगला स्टूडियो वाले,शिव कुमार सिहोलिया, मुकेश गर्ग, सचिन भरद्वाज, बलबीर पोसवाल अधिवक्ता,विजय मंगला,गोविन्द तायल,प्रदीप मंगला,मुकेश गोयल, लक्ष्मी नारायण मंगला,सहित सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गांव रामपुरा में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की पीएनजी किया शुभारंभ

● ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम




**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी।** केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन, योजना और संस्कृति राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को रेवाड़ी जिले के गांव रामपुरा में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) आपूर्ति का शुभारंभ किया गया। इसके इलावा केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न स्कीमों से बनी गलियों, ओपन जीम, शहीद राव तुलाराम पार्क के सौंदर्य कारण, पार्क में हाल का भी उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आईजीएल की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, सुरक्षित और सतत ऊर्जा स्रोत उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीएनजी की आपूर्ति से गांव की महिलाओं को खाना पकाने में अधिक सुविधा मिलेगी और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में आईजीएल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।
इस अवसर पर इस अवसर पर हरियाणा सरकार की स्वास्थ्य एवं आयुष एवं चिकित्सा मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल विधायक डॉ कृष्ण कुमार, कोसली विधायक अनिल यादव, पटौदी विधायक बिमला चौधरी, रेवाड़ी के जीए हेड अंशुमान सिंह सहित गांव के सरपंच नरेश यादव नरू ने सभी आगंतुकों का आभार जताया। इस मौके पर गुरुग्राम मेयर इंद्रजीत कौर, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, जिला पार्षद रेखा, जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टीट, जीतू चेयरमैन, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार, सरपंच हेमंत नंगली गोधा, मोनू पीथडावास, डॉक्टर अरविंद यादव, यशु प्रधान सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# हथीन अनाज मंडी में किसान सुविधाओं से वंचित, खरीद कर पीते हैं पानी

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** हथीन अनाज मंडी में किसानों को पीने का पानी ,शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा सरकार की ओर से नहीं दी जा रही है, वही मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुखबीर राजा जी का आरोप है की हथीन अनाज मंडी में कोई भी खरीद एजेंसी नहीं आई है। हथीन अनाज मंडी विवादित घेरे में नजर आ रही है मंडी में किसानों के लिए ना तो पीने का पानी है, ना ही शौचालय सुविधा है। हथीन मार्केट कमेटी में अफसर शाही का दबदबा है, यहां किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है इतना ही नहीं हटीं अनाज मंडी के आडेती भी मार्केट कमेटी के अधिकारियों से परेशान हैं सरकार के आदेश पर सोमवार से हरियाणा में धान की फसल की सरकारी खरीद शुरू हुई है, लेकिन हथीन अनाज मंडी में क्षेत्र का कोई भी किसान परमल धान लेकर नहीं पहुंचा किसानों का आरोप है कि हथीन अनाज मंडी में यहां के आड़ेती अपने नाम से मेरी फसल मेरे ब्यौरा पर पंजीकरण करवा लेते हैं किसानों के धान को वह प्राइवेट खरीद कर रख लेते हैं और सरकारी दामों में उसे बेच देते हैं। हथीन अनाज मंडी के आड़ेती किसानों के साथ गोल माल कर रहे है , किसान दीपक कुमार ने बताया कि उसने परमल धान की खेती की हुई है लेकिन हथीन अनाज मंडी में कोई सरकारी खरीद नहीं होती है, वही किसान परशुराम ने बताया कि हथीन अनाज मंडी में किसानों के साथ पूरी तरह से छल किया जा रहा है, किसानों ने हथीन अनाज मंडी में सरकार से जांच



करवाने की गुहार लगाई है। वही हथीन अनाज मंडी एसोसियन के प्रधान सुखबीर राजा जी ने हथीन मार्केट कमेटी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि हथीन अनाज मंडी में पीने का पानी पिछले कई वर्षो से नहीं है, यहां किसान और मजदूर पीने के पानी के लिए भटकते हैं, वैसे तो सरकार कहती है किसानों के लिए पानी, शौचालय, खाने की व्यवस्था और कैमरे की सुविधा मंडियों में की गई है, लेकिन हथीन की अनाज मंडी में सब कुछ कागजों तक सीमित है और दिखावा है , यहां आने वाले किसान और यहां रहने वाले मजदूर पीने का पानी खरीद कर पीते हैं, मंडी प्रधान सुखबीर राजा जी का आरोप है हथीन अनाज मंडी में हर सीजन के दौरान लाखों रुपए का पानी खरीदा जाता है , प्रधान का आरोप है कि सरकार द्वारा जो सरकारी खरीद की घोषणा की गई है हथीन अनाज मंडी में कोई सरकारी खरीद के लिए ना तो एजेंसी वहां पहुंची है और ना ही मार्केट कमेटी की ओर से यहां के आड़ेतीयो को सूचना दी गई है। इतना ही नहीं मंडी के प्रधान ने धान की सरकारी खरीद को एक ढकोसला बताया है हथीन मार्केट कमेटी कमेटी के सचिव बीरेंद्र सिंह ने बताया कि हथीन अनाज मंडी में अब तक 500 कुंटल बाजारा की खरीद की गई है , वही 1800 कुंतल कपास की आवक मंडी में हुई है, दूसरी किस्म के धान की 600 कुंटल कि आवक हथीन मंडी में हुई है, हथीन मार्केट कमेटी के सचिव वीरेंद्र सिंह ने कैमरे के सामने यह स्वीकार है कि हथीन में परमल धान की कोई आवक नहीं हुई है, और ना अभी हथीन अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई है, सचिव वीरेंद्र सिंह का कहना है कि किसानों को यहां अनाज मंडी में सभी सुविधाएं दी जा रही है।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 9/23/2025 10:34 PM Page 1



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में मनाया गया 10 वां आयुर्वेद दिवस

**उत्तम भारत संवाददाता, संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में 10 वां आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरि की तस्वीर पर मुख्य अतिथि मा. जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत



कुमार राजू यादव एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद के दो सूत्र हैं आयुर्वेद स्वस्थ रहने एवं विकार समाप्त करने का विज्ञान है। उन्होंने कहा आयुर्वेद वनस्पति के तीन रूप अन्न, खाद्यान्न, एवं औषधि के रूप में होती है आयुर्वेद इस पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि जो जीवन को शतायु एवं दीर्घायु करे वह आयुर्विज्ञान है। उन्होंने सोना, चांदी आदि का शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सीखने का विज्ञान नहीं आदत का विज्ञान है। उन्होंने कहा कि जो आयुर्वेद में है उसे दिनचर्या में लाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद हमारी धरोहर है। हमारे देश के आयुर्वेद का काफी महत्व है। प्राचीन काल में हमारे देश में ही आयुर्वेद के माध्यम से उपचार की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि हम मोदी जी एवं योगी जी के नेतृत्व में आयुर्वेद की तरफ पुनः बढ रहे हैं। इसके उपरांत आयुष विभाग द्वारा लगाये गये आयुर्वेदिक, होम्योपैथी तथा यूनानी चिकित्सा, योग एवं सिद्ध शिविर का मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव विशिष्ट तथा जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद में आयुर्वेद के नोडल अधिकारी डॉ अभय शर्मा, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजू सिंगला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा,जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण एवं आयुष विभाग के समस्त चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्भल में बासमती उत्पादन में संतुलित कीटनाशक प्रयोग पर कार्यशाला

**उत्तम भारत संवाददाता, संभल।** दौलत ग्रुप, कृषि विज्ञान केंद्र सम्भल एवं एपीडा (एपेडा) के संयुक्त तत्वावधान में खरीफ 2025 के दौरान बासमती चावल के उत्पादन हेतु कीटनाशकों का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग तथा उत्तम कृषि पद्धतियों को अपनाना विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन डी आर रिसोर्ट, बहजोई में किया गया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि किसानों की सक्रिय भागीदारी के बिना आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने लोकल फॉर वोकल पर बल देते हुए कहा कि समग्र उत्तर प्रदेश और विकसित



उत्तर प्रदेश की दिशा में किसानों से रचनात्मक सुझाव आमंत्रित हैं। मुख्य विकास अधिकारी श्री गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि खेती में वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर ही उत्पादन और गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। एपीडा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रितेश शर्मा ने किसानों को अवगत कराया कि निर्यात में बासमती चावल की गुणवत्ता और अवशेष सीमा अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने पर भारत की वैश्विक साख और मजबूत होगी। दौलत ग्रुप के निदेशक शिवम डी.आर. ने आश्वस्त किया कि ईयू पास माल (कम कीटनाशक वाला) उगाएगा उसकी कीमत बाजार के रेट से कम से कम 200 रुपए क्विंटल ज्यादा मिलेगी तथा न्यूनतम 200 क्विंटल उगाने और लाने पर 11,000 की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी, किसानों को निर्यातक कंपनियों से जोड़ने और प्रशिक्षण में दौलत ग्रुप निरंतर सहयोग करता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ महावीर, निरीक्षक कृषि विपणन अवनीश कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा, सी ए अंशुल गुप्ता, एशिया ब्राइट ट्रेडिंग लिमिटेड हांगकांग के निदेशक एवं निर्यातक बी. के. गुप्ता, रत्नेश कुमार, विजय चैधरी, डॉ पंकज, डॉ अरविंद आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता दौलत ग्रुप के चेयरमैन चेतन स्वरूप एवं संचालन ज्योति स्वरूप ने किया।

# श्री रामलीला मंचन में प्रभु श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम गाए मंगल गीत

**उत्तम भारत संवाददाता, संभल।** नगर पालिका परिषद, संभल में श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित भव्य श्री रामलीला में श्री राम जन्मोत्सव का मंचन हुआ। जिसमें सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश जी का पूजन मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, मणि भूषण तिवारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं समाजसेवी आशु गुप्ता द्वारा किया गया तद्उपरांत आज की श्री रामलीला मंचन का शुभारम्भ हुआ।

जिसमें रामलीला मंडली द्वारा भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की लीला का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि अयोध्या के महाराज राजा दशरथ की तीन रानियां थीं। राजा दशरथ की तीनों




रानियों के कोई पुत्र नहीं था तब राजा दशरथ श्रृंगी ऋषि के पास पहुंचे और अपने मन की व्यथा सुनाई। ऋषि ने राजा दशरथ को एक फल दिया और तीनों रानियों को खिलाने को कहा। फल के सेवन के बाद रानी कौशल्या ने श्रीराम, रानी सुमित्रा ने लक्ष्मण और शत्रुघ्न व रानी कैकयी ने भरत को जन्म दिया। चारों बच्चों के जन्म पर समस्त अयोध्या में खुशियां मनाई गई और मंगल गीत गाए गए। श्री राम के जन्म का मंचन होते ही दर्शकों ने फूलों की बारिश की व पूरा पंडाल श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। यह दृश्य देख सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। राम लीला के दौरान प्रभु श्रीराम समेत चारों भाइयों के बाल्यावस्था तथा युवा अवस्था का सजीव मंचन भी किया गया। श्री रामलीला मंचन के दौरान अतिथि कलाकारों द्वारा अघोरी नृत्य पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम स्थल को भक्ति मय बना दिया जिसे देखकर श्रद्धालु में आस्था का संचार हुआ। श्री रामलीला मंचन देखने के लिए नगर व आस-पास के क्षेत्र के गणमान्य श्रद्धालुओं में महिला-पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष अनंत अग्रवाल एवं प्रबंधक वैभव गुप्ता द्वारा अतिथियों को पटका आदि पहनाकर अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया. कार्यक्रम में विशेष सहयोगी के रूप में ऋषभ ठाकुर, कमल दिवाकर, संजीव दिवाकर, पिंकू त्यागी, अनुराग गुप्ता, मनोज मित्तल, नितोष अग्रवाल, उमेश सैनी, शोभित शास्त्री, अमित गुप्ता, शोभित सर्राफ, शोभित गुप्ता, विष्णु श्रीमाली, अभिषेक गुप्ता, उज्ज्वल सक्सेना, कुलदीप गुप्ता, संजय सांख्यधार आदि ने उपस्थित रहे। संचालन उमेश शर्मा एवं अतुल शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## गीत और संगीत के साथ रफत खान मुरादाबादी की याद मे सजी महफिल

**उत्तम भारत संवाददाता, संभल।** रफत खान मुरादाबादी की शान मे एक शाम गीतों की महफिल सजाई गई। जिसमे एक के बाद एक शायर और गीतकारों ने अपने फन का जादू बिखेरते हुए गीत प्रस्तुत किए। गीतो की महफिल मे शायरी और कव्वाली का भी माहौल देखने को मिला। रफत खान मुरादाबादी को इस तरह सम्मानित किया गया और उनका फूल मालाओं व बुके भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर देर रात तक चले कार्यक्रम मे भूरे कुरैशी समाजवादी महासचिव जिला



मुरादाबाद, मोहम्मद जफर, राजा हिंदुस्तानी, उस्मान, लियाकत, अरशद, असलम फराज, किश्वर, मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद अली, नाजिम, परवेज, ऐनुलहक, रवि अरोरा, डॉ बिलाल, हकीम राहिल, सरदार कुलवीर सिंह आदि मौजूद रहे। अंत मे मौ0 रियाज मन्सूरी सभी गीतकारों, ऑडियश व आये मेहमानो का आभार प्रकट किया।

## स्कूल पढ़ाकर लौट रही अध्यापिका पर फेंका तेजाब हालत नाजुक

**उत्तम भारत संवाददाता, संभल।** स्कूल पढ़ाकर घर लौट रही अध्यापिका पर स्कूटी सवार बदमाशों ने तेजाब फेंक डाला। जिससे अध्यापिका करीब 25 से 30 झुलस गई। अध्यापिका की दो महीने बाद शादी होनी थी। घटना से क्षेत्र मे हड़कम्प मच गया। पुलिस मामले को लेकर कार्यवाही मे जुट गई है। जानकारी के अनुसार अनुसार बताते चलें कि स्कूल में अध्यापिका के पद पर कार्यरत युवती मंगलवार की दोपहर रोज की तरह स्कूल में पढ़ाने के बाद घर लौट रही थी। जैसे ही वह गांव के पास पहुंची, तभी स्कूटी पर सवार अज्ञात युवको ने अचानक उसके पास आए और उस पर तेजाब फेंक दिया। तेजाब से अध्यापिका की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी फरार हो गए। परिजनों ने आनन-फानन में भावना को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसके चेहरे और शरीर का करीब 25 से 30 प्रतिशत हिस्सा झुलस गया है। चिकित्सकों के अनुसार, उसकी हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है, लेकिन खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही नखासा थाना पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंची और पीड़िता के बयान दर्ज करने का प्रयास किया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि भावना की दो महीने बाद शादी होने वाली थी। पुलिस आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्यवाही मे जुट गई है।

## अल्पसंख्यकों को भी मिलना चाहिए मुख्यमंत्री बनने का अवसर: आतिर हुसैन

**उत्तम भारत संवाददाता, संभल।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता तथा सम्भल, असमोली व चन्दौसी विधानसभा प्रभारी आतिर हुसैन ने समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान को जमानत मिलने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मैं आजम खान को बहुत समय से जानता हूँ। मैंने उन्हें प्रदेश के प्रभावशाली मंत्री के रूप में कार्य करते देखा है। इतने सालों से उनका पूरा परिवार एक मुश्किल दौर से गुजर रहा है। अभी तो वे जेल से बाहर आए हैं, थोड़ा आराम कर लें, फिर मैं उनसे जाकर मुलाकात करूँगा। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यकों की एक बड़ी आबादी रहती है।

## नवरात्रि महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**उत्तम भारत संवाददाता, सैफनी।** नगर महाभारत काल से स्थापित और सिद्ध शक्तिपीठ के रूप में विख्यात श्री सर्वमंगला मां बेला भवानी धाम में, नवरात्रि के पावन पर्व का शुभारंभ आज अखंड दीप प्रज्वलित कर और कलश घट स्थापना के साथ हुआ। यह नौ दिवसीय महोत्सव भक्तों के लिए आस्था और भक्ति का केंद्र बनेगा। मंदिर समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, नवरात्रि के पहले दिन से लेकर नवमी तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक दुर्गा सप्तशती माता का पाठ होगा, जिसमें भक्तजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक श्री रामचरितमानस के नवाह्नपारायण पाठ का भी आयोजन किया गया है। यह पाठ पूरे नौ दिनों तक चलेगा, जिससे धार्मिक माहौल में और भी अधिक भक्ति का संचार होगा। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया है। दूर-दराज से आए श्रद्धालु मां बेला भवानी के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं। समिति ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि वे इस महोत्सव में शामिल होकर धर्मलाभ उठाएं।

## कानून से अवगत कराया

**उत्तम भारत संवाददाता, रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक रामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सर्किल स्वार जनपद रामपुर के कुशल नेतृत्व में थाना मिलक खानम पुलिस व विशेष सुरक्षा दल रामपुर के द्वारा ग्राम बमना में ग्राम प्रधान श्रीमती शबाना थाना मिलक खानम की उपस्थिति में ग्राम की महिलाओं / बालिकाओं तथा स्कूल की छात्राओं को उ0प्र0 शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं तथा महिला हेल्पलाइन न0 1090 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन न0 1098 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन नंबर 181 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 व साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 व कानून से अवगत कराया गया ।

## भाजपाइयों ने मनाया जिला अध्यक्ष का जन्मदिन

**उत्तम भारत संवाददाता, रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गयाभाजपा कार्यालय पर बड़े ही उत्साह के साथ केक काटकर एवं बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी और आगामी 2027 में भाजपा की सरकार बनाने का उपलब्ध संकल्प लिया इस मौके पर चुनाव विभाग के संयोजक बाकर अली खान शानू खान जी टीम मोदी सपोर्टर संग के जिला अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष भाजपा निजाम पाशा जी फहीम अहमद शहजाद खान शानू खान शाहनवाज अली फरहान अल्लाह गुलजार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा कमेटी का गठन

**उत्तम भारत संवाददाता, नरपत नगर ।** के मो० पुरानी बाजार वार्ड 01 वाल्मीकि बस्ती में भावाधस हुई बैठक में भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी सनातन धर्म के पितामह क्यों भगवान वाल्मीकि जी ने ही इस पृथ्वी पर सर्वप्रथम महाग्रंथ रामायण की रचना कर मानव जाति को प्रेम भाईचारा और आपसी सौहार्द की प्रेरणा दी इस मौके पर भगवान



वाल्मीकि प्रकट उत्सव हर्षोल्लास से मनाने भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा का गठन किया जिसमें संजीव वाल्मीकि -अध्यक्ष, भूरा वाल्मीकि -सचिव, राजू वाल्मीकि -कोषाध्यक्ष, विनोद वाल्मीकि -प्रचारमंन्त्री, संजय वाल्मीकि -प्रभारी,रज्जन खलीफा,आदि बनाए गये बैठक में सोनू वाल्मीकि, प्रमोद,आशीष,सन्जू, सचिन, सतीश, राकेश, दिनेश, मुकेश, आदर्श,सरबू आदि।

## जरूरतमंद की मदद के लिए सामग्री वितरण

**उत्तम भारत संवाददाता, रामपुर।** पंजाब में आई बाढ़ इलाकों में वीर खालसा सेवा समिति के सदस्य पिछले चार दिनों से बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर जरूरतमंद की मदद के लिए सामग्री कंबल रजाई गेहूं आदि वितरण कर रही है समिति के अध्यक्ष रफ्तार सिंह ने कहा पंजाब के अंदर बाढ़ से हालात बहुत ही बेकाबू हुए हैं किसानों का बहुत ही बड़ा नुकसान हुआ है बड़ी-बड़ी संस्थाएं लोगों को मदद बचाने में अपना कार्य कर रही हैं बहुत ही लोग हर धर्म के लोग पंजाब में



सहायता सामग्री भेज रहे हैं हमारी पूरी टीम भी जगह-जगह पीड़ित परिवारों के बीच जाकर मदद कर रही है उनकी परेशानी को सुन रही है और उनके दुख में शामिल होकर उनका दुख कम करने की कोशिश कर रही है लेकिन हमने चार-पांच दिनों के अंदर देखा हमें कहीं भी कोई भी किसी पार्टी का लीडर वहां पर सेवा करते हुए नहीं मिला हम सभी से अपील करते हैं निस सेवा से हम सब पंजाब के लिए खड़े हो

## स्टैंडिंग कमेटी में पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन का मुद्दा उठाया

**उत्तम भारत संवाददाता, रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी पर्यावरण वन और जलवायु स्टैंडिंग कमेटी को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल दुनिया में प्रदूषण की मात्रा बढ़ती चली जा रही है । खासकर शहरों में तेजी से बढ़ता हुआ यह प्रदूषण प्रकृति , मनुष्यों और जीव जंतुओं के लिए हानिकारक है । जितनी उन्नति विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने की है , उतना ही उसका गहरा प्रभाव गहरा प्रकृति और पर्यावरण पर पड़ा है । आज



हम कई विपदाओं का सामना कर रहे है , उसमे से एक प्रदूषण भी है । जब पृथ्वी के वातावरण में गंदगी फैलाने वाले पदार्थ और वस्तु पाए जाते है , जिसके कारण जल , हवा , मिटटी जैसे प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित हो रहे है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, रामपुर।** मेदांता हॉस्पिटल गुड़गांव की डॉक्टरों की विशेष टीम ने ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी और डॉक्टर एक लैब के सहयोग से दवा केंद्र, रामपुर में निःशुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया इस स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक मरीजों को परामर्श एवं इलाज की सुविधा दी गई। मरीजों की खून की जाँच, हड्डी की जाँच और फेफड़ों की जाँच पूरी तरह निःशुल्क की गई आम



आदमी पार्टी के नेता मोहम्मद जफर ने इस अवसर पर कहाः रामपुर एक गरीब शहर है और यहाँ के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की काफी आवश्यकता है। समाजसेवी संस्थाओं और डॉक्टरों को मिलकर जनता की सेवा करनी चाहिए। इस तरह के निःशुल्क हेल्थ कैंप समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए।

## विद्युत विभाग का मेगा कैंप आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, स्वार।** विद्युत वितरण खण्ड रामपुर, स्वार, मिलक, बिलासपुर, रामपुर के कार्यालय प्रांगण में दिनांक 22.09.2025, 23.09.2025 एवं 24.09.2025 को तीन दिवसीय मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अधिशासी अभियन्ता शैलेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देश अनुसार सोमवार मंगलवार और बुधवार को विद्युत वितरण खण्ड, रामपुर/ स्वार/ मिलक/ बिलासपुर, रामपुर के कार्यालय प्रांगण में 03 दिवसीय मेगा कैम्प जिसका समय प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है ।जिसमें सम्मानित उपभोक्ताओं के विद्युत बिल जमा कराने, पी०एम० सूर्य घर योजना, स्मार्ट मीटर स्थापन, बिल संसोधन करने, नये संयोजन निर्गत करना, लोड बढ़ाना, मीटर बदलना एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं के निस्तारण हेतु जहां आवश्यक हो सुनवाई कर निस्तारण किया जायेगा।

## माता बेला भवानी मंदिर में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**उत्तम भारत संवाददाता, सैफनी।** नवरात्रि के पावन पर्व के पहले दिन,सोमवार को नगर और देहात क्षेत्रों के सभी देवी मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। माता के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस शुभ अवसर पर भक्तों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप, मां शैलपुत्री की श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही नगर के प्राचीन मंदिरों, जैसे महाभारत प्राचीन मंदिर माता बेला भवानी मंदिर, में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। हाथों में चुनरी, नारियल, बताशा, पान और प्रसाद लिए भक्त अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भक्तों ने अपने और अपने परिवार की सुख-शांति और खुशहाली के लिए माता से प्रार्थना की। इस अवसर पर देवी प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा। घरों में भी श्रद्धालुओं ने कलश स्थापित कर माता की पूजा की और व्रत रखा। पूजा के दौरान लौंग, सुपारी, कपूर, बताशे और गुग्गल की आहुति दी गई। नवरात्रि के पहले दिन की यह धूम पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना गई।

## रामलीला महोत्सव बना आस्था का पर्व

**उत्तम भारत संवाददाता, रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड सोमवार को श्रद्धा और संस्कृति के रंगों से सराबोर नजर आया। श्रीरामलीला महोत्सव के सातवें दिन का दृश्य इतना अद्भुत था कि हजारों की भीड़ देर रात तक पंडाल में डटी रही और भक्ति रस की धारा में गोते लगाती रही।सुबह 9 बजे रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं से दिन का



शुभारंभ हुआ। मंच पर जब नटखट कृष्ण की बाल लीलाओं और उनकी प्रेममयी लीलाओं का जीवंत चित्रण हुआ तो पूरा पंडाल तालियों की गूंज से गूंज उठा। बच्चों की मासूम खिलखिलाहट और बुजुर्गों की भक्ति-नम आंखों ने इस आयोजन को और भी दिव्य बना दिया।

## पांच छात्राएं बनी एक दिन का अधिकारी

**उत्तम भारत संवाददाता, मिलक/रामपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लोहा पट्टी भोलानाथ मिलक जनपद रामपुर की पांच छात्राओं को एक दिन का अधिकारी बनाया गया। मिशन शक्ति चरण पांच के तहत केजी. बी. वी. मिलक की पांच छात्राओं को मंगलवार 23 सितंबर 2025 को एक दिन के लिए विभिन्न अधिकारियों के रूप में नियुक्त किया गया। इनमें प्रियंका यादव पुत्री जयपाल को एसडीएम, मनु पुत्री विजय पाल को



तहसीलदार, शशि पुत्री रामकीर्ति सरन को बीडीओ, सोनम पुत्री शेर सिंह को सीओ और अंशिका यादव पुत्री रिंकू यादव को खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया गया और शेष शिकायतों के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, राजेंद्र सिंह ,ग्राम प्रधान महिपाल सिंह यादव , ग्राम प्रधान मनोज कुमार , ग्राम प्रधान सरनाम सिंह , ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह , सुनीता गंगवार आदि उपस्थित रहे

### समाचार

## विद्युत समस्याओं को लेकर एन पी के शर्मा से की मुलाकात

**उत्तम भारत संवाददाता, रामपुर।** जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खा ने बताया कि लोगों की समस्याओं को लेकर आज हम नवाब गेट बिजली घर पर एक्स सी एन से मिले जहां पर लोगों की समस्याओं को लिखित में अवगत कराया सबसे ज्यादा समस्या लोगों के स्मार्ट मीटर के बिल नहीं आना लोगों के खराब



मीटर खराब बिल और बकाया मीटर पर लाइन काटने के संबंधित परेशानियों को रखा गया जिसका निस्तारण फौरन तौर पर एक्स सी एन महोदय ने तुरंत बिजली घर फोन मिलाकर लाइन जुड़वाने तथा खराब मीटर को बदलने और बिल को सही करने का आदेश दिया और फौरन ही तौर पर निस्तारण कराया आगे बताया कि कोई भी समस्या हो। तो हमसे मिले उसका तत्काल निस्तारण कराया जाएगा।

## शाहबाद में निजी इंस्टीट्यूट का हुआ उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता, शाहबाद।** नगर शाहबाद के मोहल्ला हकीमान में माही इंस्टीट्यूट का उद्घाटन जीजीआईसी की प्रधानाचार्य वंदना शर्मा एवं कोतवाल पंकज पंत द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे ।माही इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर सुमित कश्यप ने दोनों



मुख्य अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राओं एवं परिजनों से विशेष अपील करते हुए कहा कि उनके बच्चों उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए कंप्यूटर, मेहंदी, सिलाई और ब्यूटी पार्लर आदि के कोर्स को सीखने के लिए आग्रह किया।

## पुलिस कार्यालय पर की जनसुनवाई

**उत्तम भारत संवाददाता, रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं/ शिकायतों को सुना गया, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त



शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## पुलिया पर पीडब्ल्यूडी का कार्य शुरू, ग्रामीणों ने जताई चिंता

**उत्तम भारत संवाददाता, मसवासी।** तहसील क्षेत्र के ज्वालापुर और हसनपुर उत्तरी के बीच स्थित नदी की पुलिया पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) का कार्य इन दिनों तेजी से चल रहा है। विभाग द्वारा पुराने पुल के ऊपर ही नई सड़क



डालने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर ग्रामीणों में असंतोष और चिंता दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया काफी जर्जर हो चुकी है, उस लगभग पच्चीस साल पुरानी है और उस पर नई सड़क डालने से भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी। उनका मानना है कि यहाँ पर नई पुलिया का निर्माण कराया जाना चाहिए ताकि आने-जाने वाले राहगीरों और वाहनों को सुरक्षित मार्ग मिल सके।

## किसान के पुत्र की नदी में डूबने से हुई मौत

**उत्तम भारत संवाददाता, स्वार।** कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव में रविवार की दोपहर कोसी नदी में डूब कर 17 वर्षीय फारूख मियाँ पुत्र सैयद जुबेर मियां की मौत हो गई ग्रामीणों ने शव निकाल कर परिजनों को सौंप दिया शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया जानकारी के अनुसार फारूख मियां खेत से पशुओं के लिए चारा लेकर लौट रहा था। साथ



में कुछ अन्य बच्चे भी थे सर पर चारा का बोझ उठाकर नदी पार करते समय वह तेज धार की भंवर में फंसकर डूब गया बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के किसान मौके पर पहुंचे और करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी।

## सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे

**उत्तम भारत संवाददाता, रामपुर ।**आज अपना दल एस जनपद रामपुर की विधानसभा चमरौआ के जोन मिलक खानम की बैठक ग्राम परचई में जोन अध्यक्ष चरन सिंह लोधी के आवास पर हुई ।वैठक में चरन सिंह लोधी व लाल सिह लोधी को जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी ने पार्टी का सक्रिय सदस्य वनाकर सदस्यता का नवीनीकरण किया और लगभग 50 लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। वैठक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर



सिह संधू जी ने कहां कि पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर प्रचार करे और सदस्यता अभियान कार्यक्रम चलाकर वडी संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें और पंचायत चुनाव में पार्टी पूरे जनपद के सभी वार्डों में जिला पंचायत सदस्य पद के मजवूत प्रत्याशी उतारेगी और ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को समर्थन देकर चुनाव मैदान में उतारा जायेगा ।वैठक की अध्यक्षता जोन अध्यक्ष चरन सिंह लोधी जी ने की और संचालन विधानसभा अध्यक्ष महवूव अली पाशा ने किया ।वैठक में जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गंगवार चौधरी महेंद्र सिंह, जिला सचिव लाल सिह लोधी, जिला उपाध्यक्ष युवा मंच जावेद मेवाती, सरदार करनदीप,ललित लोधी,हरि सिंह लोधी,सुकखन सिह दिवाकर,अतर सिंह जाटव,सुयेव मियां,आतिर खां आदि सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया है

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम तथा उसका स्थान | दिल्ली मंडल के ए-1 श्रेणी के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर बड़ी स्थैतिक इकाई अर्थात फूड प्लाजा/कोर्ट में खानपान सेवाओं का प्रावधान, जो गेट संख्या 1 के पास, स्टेशन के मुख्य सिटी साइड प्रवेश द्वार में सर्कुलेटिंग एरिया/कॉन्कोर्स में तत्कालीन कॉमेसम के स्थान पर नौ वर्ष की अवधि के लिए है। | |
| 2 | रेलवे ट्रेनों का विवरण | निविदा सूचना | स्टेशन |
| | | CtgFoodPlazaNZM03-2025 | हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन के मुख्य सिटी साइड के प्रवेश द्वार संख्या 1 पर सर्कुलेटिंग एरिया/कॉन्कोर्स |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि | | 14.10.2025 up to 1500 hrs. |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | | निविदा सूचना के अनुसार |
| 5 | निविदा दस्तावेज मूल्य %18 जीएसटी सहित | | निविदा सूचना के अनुसार |
| 6 | धरोहर राशि | | निविदा सूचना के अनुसार |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |

सं.: 23AC/NR-NRHQ0CD(SCM)/428/2025 दिनांक: 23.09.2025 2933/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

P-06:28 paga09_jhn.qxd 9/23/2025 3:53 PM Page 1



## सम्पादकीय

### सस्ते दिनों का शुभारंभ

इसमें प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन का विषय क्या था? जिस दिन जीएसटी परिषद ने दरें घटाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया था, उसके बाद ही देश को सांगोपांग जानकारी मिल गई थी कि जीएसटी सुधार लागू किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से भी राष्ट्र को संबोधित करते हुए दीपावली के दोहरे तोहफे की बात कही थी। चूंकि शारदीय नवरात्रि से सस्ते दिनों का आगाज हुआ है, लिहाजा जीएसटी सुधार लागू करने को शक्ति की उपासना के पर्व-दिवस से जोड़ दिया गया। यह प्रधानमंत्री के 20 मिनट के राष्ट्रीय संबोधन का विषय नहीं था। यदि इस संबोधन से जन-समर्थन जुगाड़ने की मंशा जुड़ी है, तो उस राजनीति के लिए प्रधानमंत्री को रोका नहीं जा सकता। जीएसटी पर राजनीति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भी की है, जब उन्होंने बयान दिया कि 8 सालों में 55 लाख करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में वसूल लिए गए। अब बिल्ली हज करने चली है। बहरहाल राजनीति को छोड़ कर हम जीएसटी सुधारों की बात करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने इसे बचत का उत्सव भी करार दिया है। इन सुधारों को देश की आत्मनिर्भरता और स्वदेशी संकल्प से भी जोड़ा है, लिहाजा ये आह्वान प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय संबोधन के लिए जरूरी महसूस किए होंगे! प्रधानमंत्री मोदी ने देश को भरोसा दिलाया है कि जीएसटी सुधार लागू होते ही, नवरात्रि के सूर्योदय के साथ ही, 375 से अधिक वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। करीब 99 फीसदी वस्तुएं या तो 5 फीसदी जीएसटी के दायरे में होंगी अथवा बिल्कुल शून्य कर वाली होंगी। मसलन कैंसर समेत 33 जीवनरक्षक दवाओं को बिल्कुल कर-मुक्त किया गया है। यकीनन इन सस्ते दिनों से गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिला, किसान, दुकानदार, व्यापारी, उद्यमी आदि को फायदा होगा। क्रिसिल एजेंसी की ताजा रपट के मुताबिक, हर शहरी को हर माह औसतन 1819 रुपए और ग्रामीण को औसतन 1154 रुपए की बचत होगी। मासिक खर्च करीब 27 फीसदी तक घट सकता है। बेशक आम आदमी की जेब में पैसा होगा, तो उसकी क्रय-शक्ति और मांग में बढ़ोतरी होगी। मांग के साथ बाजार भी फलेगा-फूलेगा। बाजार में बढ़ोतरी होगी, तो कंपनियां और छोटे, कुटीर उद्योग भी अपने उत्पादन को गति देंगे। उसे बढ़ाएंगे। उत्पादन बढ़ेंगे, ज्यादा कारोबार होगा, तो देश की अर्थव्यवस्था का भी विस्तार होगा। 2025-26 वित्त वर्ष के अंत तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकेगा। इन संभावनाओं के साथ ही जीएसटी सुधारों की अग्नि-परीक्षा जुड़ी है। प्रधानमंत्री मोदी का आकलन है कि इन सुधारों के लागू होने से देश के नागरिकों को 2.5 लाख करोड़ रुपए की बचत होगी, लिहाजा यह बचत का उत्सव भी है। जीएसटी सुधारों के संदर्भ में सबसे अहम और बुनियादी सवाल यह है कि क्या खुदरा बाजार के स्तर पर आम ग्राहक को घटी दरों पर सामान मिलेगा?

## विशेष

### नीतीश कुमार: बिहार की राजनीति के अनिश्चितता के बादशाह

-दिलीप कुमार पाठक-

बिहार की राजनीति की ग्रह - दिशा कुछ भी हो, कोई भी राजनीतिक हलचल हो नीतीश कुमार को कोई भी हल्के में नहीं ले सकता। बीते कुछ सालों से नीतीश कुमार की गतिविधियों को देखकर उनके चाहने वाले उनके लिए चिंतित रहते हैं, कुछ तो उनकी मानसिक स्थिति को लेकर भी परेशान दिखते हैं, हालांकि यहां विषय नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर नहीं है, यहां चर्चा नीतीश कुमार की राजनीतिक शख्सियत की है, जेडीयू एवं उनकी राजनीतिक ताकत की है। नीतीश कुमार कई बार पलटी मारने के बावजूद भी राजनीतिक अछूत नहीं हैं, उनका अपना कद है। भले ही तेजस्वी एवं आरजेडी नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहते हों परंतु नीतीश कुमार से इनका मोह जगजाहिर है, नीतिश कुमार को उन्होंने कभी नहीं छोड़ा, नीतीश कुमार ने ही हमेशा नैतिकता के आधार पर छोड़ा है। यही बात भाजपा के साथ भी रही है, भाजपा ने नीतीश कुमार को कभी नहीं छोड़ा, हमेशा नीतीश कुमार ने ही दूरी बनाई है जब भी बनाई है। जब प्रशांत किशोर कहते हैं कि तेजस्वी यादव एवं नीतीश कुमार में कोई तुलना नहीं हो सकती, तमाम असहमति के बाद भी दोनों में मुझे एक को चुनना पड़े तो मैं हमेशा नीतीश कुमार को चुनूंगा, ये प्रशांत किशोर का कोई राजनीतिक हित नहीं अपितु नीतीश कुमार की शख्सियत को एवं उनके प्रभाव को दशार्ता है।

बिहार चुनावो में पिछले कई बार से देखा गया है कि जेडीयू की सीटें भले ही कम जीत पाती हो परंतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही बनते हैं, इससे पीछे आरजेडी एवं भाजपा की महानता नहीं है कि वे नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बना देते हैं, बल्कि उनकी मजबूरी छुपी हुई है, चूंकि नीतीश कुमार की छवि सुशासन बाबू की है। उनके ऊपर कोई परिवारवाद का आरोप नहीं लगा सकता। कांग्रेस, भाजपा, आरजेडी की तुलना में व्यक्तिगत रूप से नीतीश कुमार बेदाग माने जाते हैं, वहीँ बिहार के सारे दलों के नेताओं में नीतीश कुमार के लिए सम्मान सद्भावना भी है, यही कारण है कि उनकी उम्र के दिग्गज नेता सुशील कुमार मोदी हमेशा नीतीश कुमार के डिप्टी बनकर रहे और हमेशा उन्होंने नीतीश कुमार को इज्जत अफजाई की। यही बात आरजेडी के लिए भी है, नीतीश कुमार 90 के दशक से हमेशा लालू प्रसाद यादव के धुर विरोधी रहे हैं परंतु जब - जब नीतीश कुमार को जरूरत पड़ी है तब - तब लालू यादव आरजेडी सहित नीतीश कुमार के लिए खड़े हुए हैं।

वहीँ भाजपा के लिए नीतीश कुमार बिहार में एक खेवनहार की भूमिका में रहते हैं, भाजपा को पता है कि अगर नीतीश कुमार से अलग होकर भाजपा चुनाव में उतरी तो उसकी पराजय के साथ दुर्गति हो जाएगी, यही कारण है कि भाजपा नीतीश कुमार के कई बार पलटी मारने के बाद भी भाजपा कभी नीतीश के लिए विद्वेष नहीं दशार्ती, आलोचना बात अलग है कुछ अपवाद छोड़ दिया जाए तो यह भी सच है। आज केंद्र की सरकार में नीतीश कुमार का समर्थन है, भाजपा नीतीश कुमार की ताकत से वाकिफ है, यही कारण है कि महाराष्ट्र की तरह कोई राजनीतिक हलचल नहीं हो रही अन्यथा नीतीश कुमार केंद्र में सरकार को अस्थिर कार सकते हैं लेकिन नीतीश कुमार की बेदाग छवि सारे दल8शों को लुभाती है, और वो उनके लिए फायदेमन्द होती है, यही कारण है कि आरजेडी, भाजपा, कांग्रेस हमेशा नीतीश कुमार को सीएम बनाते हैं चूंकि नीतीश कुमार को दरकिनार करके सीएम बनाना भाजपा एवं आरजेडी के बस की बात नहीं है। प्रशांत किशोर के मैदान में उतरने के बाद ज़्यादा नुकसान एनडीए को होगा या महागठबंधन का ये तो कहना मुश्किल है परंतु नीतीश कुमार का फायदा होना तय है। परिस्थिति कोई भी हो, कोई भी राजनीतिक दल नीतीश कुमार को हल्के में नहीं ले सकता, अन्यथा नुकसान उनका ही होगा। आरजेडी कांग्रेस के साथ सामंज्य स्थापित करते हुए बड़ी कठिन परिस्थितियों से गुजर रही है, वहीँ उनकी परिवारिक कलह उन्हें सत्ता से बहुत दूर ले जा सकती है। आरजेडी के पास नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहने के अलावा कोई आरोप नहीं है, नीतीश कुमार सीएम बनने के लिए ही सीएम पद से इस्तीफा दे देते हैं, ये बात नेताओ के लिए बोलना आसान होती होगी, यही कारण है कि जनता में संदेश जाता है कि नीतीश कुमार को काम करने नहीं दिया जा रहा इसलिए वे पलटी मार जाते हैं, उनकी पलटी मारने की कला जनता एवं राजनीतिक दलों में घृणा कारण नहीं है। भाजपा फिर से एनडीए सरकार के नारे जरूर लगा रही है, परंतु नीतीश कुमार के बिना उनका सीएम बनना दिन में सपने देखने से कम नहीं होगा। बिहार में फि लहाल नीतीश कुमार के बिना भाजपा का सरकार बना पाना मुश्किल है, साथ ही आरजेडी कितना भी माहौल बनाए उन्हें पता है कि नीतीश कुमार को हल्के में लेने की भूल उन्हें सस्ता से बहुत दूर ले जाएगी... यही कारण है कि बिहार में किंग एवं किंग मेकर की भूमिका में लेवल और केवल नीतीश कुमार होंगे।

# अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें, भारत के नये अवसर

-ललित गर्ग-

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीजा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है।

निश्चित ही अमेरिका दशकों से अवसरों की भूमि माना जाता रहा है। यहां आने का सपना रखने वालों के लिए एच1बी वीजा एक सुनहरा टिकट एवं उन्नत जीवन का आधार रहा है। हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ इस वीजा के माध्यम से अमेरिका जाकर अपने सपनों को साकार करते रहे हैं। सिलिकॉन वैली की चमक और वहां भारतीय प्रतिभाओं का वर्चस्व इसका जीता-जागता प्रमाण है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और फेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों में उच्च तकनीकी पदों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति सर्वाधिक है। भारतीय आईटी पेशेवरों के बिना अमेरिकी तकनीकी जगत की कल्पना करना कठिन है। एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों विशेषतः भारतीय प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है। भले ही ट्रंप प्रशासन का यह आदेश उनकी अमेरिका फर्स्ट नीति की अगली कड़ी है। उनका तर्क है कि विदेशी पेशेवर सस्ते श्रम के रूप में अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। शुल्क इतना अधिक करके वे चाहते हैं कि केवल वही विदेशी पेशेवर अमेरिका आएं, जो न केवल उच्च योग्यता रखते हों बल्कि भारी शुल्क अदा करने की क्षमता भी रखते हों। लेकिन यह कदम अमेरिका के लिये ही आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भारी जरूरत है और भारतीय आईटी पेशेवरों की कमी वहां सीधे तौर पर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी। ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए।

पहले भारतीय प्रतिभा अमेरिका की ओर बहती थी, अब यह प्रवाह कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर की ओर मुड़ सकता है। छात्र और युवा पेशेवर पहले से ही अमेरिकी वीजा नीतियों को लेकर असमंजस में रहते थे। अब यह आदेश उनके आत्मविश्वास और योजनाओं को और झकझोर देगा। हालांकि एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि कई युवा भारत में ही स्टार्टअप्स, शोध और नई तकनीक के क्षेत्रों में काम करने की ओर आकर्षित होंगे। भारत पर इस नीति का असर केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक असर डाल सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो आदि अमेरिका में बड़े पैमाने पर कार्यरत हैं। एच1बी वीजा पर निर्भरता ज्यादा होने के कारण उनका खर्च बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारतीय पेशेवर हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, वीजा बाधाओं से यह प्रवाह घटेगा। हजारों भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा लेकर वहीं काम करने का सपना देखते हैं। अब शुल्क की बाधा उनके लिए अमेरिका को कम आकर्षक बनाएगी। साथ ही भारत में ही वैश्विक स्तर के शोध और नवाचार केंद्र विकसित करने की संभावना भी बढ़ेगी।

अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन ट्रंप के निर्णय से यह संदेश गया है कि अमेरिका भारत को साझेदार तो मानता है, लेकिन जब घरेलू राजनीति का दबाव आता है तो साझेदारी पीछे छूट जाती है। भारत-अमेरिका संबंधों का आधार लोगों से लोगों का संपर्क रहा है। यदि भारतीय पेशेवर अमेरिका में कम होते हैं तो यह आधार कमजोर होगा। इन जटिल से जटिलतर होती स्थितियों में भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम भारतीय हितों को आहत करने वाले उठा सकते हैं। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे अब भी भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है। चौंकाने वाले फैसले लेना भले ही ट्रंप की आदत हो, लेकिन सेवा क्षेत्र में पहली बार अपनी संरक्षणवादी नीति के दर्शन करा, वह भूल रहे हैं कि अमेरिका को बनाने में अप्रवासियों की बड़ी भूमिका रही है। सिलिकॉन वैली के करीब एक-तिहाई टेक-कर्मचारी भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्यून 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में शीर्ष पर भारतीय बैठे हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इंजन भी हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे, जिनका कुल मूल्य करीब 195 अरब डॉलर आंका गया था। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। अमेरिकी आबादी में बमुश्किल डेढ़ फीसदी होने के बावजूद भारतीय पांच से छह फीसदी कर अदा करते हैं। नैसकॉम का यह कहना उचित ही है कि एच-1बी वीजा जैसे फैसलों का नकारात्मक असर अमेरिका में नवाचार के माहौल और रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। दुनिया के अन्य देशों की नीतियों से तुलना की जाए तो कनाडा प्रवासी पेशेवरों और छात्रों को आकर्षित करने के लिए वीजा और स्थायी निवास की नीतियों को सरल बना रहा है। जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया तकनीकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए रेड कार्पेट बिछा रहे हैं, जबकि अमेरिका उल्टा रास्ता चुन रहा है जो दीर्घकाल में उसे वैश्विक प्रतिभा की कमी की ओर धकेल सकता है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह प्रतिभाओं के पलायन को रोकने के लिए अपनी नीतियों और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाए। शिक्षा, शोध और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर भारत अमेरिका के विकल्प के रूप में उभर सकता है। अमेरिका के लिए यह कदम उसके उस आदर्श को धूमिल करेगा जिसके अनुसार वह इमिग्रेशन की भूमि कहलाता है और उसकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता को कमजोर करेगा। रवींद्रनाथ टैगोर की ये पंक्तियाँ यहां सार्थक लगती हैं-स्वतंत्रता वह है, जहां ज्ञान निर्भय होता है और दुनिया सीमाओं से विभाजित नहीं होती। अमेरिका की यह दीवार प्रतिभा की उड़ान को थाम नहीं पाएगी। भारतीय युवाओं को अब अपने ही देश को अवसरों की भूमि में बदलना होगा।

# जीएसटी सुधार से स्वदेशी तक : सब पाखंड ही पाखंड

-राजेंद्र शर्मा-

बहरहाल, जीएसटी में निर्णय की जो औपचारिक व्यवस्था है, जिसमें जीएसटी परिषद के माध्यम से राज्यों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने की खाना-पूर्ति ही की जाती है और उसके हिसाब से प्रधानमंत्री को ऐसी घोषणा करने कोई अधिकार ही नहीं था, जब तब तक जीएसटी परिषद विचार के बाद ऐसे निर्णय पर नहीं पहुंचती। बहरहाल, जीएसटी की व्यवस्था में राज्यों को बराबरी का भागीदारी बनाने के पाखंड का चोगा उतारते हुए, न सिर्फ प्रधानमंत्री द्वारा इकतरफा तरीके से इस साझा कर में इकतरफा बदलाव की घोषणा कर दी गयी, उसके बाद गुजरे दो-तीन हफ्तों में सीधे केंद्र सरकार के निर्देश पर, संबंधित बदलावों पर कथित रूप से विचार करने की खाना-पूर्ति कर के, अनुमोदन की मोहर भी लगा दी गयी। नरेंद्र मोदी और उनकी भाजपा तथा संघ परिवार ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वे हिटलर के प्रचारमंत्री, गोयबल्स के इस सिद्धांत के पक्के अनुयाई हैं कि सौ बार झूठ बोलो और बड़ा झूठ बोलो, तो लोगों से कुछ भी सच मनवाया जा सकता है। इस बार यह जीएसटी में कथित "सुधार" या जीएसटी 2.0 के नाम पर किया जा रहा है। खुद प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र के नाम एक विशेष संबोधन करने के लिए आए, ताकि लोगों से यह मनवा सकें कि लगभग आठ साल जीएसटी के नाम पर, असमानतापूर्ण तरीके से आम लोगों के अंधाधुंध लूटे जाने के बाद, इस लूट का मामूली तरीके से कम किया जाना, आंशिक रूप से गलती का सुधार नहीं है बल्कि कोई बहुत बड़ी सौगात है जो मोदी सरकार लोगों को दे रही है, कोई कृपा है जो यह सरकार लोगों पर कर रही है। गोयबल्स की शिक्षा चूंकि बड़ा झूठ बोलने की थी, इसे जनता के लिए एक "बचत उत्सव" ही बताया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री के दावे के अनुसार "सब का मुंह मीठा" होने जा रहा है। और मोदी राज में चूंकि हरेक सरकारी निर्णय को हिंदुत्ववादी रंग में रंगा जाना ही नया नियम बना दिया गया है, इस कथित "मिठाई" को भी हिंदू त्योहारों के सीजन के साथ जोड़ दिया गया है, जिसके बांटे जाने की शुरूआत नवरात्रि से करने का विशेष ध्यान रखा गया है।

बेशक, बहुत से लोगों के मन में इस पर कई सवाल हैं कि प्रधानमंत्री को कथित "बचत उत्सव" की घोषणा करने के लिए खुद सामने आने और राष्ट्र के नाम संबोधन का सहारा लेने की क्या जरूरत थी? ये सवाल इसके बावजूद पूछे जा रहे हैं कि यह तो सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी, अपनी सरकार की मामूली से मामूली राहत का श्रेय, सीधे खुद ही लेना बहुत जरूरी समझते हैं। जो प्रधानमंत्री, नयी ट्रेनों को झंडी दिखाकर रवाना करने तक की लाइम लाइट किसी के साथ साझा नहीं करता हो, वह कथित रूप से 2 लाख करोड़ रु. सालाना से ज्यादा की कर राहत का श्रेय बटोरने के लिए राष्ट्रको संबोधित करने में संकोच कर रहा होता, तब ही हैरानी की बात होती। लेकिन, इस मामले में तो श्रेय का दावा नहीं करने या श्रेय किसी के साथ साझा करने का भी कोई सवाल नहीं था। ठीक सवा महीना पहले, लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में प्रधानमंत्री प्रजा को यह सौगात मिलने और नवरात्रि से ही मिलने का बाकायदा और पर्याप्त विस्तार से एलान कर चुके थे, जिसे उसके बाद सूत्रों से आयी जानकारियों के जरिए प्रस्तावित "जीएसटी सुधार" के ब्यौरों के साथ बात आगे भी बढ़ाया जा चुका था। बहरहाल, जीएसटी में निर्णय की जो औपचारिक व्यवस्था है, जिसमें जीएसटी परिषद के माध्यम से राज्यों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने की खाना-पूर्ति ही की जाती है और उसके हिसाब से प्रधानमंत्री को ऐसी घोषणा करने कोई अधिकार ही नहीं था, जब तब तक जीएसटी परिषद विचार के बाद ऐसे निर्णय पर नहीं पहुंचती। बहरहाल, जीएसटी की व्यवस्था में राज्यों को बराबरी का भागीदारी बनाने के पाखंड का चोगा उतारते हुए, न सिर्फ प्रधानमंत्री द्वारा इकतरफा तरीके से इस साझा कर में इकतरफा बदलाव की घोषणा कर दी गयी, उसके बाद गुजरे दो-तीन हफ्तों में सीधे केंद्र सरकार के निर्देश पर, संबंधित बदलावों पर कथित रूप से विचार करने की खाना-पूर्ति कर के, अनुमोदन की मोहर भी लगा दी गयी। और यह सब कथित रूप से सर्वसम्मति से हुआ क्योंकि 2017 में थोपी गयी जीएसटी की अंधाधुंध लूट में जो भी थोड़ी-बहुत कमी की जा रही थी, उसका विरोध तो कोई राजनीतिक पार्टी कर भी कैसे सकती थी। फिर भी 15 अगस्त की मूल घोषणा और 22 सितंबर से जीएसटी कर राहतों का लागू होना शुरू होने के बीच के करीब सवा महीने में ही, प्रधानमंत्री को दोबारा राष्ट्र को यह याद दिलाने की जरूरत पड़ गयी कि यह सौगात उन्हीं ने दी है। यह जितना अपने तीसरे कार्यकाल में नरेंद्र मोदी की राजनीतिक, जन-समर्थन के पहलू से असुरक्षा को दिखाता है, उतना ही गोयबल्स की सीख पर उनकी बढ़ती निर्भरता को दिखाता है। यह अकारण ही नहीं है कि एक प्रकार से समूचे उद्योग जगत से इस "जीएसटी सुधार" के लिए विज्ञापनों की भाषा में "थैंक यू मोदी जी" का जयगान कराने के बाद, अब भाजपा के तमाम सांसदों समेत, समूची भाजपा और जहां तक हो सके एनडीए को भी, पूरे हफ्ते भर के जीएसटी-प्रचार अभियान का टास्क सौंप दिया गया है। एक प्रकार से इसी प्रचार अभियान की शुरूआत खुद प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन से हुई है। लेकिन, जीएसटी रियायतों को प्रचार के जरिए फुलाकर, उनके वास्तविक आकार से कई गुना बड़ा करने की ये कोशिशें, खासतौर पर बाजार की पदयात्राओं के जरिए, जीएसटी की सबसे घातक मार झेलने वाले लघु तथा सूक्ष्म उद्योगों या एमएसएमई के घावों को कितना भर पाएंगी, कहना मुश्किल है। यह एक जानी-मानी सचाई है कि 2017 में बहुत ही तड़क-भड़क के साथ और वास्तव में 15 अगस्त 1947 के मध्य-रात्रि के स्वतंत्रता की घोषणा करने वाले संसद के विशेष सत्र की भोंडी नकल पर, "एक देश, एक टैक्स" के नारे के साथ, मध्य रात्रि के संसद सत्र से घोषित जीएसटी ने व्यवस्था की, सबसे विध्वंसक मार एमएसएमई क्षेत्र पर ही पड़ी है, जो कृषि के बाद हमारे देश में सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार देने वाला क्षेत्र है। इस विध्वंस का इस दौर में बेरोजगारी को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचाने में सबसे बड़ा योगदान रहा है। इशारों में सरकार की ओर किए जा रहे प्रचार के विपरीत, कथित जीएसटी सुधार, एसएसएमई के कई उत्पादों की कीमतों में कुछ कमी तो जरूर कर सकते हैं, लेकिन जीएसटी द्वारा पैदा किए गए संकट से इस क्षेत्र को उबार नहीं सकते हैं। वास्तव में यह बाल काटकर मुर्दे के हल्का हो जाने की उम्मीद करने का ही मामला है। लेकिन, एमएमएमई पर घातक प्रकार, उसके लिए जीएसटी की प्रभावी दरें ज्यादा रही होने भर का मामला नहीं है। यह एक कर व्यवस्था के रूप में जीएसटी के अपनी डिजाइन में ही एमएसएमई विरोधी होने का मामला है। सभी जानते हैं और जीएसटी को यह कहकर बराबर प्रचारित भी किया जाता रहा है कि यह अर्थव्यवस्था के अनौपचारिक क्षेत्र को, औपचारिक क्षेत्र बनाने का उद्यम है। लेकिन, भारतीय अर्थव्यवस्था के दुर्भाग्य से अनौपचारिक क्षेत्र को, जो हमारी अर्थव्यवस्था का बहुत बड़ा हिस्सा है, जबर्दस्ती औपचारिक अर्थव्यवस्था में धकियाने की यह कोशिश, मर्ज के साथ मरीज को भी मारने वाली कोशिश साबित हुई है। जीएसटी की दरों में मामूली कमी से यह संकट हल होने वाला नहीं है। मोदी राज के सारे प्रचार हंगामे के बावजूद, यह भी किसी से छुपा हुआ नहीं है कि जीएसटी दरों में की गयी कमी, एक मामूली कटौती से किसी भी तरह ज्यादा नहीं है। याद रहे कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में भी, छः महीने पहले बजट में घोषित आयकर दरों में कटौतियों को जोड़कर भी, कुल 2.5 लाख करोड़ रु. लोगों के पास बचने की घोषणा की है। याद रहे कि 2024-25 में कुल जीएसटी राजस्व 22.08 लाख करोड़ रहा था यानी आयकर रियायत को भी जोड़कर, यह रियायत कुल जीएसटी राजस्व के 10वें हिस्से के बराबर ही रहने जा रही है।

# बानू मुश्ताक : मैसूर दशहरा में हिंदू आस्था पर राजनीतिक प्रहार

-डॉ. मयंक चतुर्वेदी-

भारत की सबसे बड़ी पहचान उसकी सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक सहिष्णुता है। यहां सहअस्तित्व की परंपरा सदियों से रही है। किंतु इस परंपरा का लाभ उठाकर तुष्टिकरण की राजनीति ने भारतीय समाज को भीतर से कितना कमजोर किया है, इसका उदाहरण एक बार फिर कर्नाटक से सामने आया है। हाल ही में कर्नाटक के मैसूर दशहरा महोत्सव में घटित प्रकरण देखा जा सकता है।

22 सितंबर 2025, सोमवार को नवरात्रि का प्रारंभ हुआ। यह वह समय था जब देशभर के मंदिरों में कलश स्थापना और देवी की पूजा-अर्चना की जा रही थी। किंतु इसी दिन कांग्रेस शासित कर्नाटक में कहीं ऐसा भी कुछ घट रहा था जो लाखों हिंदुओं की आस्था को आहत पहुंचा रहा था। मैसूर का विश्व प्रसिद्ध दशहरा महोत्सव, जिसकी शुरूआत माँ चामुंडेश्वरी मंदिर से होती है, इस बार बानू मुश्ताक नामक मुस्लिम लेखिका के हाथों सम्पन्न कराया गया। उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर देवी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए और अनुष्ठान की औपचारिक शुरूआत की। पहली नजर में यह शायद समावेशिता और धार्मिक सौहार्द का प्रयास लगे, लेकिन इसकी हकीकत वस्तुतः हिंदू आस्था पर सीधा प्रहार है। क्योंकि बानू मुश्ताक न केवल इस्लामिक पृष्ठभूमि से आती हैं बल्कि वे बार-बार सार्वजनिक मंचों पर देवी-पूजा को अंधविश्वास करार देती रही हैं। उन्होंने देवी की शक्ति को नकारते हुए पूर्व के अपने कथनों में कई बार कहा है कि वास्तविक शक्ति किसी मूर्ति से नहीं, बल्कि निराकार (अल्लाह) से आती है। इसे आप उनका सीधे-सीधे हिंदू देवी-पूजा पर चोट करना भी मान सकते हैं।

इतना ही नहीं, उन्होंने कन्नड़ भाषा और संस्कृति पर भी सवाल उठाए हैं। कन्नड़भाषी समुदाय लंबे समय से भाषा को देवी सरस्वती से जोड़कर गर्व महसूस करता है। लेकिन बानू मुश्ताक का कथन है कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम है, इसका देवी से कोई लेना-देना नहीं। इसे देवी सरस्वती की देन मानना भटकाव है। यह वक्तव्य कन्नड़भाषियों की गहरी आस्था को चोट पहुँचाने वाला तो है ही, साथ में हर उस हिन्दू का अपमान है, जो भाषाओं में मां सरस्वती का आराधन करते हैं। यही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि देवी-देवताओं की पूजा समाज को विभाजित करती है और समानता तभी संभव है जब लोग मूर्तियों से ऊपर उठकर एक ईश्वर को मानेंगे। यह दृष्टिकोण पूरी तरह इस्लामी एकेश्वरवाद का परिप्रेक्ष्य है, जो बहुदेववाद को नकारता है। स्पष्ट है कि जिन विचारों में दशहरा जैसे पर्व की आत्मा को नकारा जाता है, उन्हीं विचारों से जुड़े व्यक्ति को मुख्य अतिथि बनाना क्या ये हिंदू समाज की भावनाओं का अपमान नहीं है?

महिला सशक्तिकरण पर भी उनके विचार विवादित हैं। उन्होंने कहा कि महिला को शक्ति देवी दुर्गा या चामुंडेश्वरी से नहीं मिलती, बल्कि शिक्षा और अधिकारों से मिलती है। पहली नजर में यह प्रगतिशील विचार लगता है, परंतु जब इसे देवी-पूजा को नकारते हुए प्रस्तुत किया जाता है तो यह उस मानसिकता को दशार्ता है जो पारंपरिक आस्था को खारिज करने पर आमादा है।

महिला सशक्तिकरण पर भी उनके विचार विवादित हैं। उन्होंने कहा कि महिला को शक्ति देवी दुर्गा या चामुंडेश्वरी से नहीं मिलती, बल्कि शिक्षा और अधिकारों से मिलती है। पहली नजर में यह प्रगतिशील विचार लगता है, परंतु जब इसे देवी-पूजा को नकारते हुए प्रस्तुत किया जाता है तो यह उस मानसिकता को दशार्ता है जो पारंपरिक आस्था को खारिज करने पर आमादा है। विडंबना यह है कि इस्लाम के भीतर महिला अधिकारों पर प्रश्न उठाने से वह हमेशा बचती रही हैं, लेकिन सनातन परंपरा को कटघरे में खड़ा करने से कभी नहीं चूकतीं।

अब प्रश्न उठता है कि आखिर ऐसी महिला को दशहरा जैसे महोत्सव का मुख्य अतिथि क्यों बनाया गया? उत्तर स्पष्ट है कि यह तुष्टिकरण की राजनीति का हिस्सा है। कांग्रेस सरकार दिखा रही है कि वह अल्पसंख्यक समुदाय की प्रतिनिधि है, सरकार बानू मुश्ताक के जरिए स्पष्ट तौर पर बता रही है कि वो जो चाहे कर सकती है, बहुसंख्यक परंपराओं के केंद्र में बैठ कर उसे जो करना होगा वह करेगी और कोई उसका कुछ नहीं कर सकता। देखा जाए तो यह केवल धार्मिक तटस्थता का प्रयास नहीं, बल्कि बहुसंख्यक आस्थाओं की अवहेलना और अपमान है। इस पूरे मामले को जब न्यायालय में चुनौती दी गई तो अदालत ने इसे "सरकारी कार्यक्रम" कहकर याचिका खारिज कर दी। सवाल यह है कि क्या सदियों से चला आ रहा एक आगमिक अनुष्ठान महज सरकारी आयोजन है? फिर तो हर बड़े आयोजन और मंदिरों में सरकार का हस्तक्षेप है, कल को हर कार्यक्रम में जिसमें सरकार इस तरह से करना चाहेगी, वो करेगी और हिन्दू सिर्फ सामने से देखता रहेगा? कहने को यह विवाद केवल एक आयोजन का है, परंतु इसके दूरगामी निहितार्थ हैं। इससे यह संदेश गया है कि हिंदू पर्व और परंपराएँ अब राजनीतिक सौदेबाजी के लिए बिकाऊ वस्तु बन चुकी हैं। यह समाज की सांस्कृतिक अस्मिता के लिए गंभीर खतरा है। यदि आज हिंदू समाज सजग नहीं होगा, तो कल उसके मंदिर, उसकी परंपराएँ और उसकी आस्थाएँ पूरी तरह से राजनीतिक प्रयोगशाला में बदल जाएँगी। यहां यह प्रश्न भी उठता है कि क्या यह पहली बार हुआ है जब कांग्रेस ने हिंदुओं की आस्था पर प्रहार किया? बिल्कुल नहीं। अतीत में ऐसे सैकड़ों उदाहरण भरे पड़े हैं जब मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदू परंपराओं को नीचा दिखाया गया। लेकिन सवाल यह है कि आखिर बार-बार कांग्रेस को यह अवसर कौन देता है? जवाब स्पष्ट है, वही हिन्दू जनता, जो वोट डालते समय अपनी आस्था और अस्मिता को भूल जाती है और फिर बाद में उसकी उपेक्षा पर विलाप करती है।

आज आवश्यकता है आत्ममंथन की। क्या हम अपनी परंपराओं की रक्षा के लिए खड़े होंगे या केवल सोशल मीडिया पर आक्रोश व्यक्त करके संतोष कर लेंगे? क्या हम अपने पर्वों और अनुष्ठानों को किसी सरकार या अदालत की व्याख्या पर छोड़ देंगे या स्वयं उनकी गरिमा की रक्षा करेंगे?

यह प्रकरण हमें याद दिलाता है कि मंदिर, अनुष्ठान और परंपराएँ किसी सरकार या व्यक्ति की बपौती नहीं हैं। ये सदियों से चले आ रहे सांस्कृतिक-सांस्कृतिक विरासत हैं, जिनकी रक्षा का दायित्व स्वयं समाज का है। यदि हिंदू समाज स्वयं नहीं जागेगा तो आने वाले समय में भी उसकी आस्थाएँ लगातार अपमानित होती रहेंगी।

यह घटना चेतावनी है कि यदि अब भी हिंदू समाज नहीं जागा तो उसकी सांस्कृतिक अस्मिता धीरे-धीरे मिटा दी जाएगी। दोष कांग्रेस या अदालत का नहीं, दोष हमारी अपनी निष्क्रियता का होगा। हमें स्वयं अपनी परंपराओं, अपने मंदिरों और अपनी आस्थाओं की रक्षा करनी होगी, क्योंकि यह कार्य न तो कोई सरकार करेगी, न अदालत और न ही किसी अन्य का यह कार्य है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

## क्या आप भी बार- बार करवाते हैं फेस क्लीन-अप ? तो जानिए इसके फायदे हैं या नुकसान



आजकल फेस क्लीन-अप स्किन केयर रूटीन का अहम हिस्सा बन गया है। कई लोग इसे हर महीने करवाते हैं ताकि चेहरा साफ और ग्लोइंग बना रहे। लेकिन बहुत से लोगों के मन में यह सवाल होता है कि क्या सचमुच मासिक फेस क्लीन-अप सुरक्षित हैं नहीं? चलिए जानते हैं इस सवाल का जवाब।

### फेस क्लीन-अप क्या है?

फेस क्लीन-अप एक स्किन ट्रीटमेंट है जिसमें चेहरे की गहराई तक सफाई की जाती है। इसमें क्लींजिंग, स्क्रबिंग, स्टीम, ब्लैकहेड/व्हाइटहेड रिमूवल और फेस पैक लगाया जाता है। यह फेशियल से हल्का और कम समय लेने वाला होता है।

### मासिक फेस क्लीन-अप के फायदे

गहराई से सफाई- इससे धूल, मिट्टी, पसीना और ऑयल के कारण जमी गंदगी हटती है।

एक्ने और ब्लैकहेड्स में राहत- इससे पोर्स साफ हो जाते हैं जिससे पिंपल्स कम होते हैं।

ग्लोइंग स्किन- डेड स्किन सेल्स हटने से चेहरा चमकने लगता है।

खून का संचार बेहतर- मसाज से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और स्किन हेल्दी दिखती है।

कम खर्चीला- यह फेशियल से सस्ता और जल्दी हो जाने वाला प्रोसेस है।

### किन बातों का ध्यान रखें?

संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को हर महीने क्लीन-अप करने से जलन, लालिमा या एलर्जी हो सकती है। बार-बार स्क्रबिंग या स्टीम लेने से ड्रायनेस और इरीटेशन हो सकती है। अगर किसी को एक्टिव एक्ने, रैशेज़ या स्किन डिज़ीज है तो पहले डॉक्टर या डर्मेटोलॉजिस्ट से सलाह लें। क्लीन-अप हमेशा साफ-सुथरे और प्रोफेशनल सैलून/क्लिनिक में ही करवाएं।

### किसे कितनी बार करवाना चाहिए?

ऑयली या नॉर्मल स्किन वालों के लिए महीने में एक बार क्लीन-अप करवाना फायदेमंद है। ड्राय या सेंसिटिव स्किन के लिए 6-8 हफ्तों में एक बार ही पर्याप्त है। पिंपल्स/एलर्जी प्रोन स्किन वाले डॉक्टर की सलाह पर ही क्लीन-अप करवाएं। मासिक फेस क्लीन-अप ज्यादातर लोगों के लिए सुरक्षित है, बशर्ते यह आपकी स्किन टाइप के हिसाब से और सही तरीके से किया जाए।



# क्या आप भी रोज फाउंडेशन लगाते हैं?

**आज के जमाने में मेकअप महिलाओं के जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। खासकर फाउंडेशन का इस्तेमाल चेहरे की त्वचा को एक समान टोन देने, दाग-धब्बों और असमान रंगत को छुपाने के लिए किया जाता है। फाउंडेशन से चेहरे का लुक निखरता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि रोजाना फाउंडेशन लगाने से आपकी त्वचा को नुकसान भी पहुंच सकता है? यह आर्टिकल उन खतरों को विस्तार से समझाएगा, जो फाउंडेशन के निरंतर उपयोग से हो सकते हैं, साथ ही इन नुकसान से बचने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी देगा।**

### फाउंडेशन क्या है और क्यों इस्तेमाल करते हैं?

फाउंडेशन एक प्रकार का मेकअप प्रोडक्ट है जो चेहरे की रंगत को एक समान बनाता है और त्वचा की खामियों को छुपाता है। यह कई तरह के फॉर्मूलों में आता है। लिक्विड, पाउडर, क्रीम या स्टिक के रूप में। फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य चेहरे को एकदम फ्रेश, स्मूथ और चमकदार बनाना होता है।

### रोजाना फाउंडेशन लगाने के नुकसान

#### 1. पोर क्लॉगिंग

फाउंडेशन में कई बार भारी क्रीम्स और केमिकल्स होते हैं जो आपकी त्वचा के पोर्स को बंद कर देते हैं। पोर्स बंद होने से त्वचा सांस नहीं ले पाती और इससे पिंपल्स, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स जैसी समस्याएं जन्म लेती हैं। अगर पोर्स लगातार बंद रहे तो त्वचा की स्वाभाविक सफाई में बाधा आती है।

#### 2. त्वचा की सांस लेने की क्षमता कम होना

त्वचा भी एक जिंदा अंग है जिसे ऑक्सीजन की जरूरत होती है। जब आप रोजाना फाउंडेशन लगाते हैं, तो त्वचा की सतह पर एक परत जम जाती है जो ऑक्सीजन के प्रवेश को रोकती है। इससे त्वचा का नेचुरल ग्लो कम हो जाता है और आपकी त्वचा दम तोड़ने लगती है।

#### 3. त्वचा की जलन और एलर्जी

फाउंडेशन में मौजूद केमिकल्स, परफ्यूम और प्रिजर्वेटिव्स कई बार त्वचा के लिए एलर्जी पैदा कर सकते हैं। खासकर संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को फाउंडेशन से रैशेस, खुजली और सूजन जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस लिए रोज- रोज फाउंडेशन नहीं लगाना चाहिए।

#### 4. त्वचा का रूखा होना

कई फाउंडेशन त्वचा से नमी सोख लेते हैं जिससे त्वचा रूखी, खुरदरी और बेजान दिखने लगती है। सूखी त्वचा पर फाउंडेशन ठीक से नहीं लगता, जिससे मेकअप का लुक भी खराब होता है।

#### 5. त्वचा की उम्र जल्दी बढ़ना

फाउंडेशन में मौजूद कुछ हार्श केमिकल्स त्वचा के प्राकृतिक कोलेजन और इलास्टिन को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे त्वचा जल्दी बुढ़ाने लगती है और झुर्रियों, लाइनें पड़ने लगती हैं।

#### 6. धूप से नुकसान और टैनिंग

अधिकतर फाउंडेशन में पर्याप्त स्क्रस्न नहीं होता, जिससे त्वचा सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से सुरक्षित नहीं रहती। इसके कारण त्वचा टैनिंग, डार्क स्पॉट्स और झुर्रियों का शिकार हो सकती है।

#### 7. त्वचा में बैक्टीरिया का विकास

रोजाना मेकअप के कारण त्वचा की सफाई ठीक से न हो पाये तो त्वचा में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। इससे चेहरे पर फोड़े-फुंसी, संक्रमण और सूजन की समस्या हो सकती है।

### फाउंडेशन लगाने से होने वाले और भी संभावित नुकसान

मुंहासे की समस्या बढ़ना : क्लॉग्ड पोर्स और त्वचा पर जमा मैल मुंहासे को बढ़ावा देते हैं।

त्वचा का रंग फीका पड़ना- लगातार केमिकल्स के संपर्क में रहने से त्वचा का प्राकृतिक रंग फीका पड़ सकता है।

त्वचा की संवेदनशीलता बढ़ना: केमिकल प्रोडक्ट्स की वजह से त्वचा और अधिक संवेदनशील हो जाती है और पर्यावरणीय कारकों का असर ज्यादा होता है।

### फाउंडेशन लगाने से बचने और त्वचा को स्वस्थ रखने के टिप्स

1. हर दिन मेकअप हटाएं : रोजाना फाउंडेशन लगाने के बाद रात को सही तरीके से मेकअप हटाना बहुत जरूरी है। मेकअप रिमूवर या क्लीनिंग ऑयल का इस्तेमाल करें और चेहरे को गुनगुने पानी से धोएं। इससे पोर्स खुलेंगे और त्वचा सांस ले सकेगी।

2. हल्का फाउंडेशन या बी.बी. क्रीम चुनें - रोजाना के इस्तेमाल के लिए भारी और मोटे फॉर्मूले वाले फाउंडेशन की जगह हल्का, ऑयल फ्री और स्किन फ्रेंडली बी.बी. क्रीम या टिंटेड मॉइस्चराइजर का चयन करें।

3. मॉइस्चराइजर और प्राइमर जरूर लगाएं : फाउंडेशन लगाने से पहले त्वचा को मॉइस्चराइजर से हाइड्रेट करें। प्राइमर लगाने से फाउंडेशन की परत त्वचा पर अच्छी तरह चिपकती है और मेकअप ज्यादा समय तक टिकता है।

4. साप्ताहिक स्किन केयर रूटीन अपनाएं : हफ्ते में एक या दो बार एक्सफोलिएशन और डीप क्लीनिंग करें ताकि मृत त्वचा की परत हटे और पोर्स साफ़ रहें। जिससे चेहरा चमकने लगे।

5. सनस्क्रीन का उपयोग करें : फाउंडेशन के ऊपर भी एक अच्छा एसपीएफ वाला सनस्क्रीन लगाना न भूलें। यह त्वचा को यूवी किरणों से बचाता है और टैनिंग से रोकता है।

6. त्वचा को आराम दें : सप्ताह में कम से कम एक या दो दिन बिना फाउंडेशन के बिताएं ताकि त्वचा को सांस लेने का मौका मिले और वह पुन : स्वस्थ हो सके।

7. नेचुरल और ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स चुनें : जिन फाउंडेशन में हानिकारक केमिकल्स नहीं होते, वे आपकी त्वचा के लिए बेहतर होते हैं। ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से त्वचा को नुकसान कम होता है और नैचुरल ग्लो भी मिलता है।

फाउंडेशन का सही इस्तेमाल आपकी खूबसूरती को निखार सकता है, लेकिन इसका रोजाना और अधिक इस्तेमाल आपकी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। पिंपल्स, ड्राईनेस, एलर्जी, और बुढ़ापा जैसे कई नुकसान फाउंडेशन के गलत और ज्यादा इस्तेमाल से हो सकते हैं। इसलिए मेकअप के साथ-साथ अपनी त्वचा की देखभाल पर भी ध्यान देना बेहद जरूरी है। सही प्रोडक्ट चुनें, नियमित रूप से त्वचा की सफाई करें, और त्वचा को आराम भी दें।



# कम बजट और कम समय में घर की सजावट

**आज के समय में लोग अपने घर के इंटीरियर को खूबसूरत लुक देने के लिए कई तरह के प्रयोग करते हैं. कई तरह की थीम का चुनाव कर आकर्षक बनाते हैं. जिसमें अच्छा खासा पैसा भी खर्च किया जाता है. इंटीरियर आज के समय की मांग है जिसे ज्यादातर लोग करवाना पसंद करते हैं. बहुत से लोग ऐसे भी हैं जो अपने घर का इंटीरियर लुक बदलना तो चाहते हैं लेकिन उनके पास इसके लिए अच्छा बजट नहीं होता या फिर समय की कमी होती है. यदि आप भी कम खर्च और कम समय में अपने घर को सुन्दर बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आपको बहुत सारे पैसे खर्च करने की जरुरत नहीं है. हम आपको बताते हैं कि किस तरह आप कम खर्च और कम समय में अपने घर को एक आकर्षक लुक दे सकते हैं.**



### रंग/प्रकार के आधार पर समूह बनाएं

रंग/प्रकार सभी घर की सजावट के विचारों के लिए एक महत्वपूर्ण विचार है। क्यूरियोस को अलग दिखाने के लिए, उन्हें घर के चारों ओर बिखेरने के बजाय रंग के आधार पर समूहीकृत करने पर विचार करें। आप अपने घर में क्षेत्रों को परिभाषित करने के लिए सजावट की वस्तुओं को रंग, रूप या प्रकार के आधार पर समूहीकृत कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, भोजन क्षेत्र नीला हो सकता है, जबकि एक खुली मंजिल की योजना में रहने की जगह बरगंडी टोन लेती है। इसी तरह, आप लिविंग एरिया में फ्लोटिंग शेल्फ या कैबिनेट पर क्यूरियोस और डाइनिंग स्पेस या हॉलवे में प्राचीन वस्तुओं या संग्रहणीय वस्तुओं को प्रदर्शित कर सकते हैं।

### खेल-खेल में पुन: उपयोग करें

आपको अपने घर को सजाने के लिए हमेशा नई चीजें खरीदने की ज़रूरत नहीं है। अपने पास जो कुछ भी है उसे देखें और सोचें कि उसे कैसे फिर से इस्तेमाल किया जा सकता है। क्या कोई पुराना दरवाज़ा हेडबोर्ड बन सकता है? इसी तरह, एक टोकरी पेंडेंट लैंपशेड बन सकती है। अपने घर की सजावट को निजीकृत करने के लिए पुरानी चीज़ों को फिर से इस्तेमाल करने के बारे में सोचें।

### मौसम के अनुसार खिड़कियों का ख्याल रखें

आप खिड़कियों को जिस तरह से सजाते हैं, वह आपके घर के बारे में बहुत कुछ बताता है। छत से लटके मुलायम पर्दे कमरे को रोमांटिक लुक देते हैं, जबकि वैलेंस एक ठाठ कॉटेज लुक को पूरा करते हैं। खिड़कियों के उपचार कार्यात्मक भी होते हैं - वे गोपनीयता बनाए रखते हैं और सूरज की रोशनी के प्रवाह को सीमित करते हैं। मौसम के साथ खिड़कियों के उपचार को बदलने से आपके घर का समग्र रूप बदल सकता है और एक आरामदायक इनडोर तापमान बनाए रखने में मदद मिल सकती है। इसलिए सूरज की रोशनी को अंदर आने देने वाले पर्दे सर्दियों के लिए आदर्श होते हैं जबकि भारी फर्श-लंबाई वाले पर्दे गर्मियों के मौसम के लिए उपयुक्त होते हैं।

### बनावट में विविधता लाएं

जैसे आपके घर में अलग-अलग रंग होते हैं, वैसे ही आपको अलग-अलग बनावट की भी ज़रूरत होती है। अलग-अलग बनावट होने से गहराई पैदा होती है। कुछ बनावट, जैसे जूट और रेशम, स्पर्शनीय होती हैं। इसके विपरीत, अन्य, जैसे वॉलपेपर, दृश्य बनावट बनाते हैं। कभी-कभी, एक ही रंग के कपड़ों की अलग-अलग बनावट भी कमरे को ज़्यादा घर जैसा बना सकती है।

### ऑफ-ग्रिड जाएं

ग्रिड एक आम होम डेकोर आइडिया है, लेकिन हम आपको यह बताने जा रहे हैं कि आपको हमेशा चीजों को सीधी रेखाओं में रखने की ज़रूरत नहीं है। जब आप गैलरी की दीवार बना रहे हों, तो इसे और अधिक ऑर्गेनिक लुक देने के लिए फ्रेम के आयामों और आकृतियों के साथ खेलें। इसी तरह, आप अपने फर्नीचर की व्यवस्था करते समय एक सुसंगत अपील प्रदान करने के लिए आसानी से और रचनात्मक रूप से विभिन्न कोणों के साथ खेल सकते हैं।

### फर्नीचर और सजावट की वस्तुओं को इधर-उधर ले जाएं

किसी जगह का रूप बदलने का सबसे आसान तरीका है चीज़ों को इधर-उधर करना। अपने सोफ़े और आरामकुर्सियों की जगह बदलें। पतझड़ के मौसम के लिए एक बेंच को लिविंग रूम में ले जाएँ, और इसी तरह। सर्दियों में गलीचे और कालीन बिछाएँ ताकि एक आरामदायक लुक मिले। गर्मियों में हरियाली के लिए बड़े पौधे और फूलों के कलश लगाएँ।

### एक स्टेटमेंट पीस लाएँ

चाहे वह दीवार पर लगी पेंटिंग हो, विंग चेयर की जोड़ी हो या झूमर, एक ऐसा डेकोर पीस ढूंढें जो आपकी पहचान को दर्शाता हो और उसे एक फोकल पीस के रूप में स्टाइल करें। जब आपके पास एक स्टेटमेंट पीस हो जो सभी का ध्यान आकर्षित करता हो, तो आप अपनी बाकी सजावट को जितना चाहें उतना कम रख सकते हैं।

### रंगीन रोशनी का प्रयोग करें

अपने कमरे के लुक को बदलने के लिए अलग-अलग रंग के लाइट बल्ब का इस्तेमाल करें - दिन के लिए सफ़ेद लाइट और पार्टी के लिए गुलाबी? आज के स्मार्ट बल्ब आपको हर बार बल्ब बदले बिना अलग-अलग मूड के हिसाब से रंग बदलने देते हैं।

### अपने संग्रह का प्रदर्शन करें

घर की सजावट के लिए संग्रहणीय वस्तुओं को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शन इकाईअपने घर की सजावट की शैली से अपने जुनून को दर्शाएं

### अपने आसनों को परतदार बनायें

जब आपके घर में गर्माहट लाने की बात आती है तो गलीचे से बेहतर कुछ नहीं है। यह आलीशान लगता है। अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, अपने गलीचे को परत-दर-परत बिछाएँ। एक बड़ा, तटस्थ गलीचा आधार के रूप में अच्छा काम करता है। इसके साथ एक छोटे से विपरीत रंग का गलीचा बिछाएँ। आदर्श रूप से ऊपर का गलीचा नीचे वाले गलीचे के कम से कम 2/3 आयाम का होना चाहिए। अपने कीमती सीपों और छोटी कारों के संग्रह को बक्सों में बंद करके रखने के बजाय, उन्हें अपने घर में सजाएँ। इन संग्रहणीय वस्तुओं के लिए एक डिस्प्ले यूनिट बनाएँ; वे जल्द ही आपके सभी मेहमानों के लिए चर्चा का विषय बन जाएँगे।

### अपने प्रवेश द्वार में जीवन जोड़ें

प्रवेश द्वार वह स्थान है जो आपके मेहमानों का स्वागत करता है। वह स्थान जो आपके घर के बारे में पहली छाप बनाने में मदद करता है। इसलिए, हमारा सुझाव है कि आप उस स्थान में थोड़ी जान डालें। अपने प्रवेश द्वार को दिलचस्प बनाने का एक आसान तरीका गमले में लगे पौधे या एक बड़ी दीवार का टुकड़ा लगाना है।

## पुलिस इंस्पेक्टर की रेबीज से मौत

अहमदाबाद (एजेंसी)। अहमदाबाद सिटी पुलिस में ड्यूटी पर तैनात पुलिस इंस्पेक्टर की रेबीज से सोमवार की शाम मौत हो गई। तबियत बिगडने पर उन्हें रविवार की रात केडी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। जांच में पता चला था कि रेबीज का इंफेक्शन उनके पूरे शरीर में फैल गया है। 50 साल के इंस्पेक्टर वनराजसिंह मंजारिया 25 सालों से पुलिस बल में काम करते थे। उनके रिश्तेदारों ने बताया कि उन्हें डॉग्स पालने का बहुत शौक था। उनके फॉर्म हाउस में डॉग्स थे। कुछ दिन पहले ही वे एक स्ट्रीट डॉग लाए थे। इसी डॉग के काटने से उनके पैर के नाखून में चोट लगी थी। हालांकि, मंजारिया को इसका पता नहीं चला या फिर उन्होंने इसे सीरियसली नहीं लिया।

## पीके को 100 करोड़ की मानहानि नोटिस

पटना (एजेंसी)। मंत्री और जदयू के राष्ट्रीय महासचिव अशोक चौधरी ने जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को 100 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा है। पीके ने 3 दिन पहले अशोक चौधरी पर 200 करोड़ की जमीन खरीदने का आरोप लगाया था। इस मामले में अशोक चौधरी ने बिना शर्त माफी मांगने के कहा है। उन्होंने नोटिस में कहा कि प्रशांत किशोर की ओर से लगाए जा रहे आरोप भ्रामक और उनकी घबराहट और बौखलाहट का परिणाम हैं। इससे पहले भी प्रशांत किशोर पर मानहानि का मामला दायर किया था, जिसके बाद 17 सितंबर को कोर्ट ने पेशी के लिए उन्हें बुलाया था।

## 4 दोस्तों समेत 5 की जिंदा जलकर मौत

अलीगढ़ (एजेंसी)। अलीगढ़ में जीटी रोड पर 5 की जिंदा जलकर मौत हो गई। यहां 100 की स्पीड से जा रही कार का अचानक टायर फट गया। इससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे साइड से जा रहे कैंटर से टकरा गई। राहगीर ने एक को खींचकर बाहर निकाला। इसके बाद तेज धमाका हुआ, फिर दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में कार सवार सभी चार लोग और कैंटर चालक जिंदा जल गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंची। 20-25 मिनट में आग बुझाई गई। इसके बाद पुलिस ने देखा तो शवों के सिर्फ कंकाल बचे थे। बॉडी बैग में पुलिस सभी शवों को लेकर गई। अभी किसी की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी फटा

पोर्ट ब्लेयर (एजेंसी)। अंडमान-निकोबार के बैरन आइलैंड में बीते 8 दिनों के भीतर दो बार हल्के ज्वालामुखी विस्फोट हुए हैं। यहां भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह ज्वालामुखी 13 और 20 सितंबर को फटा, हालांकि दोनों बार विस्फोट हल्के दर्जे के थे और आसपास के इलाकों पर किसी तरह का खतरा नहीं है। बैरन आइलैंड पोर्ट ब्लेयर से करीब 138 किलोमीटर दूर है और यह दक्षिण एशिया का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह लगभग 3 वर्ग किलोमीटर का निर्जन द्वीप है, जिस पर ज्वालामुखी की राख और पत्थर फैले रहते हैं। यह द्वीप 354 मीटर ऊंचा है और अंडमान-निकोबार की खास पहचान माना जाता है।

## कार और मिनी बस की हुई भीषण टक्कर, पांच लोग जिंदा जले

अलीगढ़ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें कार और मिनी बस की टक्कर के बाद भीषण आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से पांच लोग जिंदा जल गए। मृतकों में एक महिला और एक बच्चा भी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा नेशनल हाईवे पर हुआ, जहां टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग भड़क उठी। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल भी हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) के नेतृत्व में पुलिस, दमकल विभाग की गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू किए गए। ग्रामीण एसपी अमृत जैन ने बताया कि हमें सूचना मिली कि गोपी पुल के पास दो वाहनों की टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनों में आग लग गई। पुलिस, दमकल और एम्बुलेंस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। घायलों को वाहनों से निकाला गया और आग पर काबू पा लिया गया। मामले की विस्तृत जांच जारी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

## गैंगस्टर रोहित गोदारा ने खोली, लॉरेंस बिश्नोई की पोल कहा- अमेरिका से मिला रखा है हाथ

नई दिल्ली (एजेंसी)। गैंगस्टर रोहित गोदारा ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर हलचल मचा दी है। इस बार उसने सीधे लॉरेंस बिश्नोई पर हमला बोलते हुए उसे 'गद्दार' करार दिया है। गोदारा ने गंभीर आरोप लगाया कि लॉरेंस ने अपने भाई अनमोल को बचाने के लिए अमेरिकी एजेंसी से हाथ मिलाया और अब देश की खुफिया जानकारी वहां लीक करता है। बता दें कि कभी रोहित गोदारा, गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई एक ही गैंग का हिस्सा थे, लेकिन इस साल उनके बीच दरार आ गई। अब गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा एक साथ हैं, जबकि लॉरेंस बिश्नोई का गैंग अलग हो चुका है।

गोदारा ने अपनी पोस्ट में कहा कि लॉरेंस को सनातन धर्म का कोई अर्थ तक नहीं पता, वह केवल 9 दिन का व्रत करके और मीडिया में फोन लगाकर सुर्खियां बटोरने की कोशिश करता है। उसने दावा किया कि लॉरेंस असल में धार्मिक नहीं बल्कि दिखावटी सनातनी है। हालांकि, ईएमएस इस सोशल मीडिया पोस्ट की पुष्टि नहीं करता है। अमेरिका एजेंसी से मिलके अपने भाई (अनमोल) को बचाया। और अब देश की खुफ़िया बातें उनको बताता है। और उनको हम जितने भी भाई बाहर बैठे हैं। उन सबकी मुखबीरी करता है और ये उसके (सलमान खान) नाम का जो फेम लेता रहता है। ये खुद हमको कहता आया है कि भाई फेम के लिये इसको मारना है। और जिस चीनू बहन (आनंदपाल जी) के लिये ये गलत बोल रहा है। उसको ये बहन कहता था! वो हमारी छोटी बहन है। और इसको सनातन नाम का अर्थ भी नहीं पता। 9 दिन का नवरात्रा करने से पहले तो मीडिया को फ़ोन करके बताता है। ये (लॉरेंस) गद्दार और कुत्ता है। मीडिया से मेरा निवेदन है कि इस कुत्ते के साथ हमारी कोई फोटो और हमारा नाम ना जोड़े।

# भारत पर टैरिफ लगाकर अमेरिका को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे ट्रंप : शशि थरूर

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत पर भारी टैरिफ लगाने के बाद विवादित बयान दे रहे अमेरिका के नेताओं को कांग्रेस नेता शशि थरूर ने आईना दिखा दिया है। उन्होंने बताया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगता है कि टैरिफ बहुत बड़ा हथियार है, जबकि इससे अमेरिका को सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। ट्रंप ने भारत पर कुल 50 फीसदी शुल्क लगाया है, जो किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे ज्यादा है।

कांग्रेस नेता थरूर ने कहा, ...ट्रंप को ऐसा लगता है कि टैरिफ दुनिया की कई समस्याओं को सुलझाने के जादुई हथियार है। उन्हें लगता है कि कई चीजें जो पहले अमेरिका में बनती थी, अब विदेश से आ रही हैं। वह इन चीजों और ज्यादा महंगा बनाना चाहते हैं, ताकि अमेरिकी निर्माता अमेरिका में और ज्यादा काम करें और अमेरिका के कागारों को रोजगार दें, जो उनके मेगा क्षेत्र में शामिल हैं। दूसरी बात ट्रंप को लगता है कि टैरिफ देश के राजस्व का बड़ा जरिया हैं। वे उम्मीद कर रहे हैं कि जैसे कि वह दावा करते हैं कि टैरिफ कलेक्ट कर हर महीने अरबों डॉलर का राजस्व आ रहा है, जिससे वह घाटे को कम कर देने वाले है।

उन्होंने कहा, इन दोनों की वजह खुद ट्रंप की उनके बयानों और ट्वीट्स में इस्तेमाल की गई भाषा और इसके बाद उनके सलाहकार नवारो की ओर से दिए गए आपत्तिजनक बयान हैं, जिसका विरोध देशभर में हुआ। अगर 30 साल के संबंधों में कोई खास परेशानी नहीं थी, जो पहले ही और मजबूत होता जा रहा था, तब आपको भारत के प्रति ऐसी भाषा इस्तेमाल करने की जरूरत क्या थी? इस बिल्कुल पसंद नहीं किया गया।

बात दें कि ट्रंप के सहयोगी नवारो भारत पर लगातार निशाना साध रहे हैं। 16 सितंबर को ही नवारो ने कहा है कि भारत 'बातचीत की मेज पर आ रहा है।' उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रमुख देशों की तुलना में भारत सबसे ज्यादा शुल्क लगाता है। उनकी यह टिप्पणी ट्रंप प्रशासन के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच की प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर दिन भर चलने वाली वार्ता से पहले आई थी।



## देश को चलाने वाली पार्टी, खुद के राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुन नहीं पा रही : संजय राउत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के चुनाव में देरी पर अब विपक्ष तंज कस रहा है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्य दल शिवसेना (यूबीटी) ने आरोप लगाया हैं कि देश को चलाने वाली पार्टी अपने खुद के राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुन नहीं पा रही है। उनका दावा है कि किसी एक नेता के नाम पर सहमति नहीं बन पा रही है। फिलहाल, इस बयान पर भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। शिवसेना (यूबीटी) से राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा, एकमत नहीं हो रहा है नाम के ऊपर यह भी सच है। एक पार्टी देश चला रही है, लेकिन अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन नहीं कर पा रही है। आप चुनाव आयोग को बदल सकते हो, आप सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को बदल सकते हो, आप किसी को भी बदल सकते हो। उन्होंने कहा, आप उपराष्ट्रपति को घर भेज सकते हो, लेकिन आपकी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन नहीं कर सकते है। यह क्या मामला है, देश को पता होना चाहिए। आप कल राष्ट्रपति को भी घर भेज सकते हैं, जैसे धनखड़ साहब को भेजा है, लेकिन आप अपनी पार्टी का अध्यक्ष नहीं चुन सकते। फिलहाल, केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ही भाजपा की कमान संभाल रहे हैं और इससे पहले उन्हें कार्यकाल विस्तार मिल चुका है। यह साफ नहीं है कि भाजपा कब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेगी, लेकिन अटकलें लगाई जा रही हैं कि बिहार विधानसभा चुनाव के पहले पार्टी नया कप्तान चुन सकती है।

## आजम खान की रिहाई से पहले फंसा पेंच, फिलहाल नहीं आ पाए जेल से बाहर

**सीतापुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की आज यानी मंगलवार सुबह सात बजे जेल से रिहाई होनी थी, लेकिन एक गलती की वजह से अब कहा जा रहा है कि कुछ विलंब बाद ही वह जेल से बाहर आ सकेंगे। दरअसल रिहाई से संबंधित चालान जमा न होने के चलते आजम खान की रिहाई रुकी हुई है। उधर, 23 महीने बाद जेल से बाहर आ रहे आजम खान को रिसीव करने के लिए उनके समर्थक सुबह से ही सीतापुर जेल पहुंच रहे हैं। उनके बेटे अदीब आजम भी सीतापुर पहुंचे हैं। जेल सूत्रों का कहना है कि 70 मुकदमों में आजम खान की रिहाई का आदेश आया है।

आजम खान अक्टूबर 2023 से जेल में बंद हैं। भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने तीन जनवरी 2019 को गंज कोतवाली में मोहम्मद आजम खान, अब्दुल्ला आजम और तजीन फातिमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया था कि अनुचित लाभ लेने के लिए आजम खां और तजीन फातिमा ने बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाए हैं। सुरक्षा कारणों से तजीन फात्मा को रामपुर जेल में ही रखा गया था जबकि, आजम खां को सीतापुर और अब्दुल्ला आजम को हरदोई जेल भेजा गया था। तजीन और अब्दुल्ला को पूर्व में



जमानत पर रिहाई मिल गई थी लेकिन, आजम खान के रिहाई परवाने सोमवार को जारी हुए हैं। उनकी रिहाई को लेकर समर्थकों में खुशी की लहर है। रामपुर से लेकर सीतापुर तक उनके इस्तकबाल के लिए जश्न की तैयारियां की जा रही हैं। आजम खान से जुड़े डूंगरपुर प्रकरण में मुरादाबाद के एलआईयू इंस्पेक्टर शरद पंवार कोर्ट में पेश हुए। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि इस केस में अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी। 2020 में कोर्ट में सरेंडर करने के बाद आजम खां को रामपुर जेल से सीतापुर की जेल शिफ्ट किया गया था। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मंजूर होने के बाद आजम खां करीब 27 माह बाद 20 मई 2022 को सीतापुर की जेल से रिहा हुए थे। रामपुर में अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड और दो पासपोर्ट प्रकरण में सोमवार को सुनवाई थी लेकिन, अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने के चलते सुनवाई टल गई।

# कोलकाता की बारिश ने मचाई तबाही, करंट से 5 की गई जान, मेट्रो सेवाएं भी हुईं बाधित

**कोलकाता(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। यहां मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया है, जिसमें करंट भी उतरने की बात सामने आई है। करंट लगने की वजह से अब तक कुल 5 लोगों की मौत हुई है। पिछले 6 घंटों में शहर में 250 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई, जिससे शहर के कई हिस्सों में घुटनों तक पानी भर गया है।

महानायक उत्तम कुमार और रवींद्र सरोबर स्टेशनों के बीच जलभराव हो गया है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, शहीद खुदीराम से मैदान स्टेशन के बीच मेट्रो सेवाएं रोक दी गई हैं। दक्षिणेश्वर और मैदान स्टेशनों के बीच मेट्रो सेवाएं कम संख्या में चलाई जा रही हैं। पानी को पंप से बाहर निकाला जा रहा है। मेट्रो रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं।



आईएमडी के मुताबिक उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण यह बारिश हुई है। रात भर हुई बारिश की वजह से शहर की कई सड़कों में पानी भर गया। कई घरों और आवासीय परिसरों में भी पानी घुस गया है। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के मुताबिक, गरिया कामदाहरी में 332 मिमी, जोधपुर पार्क में 285 मिमी, कालीघाट में 280 मिमी, टॉप्शिया में 275 मिमी, और बालीगंज में 264 मिमी बारिश दर्ज की गई। रात में हुई मूसलाधार बारिश के बाद, हावड़ा स्टेशन यार्ड, सियालदह दक्षिण स्टेशन यार्ड, चितपुर उत्तर केबिन, विभिन्न कार-शेड और सियालदह यार्ड के विभिन्न स्थानों पर जलभराव देखा गया। हावड़ा और सियालदह मंडलों की रेलवे लाइनों पर पानी भर गया है। जमा हुए पानी को निकालने के लिए कई जगहों पर पानी के पंप लगाए गए हैं, लेकिन आस-पास के सिविल क्षेत्र से भी पानी भर जाने के कारण, पानी वापस रेलवे यार्ड में बह रहा है, जिससे और भी मुश्किलें पैदा हो रही हैं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना है, जिसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इससे दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। बुधवार तक पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना, झाड़ग्राम और बांकुरा जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि 25 सितंबर के आसपास पूर्व-मध्य और उत्तर बंगाल की खाड़ी के आस-पास एक और नया कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है, जिससे आने वाले दिनों में और बारिश हो सकती है।

## आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे होने के मौके पर पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। (ईएमएस)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे होने के मौके पर बधाई दी। उन्होंने पोस्ट में कहा, 'इसकी बदौलत, भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में एक क्रांति का गवाह बन रहा है। योजना ने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाने, करुणा और तकनीक मानव सशक्तीकरण को और आगे बढ़ा सकते हैं।' इसके अलावा, केंद्र सरकार ने एक्स के 'माई गव इंडिया' अकाउंट पर भी योजना का जिक्र किया। योजना का जिक्र कर पोस्ट में कहा गया कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सात वर्ष पूरे होने पर, भारत एक स्वास्थ्य सेवा क्रांति का जश्न मना रहा है, जिसने 55 करोड़ से ज्यादा नागरिकों के लिए वित्तीय सुरक्षा, सार्वभौमिक पहुंच और सम्मानजनक देखभाल सुनिश्चित करते हुए, स्वास्थ्य सेवाओं की नई परिभाषा गढ़ी है। यह एक ऐसी योजना है, जो इस बात का खाका तैयार करती है कि कैसे दूरदर्शी नीतियां जन स्वास्थ्य की नियति को नए सिरे से लिख सकती हैं। बता दें कि आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो 50 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं देती है। इसमें प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का वार्षिक कवरेज शामिल है, जो अस्पताल में भर्ती होने पर लागू होता है। इसका लक्ष्य स्वास्थ्य देखभाल को सस्ता और सुलभ बनाना है।

# पाबंदी: अब भारत के हवाई क्षेत्र में नहीं घुस पाएंगे पाकिस्तान के हवाई जहाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। आए दिन कुछ न कुछ भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देता नजर आता है। उसकी हरकतों के चलते भारत ने पाकिस्तान के हवाई जहाजों को भारत के हवाई क्षेत्र में घुसने पर प्रतिबंध लगा दिया है। नया नोटिस टू एयरमेन (नोटम) भारत की एविएशन अथॉरिटी की ओर से जारी किया गया। यह कदम पाकिस्तान के नोटम के कुछ दिनों बाद उठाया गया है, जिसमें पाकिस्तान ने भारतीय विमानों और एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र को उसी समय तक बंद करने की घोषणा की थी।

बता दें कि हाल ही में पाकिस्तान ने दो दिन पहले अपने ताजा नोटम के साथ हवाई क्षेत्र बंदी को बढ़ाया था, जो पिछले बंदी नोटिस के 24 सितंबर को समाप्त होने से कुछ दिन पहले जारी किया गया था। पाकिस्तान के इस विस्तार के बाद पिछले भारतीय नोटम के तहत अपने हवाई क्षेत्र की बंदी को बढ़ाने की संभावना थी। भारत की ओर से जारी नया नोटम पिछले नोटिसों के समान है। भारत अपने हवाई क्षेत्र को पाकिस्तानी एयरलाइंस और विमानों (सैन्य उड़ानें भी शामिल) के लिए 24 अक्टूबर को सुबह 5~29



बजे तक बंद रखेगा। पाकिस्तान का ताजा नोटम भी हवाई क्षेत्र बंदी के लिए उसी तारीख और समय को दर्शाता है। अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच संबंधों में तनाव बढ़ा हुआ है। पाकिस्तान ने 24 अप्रैल को हवाई क्षेत्र बंद करने की शुरुआत की। शुरू में एक महीने के लिए भारतीय विमानों और एयरलाइंस को पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र के ऊपर से उड़ान भरने से रोक गया। भारत ने 30 अप्रैल को जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी विमानों और एयरलाइंस के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया। तब से, दोनों देश मासिक आधार पर नोटम जारी करके इस बंदी को बढ़ा रहे हैं। भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की एयरलाइंस और विमानों पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन उनके हवाई क्षेत्र दूसरे देशों की एयरलाइंस और विमानों को लेकर उड़ान भरने के लिए खुले हुए हैं।

## अंतरिक्ष में सैटेलाइट्स को सुरक्षित करने इसरो तैनात करेगा स्पेस एस400

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन और पाकिस्तान से मिल रही चुनौतियों को लेकर मोदी सरकार सतर्क दिख रही है। भारत सरकार ने बॉडीगार्ड सैटेलाइट्स का एक बेड़ा तैयार करने की योजना तैयार की है, जिसका मकसद अंतरिक्ष में भारतीय उपग्रहों की रक्षा प्रदान करना है। यह पहल भारत की अंतरिक्ष-आधारित सुरक्षा को मजबूत करने की एक बड़ी योजना का हिस्सा है। इन सैटेलाइट्स को अक्सर स्पेस एस400 भी कहा जाता है, क्योंकि इनका काम जमीन पर काम करने वाले एस400 डिफेंस सिस्टम जैसा ही होगा, जो मिसाइलों से सुरक्षा देता है।



यह योजना 2024 के मध्य तब शुरू हुई, जब एक पड़ोसी देश का उपग्रह इसरो के एक सैन्य उपग्रह से सिर्फ 1 किलोमीटर की दूरी तक आ गया था। इस घटना को एक क्षमता का प्रदर्शन माना गया, जिसके बाद भारत ने अपनी अंतरिक्ष सुरक्षा को लेकर तैयारी तेज कर दी। चीन के पास 930 से ज्यादा उपग्रह हैं, जबकि पाकिस्तान के पास सिर्फ आठ हैं। चीन ने पहले भी पाकिस्तान को अपने सैटेलाइट कवरेज में मदद की है। अंतरिक्ष में बढ़ती सैन्य गतिविधियों को देखकर भारत को अपने उपग्रहों की सुरक्षा बढ़ाना जरूरी हो गया है। इस योजना पर करीब 2.7 लाख करोड़ रुपये (3 अरब डॉलर) खर्च होने का अनुमान है। इसके तहत 50 निगरानी उपग्रहों का एक बेड़ा तैयार किया जाएगा। इस बेड़े का पहला उपग्रह अगले साल लांच किया जा सकता है। भारत सरकार स्टार्टअप्स के साथ मिलकर लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग सैटेलाइट जैसी नई तकनीकों पर भी काम करने की सोच रही है। ये सैटेलाइट्स खतरों को जल्दी पहचानकर धरती पर बैठे ऑपरेटरों को समय पर चेतावनी दे पाएंगे। इस तरह, भारत का यह कदम न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा बल्कि अंतरिक्ष में उसकी रणनीतिक ताकत को भी बढ़ाएगा, जिससे चीन और पाकिस्तान जैसे देशों की चालों का मुकाबला किया जा सकेगा। सरकारी सूत्रों का कहना है कि यह नई पहल भारत की एक व्यापक सुरक्षा योजना का हिस्सा है। इसके तहत करीब 2.7 लाख करोड़ रुपये (3 अरब डॉलर) की लागत से 50 निगरानी उपग्रहों का बेड़ा तैयार किया जाएगा। इसमें से पहला उपग्रह अगले साल लांच किया जा सकता है, जो भारत की अंतरिक्ष-आधारित निगरानी क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

# गलतफहमी के चलते बढ़ा विवाद, दर्ज हुआ 5 सौ से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा

**काशीपुर/कानपुर (एजेंसी)।** गलतफहमी के चलते तनाव इतना बढ़ जाता है कि उसे संभालना मुश्किल हो जाता है। इसकी बानगी उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तराखंड तक दिखाई दी। यहां एक पोस्टर में लिखा था आई लव मोहम्मद। इस पर विवाद शुरु हो गया। जबकि बाद में पता चला कि पोस्टर पर आई लव मोहम्मद लिखने से आपत्ति नहीं थी, बल्कि गलत जगह पर पोस्टर लगाने से विवाद बढ़ा था।

विवाद की शुरुआत उत्तर प्रदेश के कानपुर से हुई। यहां रावतपुर के सैयद नगर मोहल्ले से इस विवाद की शुरुआत 10 सितंबर को हुई थी जो अब देश के कई हिस्सों में फैल चुकी है। दरअसल, आई लव मोहम्मद को लेकर तूफान मचा है, लेकिन विवाद के पीछे की असल कहानी कुछ और ही है। मुकदमा 'आई लव मोहम्मद' लिखने पर नहीं बल्कि इसका बोर्ड गलत जगह लगाने पर दर्ज किया गया था। कुछ लोगों ने घटनाक्रम का रंग-रूप बदल कर इसे प्रचारित कर दिया। अब एक तरफ पुलिस लोगों को समझाने-बुझाने में जुटी है तो दूसरी तरफ कुछ लोग इस मुद्दे को तूल देकर बवाल बढ़ा रहे हैं।

उत्तराखंड में आई लव मोहम्मद वाला विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। यूपी के कानपुर से आगाज के बाद उत्तराखंड के काशीपुर में यह बड़ा बवाल बन चुका है। काशीपुर में पुलिस ने तीन के खिलाफ नामजद और 500 अज्ञात पर मुकदमा किया है। यूपी, उत्तराखंड के बाद महाराष्ट्र और तेलंगाना जैसे राज्यों तक भी तनाव फैल रहा है। सवाल उठता है कि आई लव मोहम्मद जैसा नारा क्यों और कैसे विवाद और तनाव की वजह बन गया? रावतपुर के सैय्यद नगर मोहल्ले में चार सितंबर को बारावफात की सजावट में आई लव मोहम्मदका बोर्ड रास्ते पर लगा था। कुछ लोगों ने इस पर विरोध जताया। विवाद होने पर पुलिस ने बोर्ड हटवाकर कार्यक्रम स्थल के पास लगवा दिया। अगले दिन कुछ युवकों ने एक धार्मिक पोस्टर फाड़ दिया। 10 सितंबर को इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। लेकिन इसे आई लव मोहम्मदके खिलाफ मुकदमे के तौर पर प्रचारित किया गया और बवाल बढ़ गया। मुस्लिम समुदाय के बीच यह संदेश फैल गया कि पुलिस ने आई लव मोहम्मद का पोस्टर लगाने पर एफआईआर दर्ज की। इसके विरोध स्वरूप मुस्लिम समुदाय के लोग जुलूस निकालने लगे। इसके अलावा लोग अपनी दुकानों और घरों पर भी आई लव मोम्मद का पोस्टर चिपका रहे हैं।

ऐसा ही एक जुलूस ऊधमसिंह नगर जिले के काशीपुर में निकाला गया। यहां करीब 500 लोगों की भीड़ नारेबाजी करते हुए सड़कों पर निकल पड़ी। कोतवाली एसएसआई अनिल जोशी ने बताया कि कि मोहल्ला अल्ली खां क्षेत्र में बिना अनुमति नदीम अख्तर, अनीस




गांधी, दानिश चौधरी के नेतृत्व में करीब 500 लोग जुलूस निकाल रहे थे, जिसे अल्ली खां चौराहे पर रोककर समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद वहां बवाल हो गया था।

पुलिस पर भीड़ ने हमला कर दिया। दो पुलिसकर्मियों को दौड़ाकर पीटा। किसी तरह पुलिस कर्मी वहां से जान बचाकर भागे। इस दौरान पुलिस की 112 गाड़ी पर पथराव किया, जिससे शीशे टूट गए पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत सात को गिरफ्तार कर लिया है। 500 से अधिक लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नुक्कड़ नाटकों से गांव-गांव तक पहुंच रहा सरकार की योजनाओं का संदेश

- गुरुग्राम के गांवों में दो अक्टूबर तक होंगे नुक्कड़ नाटक
- लोक शैली में ग्रामीणों को मिल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** हरियाणा सरकार के सूचना, लोक संपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित विशेष कार्यक्रमों के तहत गुरुग्राम जिले के 10 प्रमुख ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटकों का सिलसिला जारी है। यह अभियान ग्रामीण समुदायों को राज्य की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं, जैसे किसान समर्थन, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवाओं से जोडड्ने का प्रयास है।

मंगलवार को गुरुग्राम के बोहड़ा कलां गांव में विभाग की सूचीबद्ध ड्रामा यूनिट ने एक जीवंत नुक्कड़ नाटक का सफल मंचन किया। नाटक में केंद्र सरकार और राज्य स्तर की योजनाओं की जानकारी दी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें बिना पर्ची-खर्ची के मेरिट आधारित भर्ती, हर घर गृहिणी योजना के तहत 500 रुपये में गैस सिलेंडर, लखपति दीदी योजना, परिवार पहचान पत्र से घर बैठे योजनाओं का लाभ, आयुष्मान भारत-चिरायु योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ, समाधान शिविरों के माध्यम से जन समस्याओं का निवारण, किसानों की 240 फसलों की एमएसपी पर खरीद, तथा युवाओं और शहीदों के आश्रितों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी रोचक और सरल तरीके से जनता तक पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त आगामी 25 सितंबर से आरंभ हो रही दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के बारे में भी ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2100 रुपए प्रतिमाह वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस योजना की पात्र महिलाओं के लिए 25 सितंबर से पंजीकरण प्रक्रिया आरंभ होगी।

सूचना, लोक संपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा की सूचीबद्ध ड्रामा यूनिट रंगभूमि व हिंदी रंगभूमि के कलाकार चार स्थानों पर अपनी प्रस्तुति दे चुके है। अब गांव बिलासपुर खुर्द, पथरेड़ी, माकड़ौला, साढड्डाणा, टीकली व बाघनकी में नाटकों का मंचन करेंगे। इन नाटकों के माध्यम से सामाजिक संदेशों के साथ-साथ केंद्र व हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई जाएगी।

# जिला उपभोक्ता संरक्षण कमेटी इंश्योरेंस कंपनी व सर्विस सेंटर को पाया दोषी

- बकाया राशि का भुगतान व लिटिगेशन चार्ज देने दिए आदेश

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** इंश्योर्ड स्कूटी की दुर्घटना होने के बाद स्कूटी की मरम्मत आदि करने से संबंधित 1800 रुपए का कम क्लेम देने की शिकायत पर सुनवाई करते हुए रेवाड़ी के जिला उपभोक्ता संरक्षण कमेटी ने जहां सर्विस सेंटर व इंश्योरेंस कंपनी को पूरा क्लेम देने का आदेश दिया है, वहीं उपभोक्ता की मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 10 हजार रुपए का भुगतान 9 प्रतिशत से करने का आदेश भी दिया है। उपभोक्ता हरिओम सैनी के अधिवक्ता कैलाशचंद व सीमा सैनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिओम सैनी ने वर्ष 2023 में एक इलेक्ट्रिक स्कूटी गणेश मोटोमैक से खरीदी थी और आईसीआईसीआई लेंबर्ड इंश्योरेंस से 0 डेफ्ट के हिसाब से इंश्योरेंस भी कराया था। उनका कहना है कि स्कूटी खरीद के कुछ दिन बाद स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसको रिपेयर कराने के लिए स्कूटी सर्विस सेंटर गणेश ऑटोमैक भेज दी गई। स्कूटी की रिपेयरिंग का खर्च इंश्योरेंस कंपनी ने देना था, लेकिन इंश्योरेंस कंपनी ने कुल क्लेम से 1800 रुपए का कम भुगतान किया, जिसको लेकर हरिओम सैनी ने जिला उपभोक्ता संरक्षण कमेटी का द्वार खटखटाया। अधिवक्ताओं का कहना है कि उपभोक्ता की शिकायत को कमेटी के समक्ष पुरजोर से उठाया।

उपभोक्ता कमेटी ने दोनों पक्षों को सुना और इंश्योरेंस कंपनी व सर्विस सेंटर को दोषी पाते हुए आदेश दिया कि वे 1800 रूपए जिसका भुगतान करना बकाए था उसका भुगतान करे तथा अलग से 10 हजार रुपए मानसिक परेशानी व लिटिगेशन चार्ज का भुगतान 9 प्रतिशत ब्याज सहित करें। उपभोक्ता का कहना है कि उसे उनके अधिवक्ताओं ने न्याय दिला दिया है और इंश्योरेंस कंपनी व एजेंसी वालों को इस फैसले से सबक लेना चाहिए। ये नाहक ही उपभोक्ताओं को परेशान करते रहते हैं।

# गुरुग्राम के तीरंदाजों ने प्रतियोगिता में पदकों पर लगाया निशाना



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** पंजाब के संगरुर में आयोजित 9 दिवसीय सीबीएसई स्कूल नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में गुडगांव के तीरंदाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। तीरंदाजी कोच कपिल कौशिक ने बताया कि सभी श्रेणी अंडर 14, 17 व 19 के कंपाउण्ड में बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें गुडगांव के सैक्टर 43 स्थित अमेटी इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने वाराणसी की टीम को पराजित कर फाइनल में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा लिया।

टीम में विराज वर्मा, नैतिक पाल, कनिष्क सिंगला ने शानरदार प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि सैक्टर 84 स्थित डीपीएस स्कूल के छात्र पृथ्वी राज सिंह चौहान ने ऑल ओवर प्रतियोगिता में गोल्ड व व्यक्तिगत रुप से सिल्वर मैडल जीता। अंडर 14 कंपाउण्ड राउण्ड में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीते हैं। उनका कहना है कि आगामी 25 से 27 सितम्बर को रिकर्व की सभी कैटेगरी की टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संगरुर जाएंगी। खिलाड़ी तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिला तीरंदाजी संघ के पवन शर्मा, आरएस चौहान, टीपी शर्मा आदि ने विजेता खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार प्रदर्शन करते हुए देश व प्रदेश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन करेंगे।

# तीसरे नवरात्रे पर आज व कल उपासक करेंगे मां चंद्रघंटा की उपासना



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** शारदीय नवरात्रों में मां दुर्गा की तीसरी शक्ति चन्द्रघण्टा के नाम से जानी जाती है, नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन उपासकों द्वारा किया जाता है। नवरात्र में एक दिन की वृद्धि होने से तीसरा नवरात्र आज व कल रहेगा। दोनों दिन उपासक मां चंद्रघंटा की पूरे विधि-विधान के अनुसार उपासना करेंगे। मां का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। मां के मस्तक पर घण्टे के आकार का अर्धचन्द्र है, इसी कारण इन्हें चन्द्रघण्टा देवी कहा जाता है, माता के शरीर का अंग स्वर्ण के समान चमकीला है, मां चंद्रघंटा के 10 हाथ है जिनमें अस्त्र- शस्त्र विभूषित हैं। मुद्रा सदैव युद्ध के लिए उद्धत रहती है। मां चन्द्रघण्टा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं नष्ट हो जाती हैं। मां के घण्टे की ध्वनि सदा अपने भक्तों की प्रेत बाधा आदि से भी रक्षा करती है। दुष्टों का दमन और विनाश करने में सदैव तत्पर रहने के बाद भी इनका स्वरूप दर्शक और उपासक के लिए अत्यंत सौम्यता एवं शांति से परिपूर्ण रहता है। मां चन्द्रघण्टा के भक्त और उपासक जहां भी जाते हैं लोग उन्हें देखकर शांति और सुख का अनुभव करते हैं। उपासकों को अपने मन, वचन, कर्म एवं काया को पूर्णतः पवित्र करके मां की उपासना करनी चाहिए, उनकी उपासना से समस्त सांसारिक कष्टों से विमुक्त होकर सहज ही मां की कृपा पाने के अधिकारी उपासक बन जाएंगे। मां की उपासना करने से उपासक के इहलोक और परलोक दोनों ही सुधर जाते हैं।

# हरियाणा भाईचारे की भावना से भरपूर यात्रा के लिए तैयार: बृजेन्द्र सिंह

- बृजेन्द्र सिंह करेंगे दनौदा से शुरू होने वाली सद्भाव यात्रा का नेतृत्व



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा में सामाजिक एवं राजनैतिक नवीनीकरण का नया दौर शुरू होने जा रहा है क्योंकि सद्भाव यात्रा प्रदेश की धरती पर कदम रखने के लिए तैयार है। 5 अक्टूबर 2025 को नरवाना निर्वाचन क्षेत्र के दनौदा गांव से शुरू होने वाली इस यात्रा का नेतृत्व कॉन्ग्रेस के वरिष्ठ नेता और ससंद के पूर्व सदस्य बृजेन्द्र सिंह करेंगे, जो दिग्गज नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह के सुपुत्र हैं ।कई जिलों में सप्ताहों तक चले विचार-विमर्श के बाद यह यात्रा एक राजनैतिक कार्यक्रम के रूप में नहीं बल्कि भाईचारा बहाल करने के जन-जन के मिशन के रूप में सामने आई है। जो हरियाणा की 36 बिरादरियों की साझा धड़कन को बयां करती है तथा किसानों, कार्यकताओं युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करती है, इन सभी ने यात्रा को दिल से समर्थन दिया है। एआईसीसी, हरियाणा कॉन्ग्रेस लीडरशिप और पूरे प्रदेश के कार्यकताओं की सामुहिक शक्ति से समर्थित यह यात्रा स्पष्ट संदेश देती है: राज्य का विभाजन बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

जैसा कि बृजेन्द्र सिंह ने भी कहा है यह कोई चुनावी यात्रा नहीं बल्कि सामाजिक आह्वान है। हरियाणा तभी आगे बढ़ सकता है जब हम एक साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे। अपने पहले चरण में यह यात्रा 14 निर्वाचन क्षेत्रों: नरवाना, कलायत, सफीदों, जिंद, जुलाना, नारनौंद, उचाना, उकलाना, बरवाला, बवानी खेड़ा, हांसी, हिसार, नलवा और आदमपुर से होकर गुजरेगी। हरियाणा के सबसे बड़े गांवों में से एक दनौदा से शुरूआत कर चुना गया यह मार्ग हरियाणा के केन्द्र की विविधता तथा जमीनी स्तर पर भागीदारी की गहराई को दशार्ता है। सद्भाव यात्रा एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हुए बेरोजगारी, बढ़ते अपराध, कमजोर होते प्रशासन जैसी ज्वलंत समस्याओं को उजागर करेगी। बृजेन्द्र सिंह ने कहा कॉन्ग्रेस हमेशा से एकजुटता और न्याय में विश्वास करती आई है।

सद्भाव यात्रा हरियाणा के गांवों और गलियों में इसी दृष्टिकोण का प्रसार करते हुए हमें याद दिलाती है कि लोगों का कल्याण राजनीति से बढ़कर होना चाहिए ।तैयारी पूरी होने के साथ हरियाणा ऐसी यात्रा के आरंभिक चरणों के इंतजार में है, जो समावेशिता की भावना और जनता के आशीर्वाद से भाईचारे के आंदोलन को आगे बढ़ाएगी।

# महाभारत काल से जुड़ा है सुदर्शन मंदिर का इतिहास

- श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है सुदर्शन माता मंदिर
- 1963 में किया गया था मंदिर का निर्माण
- दुर्लभ मूर्तियां स्थापित की गई हैं मंदिर में



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** गुरुग्राम का धार्मिक ग्रंथों में भी उल्लेख मिलता है। इसलिए गुडगांव का महत्व अधिक बढ़ जाता है। गुरु द्रोण ने पाण्डवों को धनु विद्या गुडगांव में ही दी थी। उस समय के कुछ अवशेष भी गुडगांव यानि कि गुरुग्राम में मिलते हैं। उत्तरी भारत की प्रसिद्ध शीतला माता का मंदिर भी गुडगांव में ही है। मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र व शारदीय नवरात्रों का आयोजन भी होता है। नवरात्रों पर शहर के दर्जनों बड़े मंदिरों में भी नवरात्रों के पर्वों को धूमधाम से मनाया जाता है। ओल्ड रेलवे रोड स्थित सुदर्शन माता मंदिर का भी बड़ा महत्व है। इस मंदिर का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ है। गुरु द्रोण द्वारा पाण्डवों को दी गई धनु विद्या की शिक्षास्थली के निकट ही सुदर्शन माता के मंदिर का निर्माण लगभग 6 दशक पूर्व शहर के दानवीर स्व. जनकराज व उनके परिजनों इंद्रराज मलिक द्वारा कराया गया है। यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन गया है। नवरात्रों में ही नहीं अपितु सामान्य दिनों में भी श्रद्धालुओं की कतारें मंदिर के बाहर मुख्य सडक तक लगी दिखाई देती हैं। नवरात्रों में तो श्रद्धालुओं की संख्या अन्य मंदिरों की अपेक्षा और अधिक बढ़ जाती हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि उनकी मनोकामना मां सुदर्शन अवश्य पूरा करती हैं।

**यह है मंदिर का इतिहास**

मंदिर के ट्रस्टी इंद्रराज मलिक का कहना है कि मंदिर का निर्माण उनके पिता स्व. जनकराज द्वारा वर्ष 1963 में कराया गया था। इस स्थान पर मिट्टी के बड़े बड़े टीले होते थे। यह स्थान उनके पिता ने सिनेमा हॉल बनाने के लिए खरीदा था। जमीन खरीदने के बाद उन्होंने देखा कि एक महिला रोजाना टीले पर पूजा-अर्चना करती थी। उनके पिता ने उस महिला से कहा कि यह जमीन सिनेमा हॉल निर्माण के लिए खरीदी है और यहां पर पूजा करना बंद कर दें। महिला ने हठ करते हुए कहा था कि यहां पर शेर आता है तथा शेर के पंजे के निशान भी हैं। शेर के पंजे का निशान देखकर उनके पिता द्वारा जमीन की खुदाई कराई गई, जिसमें देवी की पिण्डी मिलने पर माना गया कि प्राचीन समय में यहां पर देवी का मंदिर रहा होगा। जमीन से निकली पिण्डी के बाद मंदिर में स्थापित कर दिया गया।

**मंदिर की विशेषताएं**

मंदिर से निकली पिण्डी के अतिरिक्त कई दुर्लभ मूर्तियां भी मिली, जिनको पूरे विधि-विधान के अनुसार मंदिर में स्थापित कर दी गई हैं। मंदिर में कालसर्प की मूर्ति भी स्थापित है। मंदिर में स्थापित किया गया शिवलिंग नर्मदा नदी से लाया गया है, जिसमें कुदरती तौर पर चक्षु बने हुए हैं, जिसका पिछला हिस्सा हरा है। इस प्रकार का शिवलिंग बहुत कम स्थानों पर मिलता है। इसके प्राकृतिक रुप से पत्थर से बने बैल पर सवार शिव की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है, जिसका पिछला हिस्सा हरा है। काठमांडू के पशुपति नाथ मंदिर से नेपाल राज परिवार द्वारा इसे भेंट किया गया था। मंदिर की विशेषता यह भी है कि मंदिर के कार्यों के लिए किसी भी व्यक्ति से कोई चंदा, दान आदि नहीं लिया जाता। ट्रस्ट अपनी ओर से जहां पूरी व्यवस्था करता है, वहीं विशाल भण्डारे का आयोजन भी नवरात्र के समापन पर चलता आ रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के साधु-संत व क्षेत्रवासी प्रसाद ग्रहण करते आ रहे हैं।

# समग सीड्स ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रबी मेले में हासिल किया प्रथम स्थान




**उत्तम भारत संवाददाता, सिरसा।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में 21 और 22 सितंबर 2025 को आयोजित दो दिवसीय रबी कृषि मेले में समग सीड्स प्राइवेट लिमिटेड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मेले में समग सीड्स ने अपनी आकर्षक स्टॉल के माध्यम से 50 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले सब्जी बीज, पशु चारे के लिए जई और बरसीम, साथ ही 10-12बायो-फर्टिलाइजर उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस स्टॉल ने हजारों किसानों का ध्यान आकर्षित किया और उनकी जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए समग सीड्स ने मेले में दो दिनों तक पानी की स्टॉल भी लगाई, जिससे किसानों को सहूलियत हुई और उनकी सराहना मिली।

मेले में 239 से अधिक स्टॉलें थीं, जिनमें विश्वविद्यालय के विभागों और निजी कंपनियों ने नवीनतम तकनीकों व उत्पादों का प्रदर्शन किया। समग सीड्स की स्टॉल ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के दम पर सभी को प्रभावित किया। इस उपलब्धि के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. कंबोज और लुवास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने समग सीड्स के रिप्रेजेंटेटिव आशीष सचदेवा को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मेले का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया, जबकि समापन समारोह में दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समग सीड्स के प्रबंध निदेशक रामानंद तनेजा इन्सां और साहिल तनेजा इन्सां ने बताया कि मेले में सफेद बैंगन, काली गाजर, बथुआ, पशु चारे में हाडू बरसीम (मिल्की-7), आयातित जई एसएमजी-25 और जैव उर्वरक जैसे जिंक चिलेटेड व एनपीके 19.19.19 जैसे नए उत्पाद प्रदर्शित किए गए, जिन्हें किसानों ने खूब पसंद किया। यह उपलब्धि समग सीड्स की गुणवत्ता और किसान कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जो कृषि क्षेत्र में उनके योगदान का प्रतीक है।

# राजकीय आईटीआई सोहना में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ी

**-रिक्त सीटों पर ऑन-द-स्पॉट दाखिला अब 30 सितंबर तक**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने राज्य के सभी सरकारी और निजी आईटीआई संस्थानों में ऑन-द-स्पॉट दाखिला अवधि को 30 सितंबर, 2025 तक बढ़ा दिया है। यह उम्मीदवारों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। अब वे किसी भी दिन, चाहे वह अवकाश का दिन ही क्यों न हो, अपनी दाखिला प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोहना में इच्छुक उम्मीदवार विभिन्न व्यवसायों में दाखिला लेने के लिए प्रतिदिन संस्थान आ सकते हैं। यह संस्थान विद्यार्थियों को सीधे दाखिला प्रक्रिया का लाभ लेने का अवसर प्रदान करता है। उम्मीदवारों को सबसे पहले वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उसके बाद, अपने मैरिट/रैंक कार्ड को किसी भी दिन दोपहर 12 बजे तक संस्थान में जमा करना अनिवार्य है। दाखिला केवल मैरिट और रिक्त सीटों के आधार पर ही प्रदान किया जाएगा।

संस्थान की प्रधानाचार्या सोनिका तक्षक ने बताया कि अब तक 290 दाखिले पूरे हो चुके हैं। उन्होंने उम्मीदवारों से अपील की है कि वे समय रहते दाखिला प्रक्रिया पूरी कर रिक्त सीटों का लाभ उठाएं। संस्थान में विभिन्न कोर्सों में कुल 456 सीटों में से 166 सीटें अभी भी रिक्त हैं।

## लघु समाचार

# जेही विधि नाथ होए हित मोरा, करहु सो बेगी दास मैं तोरा...

**-भव्यता से मंचित की जा रही श्री गुरु द्रोणाचार्य रामलीला**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** श्री गुरु द्रोणाचार्य रामलीला क्लब गुडगांव गांव में पहले दिन की रामलीला में नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। जिसमें की नारद जी को घमंड हो गया था कि उनकी तपस्या के कारण ही भगवान इन्द्र का सिंहासन डोल उठा। उसके उपरांत



भगवान विष्णु ने अपनी माया से श्री निवासपुरी नगरी जैसी अति सुंदर नगरी का निर्माण किया। वहां के राजा शीलनिधि द्वारा अपनी पुत्री का स्वयंवर रखा गया। जिसमें दूर-दूर के राजाओं ने भाग लिया। राजा शीलनिधि की पुत्री ने भगवान विष्णु को अपना वर चुना। उसके बाद मुनि नारद ने विष्णु को गुस्से में कहा कि जिस प्रकार मैं स्त्री मोह में तड़प रहा हूं, ऐसे ही एक दिन आपको भी स्त्री मोह में तड़पना पड़ेगा। जब नारद मुनि को अपने कहे का एहसास हुआ तो उनको बहुत पछतावा हुआ। तब जाकर नारद मुनि का मोह भंग हुआ।

# सेक्टर-10ए में पानी की लाइन डालने का काम हुआ शुरू

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की महापौर राजरानी मल्होत्रा ने मंगलवार को सेक्टर-10ए में पानी की नई लाइन डालने के कार्य का शुभारम्भ किया। इस नई पेयजल लाइन से क्षेत्र के निवासियों को लंबे समय से हो रही पानी की समस्या से राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मेयर ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। उन्होंने बताया कि इस कार्य से हजारों स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। मेयर राजरानी मल्होत्रा ने इस अवसर पर



उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास यही है कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा गुरुग्राम के लोगों की जो भी समस्याएं हैं। उन्हें जल्द से जल्द सभी पार्षदगण के सहयोग और जन भागीदारी के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे नगर निगम की योजनाओं में सक्रिय रूप से सहयोग करें, ताकि शहर को बेहतर और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जा सके। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद, नगर निगम अधिकारी और स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने इस पहल के लिए महापौर और नगर निगम गुरुग्राम का आभार व्यक्त किया।

# निरामया चौरिटेबल ने मियांवाली पंचायत घर में लगाया नेत्र जांच शिविर

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सेंटिस फाउंडेशन द्वारा प्रोजेक्ट सेवा के अंतर्गत मियां वाली पंचायत घर खसापुरा में मंगलवार को नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। यह नेत्र जांच कार्य निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से किया गया। शिविर में 100 लोगों ने नेत्र जांच का लाभ उठाया। इस दौरान 30 लोगों की नजर कमजोर पाई गई, उनको निशुल्क चश्मे दिए जाएंगें। यह चश्में 22 अक्टूबर मंगलवार को दिए जाएंगे। शिविर में डॉ. देवेन्द्र कुमार आहूजा, डॉ. शशि अग्रवाल, डॉ. मिष्ठी जैन की अगुवाई में मियां वाली पंचायत घर के मुखिया पवन बत्रा व आरोह अस्पताल से डा. राजीव विग डा. हितैषी विग का सहयोग मिला। आसपास के क्षेत्रों से व गांव के लोगों ने लाभ प्राप्त किया। इस नेत्र जांच कार्यक्रम में




नेत्र जांच कर आंखों की दवा दी गई। जिन के आंखें कमजोर थी, उनको मुफ्त में चश्मा देने के लिए उनकी पर्ची वहां जमा होगी। चश्मा एक महीने के बाद बनकर आएंगे। लगभग 13 लोगों को मोतियाबिंद था, उनका निशुल्क ऑपरेशन लेंस सहित आहूजा नेत्र एवं दंत संस्थान में डॉ. हितेंद्र आहूजा की टीम द्वारा निशुल्क किया जाएगा। छोटे बच्चों में पर्दे की समस्या बहुत पायी जाती है तो इसका इलाज जल्द से जल्द करवा लेना चाहिए। इस नेत्र जांच शिविर में जिन बच्चों के पर्दे कमजोर पाए गए उनको पर्दे की जांच के लिए आहूजा नेत्र एवं दंत संस्थान गुरुग्राम में भेजा गया। निरामया ट्रस्ट की ओर से डॉ. शशि अग्रवाल, डॉ. देवेन्द्र कुमार आहूजा, डॉ. मिष्ठी जैन, आमिर, निधि, लक्षिता, खुशबू, रिया, नितिन, सुखदेव, चिराग आदि शामिल रहे। नेत्र जांच कार्य हर महीने के चौथे मंगलवार को होगा। अगला नेत्र जांच कार्य 22 अक्टूबर मंगलवार को होगा।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 9/23/2025 8:39 PM Page 1



# तावडू में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल हो रहा धड़ल्ले से, प्रशासन मौन

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू, (महेंद्रीरत्ता)।** शहर व क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर कई बार अभियान चलाया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लगभग 3 वर्ष बीत चुके हैं। इसके बाद भी इस प्रतिबंध का कोई विशेष असर बाजारों में दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि नगरपालिका ने कई बार इसको लेकर कार्रवाई भी की है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गई है। शहर में जहां पोलिथीन का उपयोग आम बात बन गया है वहीं थमाकोल व प्लास्टिक की थाली व गिलास भी पर्यावरण व स्वच्छता के दुश्मन बने हैं।

शहर के पुराना बस अड्डा व नूंह रोड तथा पटौदी रोड पर डिस्पोजल गिलास, कटोरियां, पोलिथीन पन्नियों का इस्तेमाल सरे आम हो रहा है। थोक दुकानदारों के यहां डिस्पोजल गिलास, कटोरियों के पैकेट खुले आम रखे हुए हैं। रेहड़ियों व अन्य दुकानदार पोलिथीन में सामान दे रहे हैं। वहीं सार्वजनिक कार्यक्रमों में सिंगल यूज प्लास्टिक खुल कर इस्तेमाल हो रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 की 1 जुलाई को केन्द्र सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक वाली वस्तुओं पर देशव्यापी प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। लेकिन यह प्रतिबंध केवल कागजों में सिमट कर रह गया। क्षेत्रवासी एडवोकेट मुकेश मक्कड़, रमेश कुमार, भगवान सिंह, अनुप सिंह, मनोज शर्मा, एडवोकेट जितेन्द्र मंगला, वेद प्रकाश, मनोहर लाल व एडवोकेट गगन नागपाल आदि ने कहा कि सब्जी मंडी से लेकर किराना व कपड़े की दुकान सहित अन्य दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक में ही सामान दिया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक का चलन होने से कचरे में सर्वाधिक प्लास्टिक होता है। इससे पर्यावरण को सीधे तौर पर नुकसान पहुंच रहा है। सब्जी विक्रेता नरेश ने बताया कि 30 रुपए में लगभग 10 पोलिथीन मिलती हैं और कपड़े का थैला बहुत महंगा है। इसके अलावा शहर के मुख्य बाजार, जनता बाजार, अपना बाजार, अग्रसेन मार्किट आदि में प्लास्टिक थोक के भाव बिक रहा है। इसी प्लास्टिक के खुदरा दुकानदार, फल, सब्जी, मिठाई व किराने वालों से लेकर हर कोई धड़ल्ले से पोलिथीन इस्तेमाल कर रहा है। शहर में कोई भी दुकान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक से अछूता नहीं है। प्रतिबंध के शुरूआत में नगरपालिका की छापेमारी व जुर्माने से थोड़ा हड़कंप मचा था। लेकिन कुछ ही दिनों में यह छापेमारी भी फीकी पड़ गई। कारोबारी भी इसे प्रशासन का रूटीन का कार्य समझ कर अंदेखी करना शुरू कर दिया। इसके दोष पूरी तरह ग्राहक ही हैं, अगर ग्राहक अपने घर से कपड़े का थैला बना हुआ लेकर चलें तो दुकानदार उसी थैले में सामान देगा। दुकानदार बताते हैं कि उन्हें मजबूरी में ही सिंगल यूज प्लास्टिक रखनी पड़ती है। अगर सिंगल यूज प्लास्टिक न हो तो ग्राहक सामान ही नहीं खरीदता।

# तावडू में नेशनल हाईवे पर सड़कें टूटी, वाहन चालक परेशान

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर से निकल रहे नेशनल हाईवे 919 जो कि भिवाड़ी-राजस्थान तक पंचायतों की लापरवाही के चलते सड़कों पर गांवों का गंदा पानी भर रहा है। जिससे वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन सब कुछ जान कर अंजान बना हुआ है। पिछले लंबे समय से प्रशासन मात्र आश्वासन के अलावा समस्या के समाधान की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है।



उल्लेखनीय है कि शहर के सोहना बाईपास, गांव निजामपुर व गांव खोरी कलां में वर्षा के कारण सड़कें पूरी तरह टूट चुकी हैं। बाईपास पर तो प्रशासन ने गड्ढों में रोडी डलवा दी, लेकिन गांव निजामपुर व गांव खोरी कलां में नालों का पानी सड़कों पर आने की वजह से वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। यह सड़कों में बने गड्ढे लंबे समय से बने हुए हैं और प्रशासन के संज्ञान में होने के बावजूद प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। जिससे क्षेत्र के लोगों में प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है।

इस बारे में एसडीएम जितेन्द्र कुमार ने बताया कि यह समस्या उनके संज्ञान में है और इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वह पंचायत विभाग से मिलकर इस स्थान का दौरा कर जल्द समस्या का समाधान कराएंगे।

# सूरजकुंड में 2 से 7 अक्टूबर तक सजेगा द्वितीय सूरजकुंड दीवाली मेला

● आत्मनिर्भर भारत – स्वदेशी मेला थीम पर होगा सूरजकुंड दीवाली मेले का आयोजन




**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2025 तक सूरजकुंड मेले के प्रांगण में द्वितीय सूरजकुंड दीवाली मेला आयोजित किया जाएगा। यह भव्य आयोजन आत्मनिर्भर भारत – स्वदेशी मेला की थीम पर आधारित होगा, जिसमें दीवाली की रौनक, स्वदेशी उत्पाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और मनोरंजन का संगम देखने को मिलेगा। मेले के दौरान सांस्कृतिक कैलेंडर के अंतर्गत देशभर से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। 2 अक्टूबर को प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना मीनू ठाकुर अपने विशेष नृत्य प्रदर्शन से मेले की शुरुआत करेंगी। 3 अक्टूबर को एनएफजी कॉलेज, पलवल के युवा फैशन डिजाइनर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 4 अक्टूबर को पंजाबी गायक दिपेश राय अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। 5 अक्टूबर को इंडियन आइडल फेम सलमान अली अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों का दिल जीतेंगे। 6 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश की पारंपरिक धुनों से सजी प्रस्तुति हिमाचल पुलिस बैंड द्वारा दी जाएगी। मेले का समापन 7 अक्टूबर को रंगारंग क्लोजिंग सेरेमनी के साथ होगा। मेले में हस्तशिल्प उत्पाद, पारंपरिक परिधान, गृह सज्जा की वस्तुएं, स्वदेशी सामान, स्वादिष्ट व्यंजन और आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण होंगी। इसके साथ ही सांस्कृतिक संध्या, फूड बाजार और स्टार परफॉर्मेंस इस मेले को खास बनाएंगी। इस अवसर पर मेले में भाग लेने के इच्छुक उद्यमी, शिल्पकार और व्यापारी अपने स्टॉल के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही, दर्शकों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। हरियाणा पर्यटन विभाग ने इसके लिए विशेष क्यूआर कोड जारी किया है, जिसे स्कैन करके स्टॉल पंजीकरण एवं टिकट बुकिंग आसानी से की जा सकती है।

# फरीदाबाद में मिला साढ़े 5 फुट लंबा का अजगर

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** फरीदाबाद के ग्रीन फील्ड इलाके के सी ब्लॉक में सोमवार देर शाम एक खाली प्लॉट में लगभग 5.5 फुट लंबा अजगर दिखने से लोगों में दहशत फैल गई। अजगर को सबसे पहले सी ब्लॉक की तरफ जाने वाले रास्ते पर बने एक खाली प्लॉट में रेंगते हुए देखा गया। अजगर दिखने के बाद लोगों ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने इलाके में पहुंच कर अजगर पर नजर रखी। इसके बाद एक प्राइवेट स्नेक रेस्क्यू टीम को बुलाया गया, जिसने कुछ ही देर में



अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया और उसे अरावली के जंगलों में छोड़ दिया। क्षेत्रवासी परमजीत सिंह ने बताया कि अजगर लगभग 5.5 फुट लंबा था और उसका वजन भी काफी ज्यादा था। उन्होंने कहा कि अजगर खतरनाक दिख रहा था और अगर वह इलाके में ही रह जाता तो किसी को नुकसान पहुंचा सकता था। स्थानीय निवासियों ने बताया कि ग्रीन फील्ड क्षेत्र अरावली के जंगलों से घिरा हुआ है, जिसके कारण यहां समय-समय पर सांप और अजगर देखे जाते रहते हैं। हालांकि अजगर जहरीला नहीं होता, लेकिन अपने बड़े आकार और भारी वजन की वजह से यह लोगों और पालतू जानवरों के लिए खतरा बन सकता है।

# श्री धार्मिक लीला कमेटी के मंच पर रामजन्म व ताड़का वध हुआ

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद (राजेंद्र सिंह)।** श्री धार्मिक लीला कमेटी 5 नम्बर एम ब्लॉक एन आई टी फरीदाबाद के निर्देशक बताया कि कल रात रामजन्म व ताडका वध हुआ। राजा दशरथ के किरदार में पंकज खरबंदा ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन जीता तो वही छोटे राम के रोल में पारस खरबंदा व छोटे लक्ष्मन के अभिनय में कबीर नागपाल ने अपने मनमोहक चेहरे व मधुर सवांदो से दर्शकों की तालियाँ बटोरी। आज सबसे ज्यादा दर्शकों को ताडका का किरदार निभा रहे राजू खरबंदा



ने हर उम्र के दर्शकों पर अपने अटूट अभिनय की छाप छोड़ी उन्होंने बताया कि दर्शक आज इसी दृश्य के लिये रामलीला मैदान की ओर खींचें चले आते हैं। ताडका बने राजू खरबंदा जब दर्शकों के बीच से आते हैं तो बच्चें डरे-सहमें से इधर-उधर छिपने लगते हैं। इसी तरह विश्वामित्र का किरदार निभा रहे दीपक नागपाल ने अपने अभिनय का लौहा दर्शकों से मनवाया तो मारीच बने हार्दिक बत्तरा का संवाद एक ओरत को कत्ल कर उछल रहा रणबीच, बचकर जायेगा कहाँ आ पहुंचा मारीच बहुत शानदार अंदाज में बोला तो वहीं सुबाहू के रोल में मनीष रोहिला ने भी अपने अभिनय में जान फूंकी।

# प्रापर्टी डीलर की मौत पर हंगामा, एसीपी का बेटा पकड़ा

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद (नवीन शाह)।** फरीदाबाद में प्रॉपर्टी डीलर को थार से कुचलने के मामले में पुलिस ने एसीपी के बेटे समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। सोमवार रात को परिवार के लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर जमकर हंगामा किया था। उन्होंने कहा कि एसीपी के बेटे ने थार से टक्कर मारी, जिसमें उसकी मौत हुई। पुलिस आरोपी को बचाने की कोशिश कर रही है। जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे, वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। हालांकि घटना पर एसीपी राजेश लोहान ने कहा कि गाड़ी मेरे नाम पर रजिस्टर्ड है। उसे रात को मेरा ड्राइवर लेकर गया था। हम पुलिस का पूरा सहयोग कर रहे हैं। मेरा बेटा गाड़ी नहीं चला रहा था। मृतक की पहचान फरीदाबाद के नंगला पार्ट-2 के रहने वाले मनोज कुमार मंगला के रूप में हुई है। वह दो बच्चों के पिता थे। 14 वर्षीय बेटा 9वीं कक्षा में पढ़ता है और 16 वर्षीय बेटी 10वीं में पढ़ रही है। मनोज कुमार मंगला (45) प्रॉपर्टी डीलर थे।



उनका भाई विक्की कुमार डबुआ सब्जी मंडी में आढ़त का काम करता है। विक्की ने पुलिस को बताया कि मनोज 21 सितंबर (शनिवार) को वृंदावन घूमने गए थे। वापस लौटते समय रात अधिक होने पर वह अपने दोस्त प्रवेश की सेक्टर-9 स्थित दुकान पर रुक गए। विक्की ने बताया कि रात करीब 1 बजे मनोज का दोस्त नवदीप और अमन बाइक से खाना लेने धर्मा ढाबा जा रहे थे। सेक्टर-12 कट के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार थार ने उनकी बाइक के सामने कट मारा। इस पर उन्होंने बाइक रोक ली। इसके बाद नवदीप और अमन बाइक लेकर आगे बढ़े तो थार चालक उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। दुकान पर इंतजार कर रहे मनोज को उन्होंने इसकी जानकारी दी। इसके बाद मनोज एक अन्य दोस्त के साथ अपनी गाड़ी लेकर मौके पर पहुंच गया। इसके बाद चारों दोस्त थार का पीछा करते हुए टाउन पार्क की ओर चले गए। विक्की ने आगे बताया कि जब चारों पार्क के पास पहुंचे तो थार ड्राइवर स्टंटबाजी कर रह था। जैसे ही मनोज और उसका साथी अपनी गाड़ी से उतरे तो थार चालक ने मनोज को जानबूझकर सीधी टक्कर मार दी। गाड़ी मनोज के ऊपर से चढ़ाते हुए वहां से भाग गया। विक्की के मुताबिक, टक्कर से मनोज गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उसके दोस्तों ने उसे सेक्टर-16 के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी ली। परिवार के लोग सोमवार रात को टाउन पार्क में इकट्ठे हुए और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि थार को एसीपी का बेटा चला रहा था। मनोज की जान बूझकर टक्कर मारकर हत्या की गई है। पुलिस एसीपी के बेटे को बचा रही है। सूचना मिलते ही एसएचओ और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिवार के लोगों को शांत किया। मंगलवार सुबह डीसीपी सेंट्रल उषा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को पकड़ लिया है। इसमें एसीपी राजेश लोहान का बेटा भी शामिल है। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थार को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थार एसीपी के नाम रजिस्टर्ड है। अभी उनके बेटे से पूछताछ की जा रही है।

# आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : कृष्ण पाल गुर्जर

● केंद्रीय राज्यमंत्री ने बडखल विधानसभा में किया लगभग 20 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा की जनता को बड़ी सौगात देते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अंखीर चौक तथा एनआईटी स्थित 1-2 चौक पर आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का सोमवार को बड़े-बुजुर्गों के हाथों नारियल फुडवाकर विधिवत शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता बडखल विधानसभा के विधायक धनेश अदलखा ने की। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों में जलापूर्ति को सुचारू बनाने के लिए ट्यूबवेल की स्थापना, पार्कों का विकास और सौंदर्यीकरण, ओपन जिम की स्थापना, वर्षा जल संचयन प्रणाली का निर्माण, विभिन्न सडकों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य तथा सीवर डिसिल्टिंग जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। इन कार्यों के पूरे होने से क्षेत्र में पानी, स्वच्छता और यातायात संबंधी समस्याओं का समाधान होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में फरीदाबाद में सडकों और हाईवे कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। बडखल और बाटा को जाम मुक्त करने के लिए 1500 करोड़ की लागत से स्लिप रोड का निर्माण किया जाएगा। जहाँ कभी हर चौराहे पर जाम की समस्या आम बात हुआ करती थी, वहीं आज बदरपुर बॉर्डर से लेकर कर्मन बॉर्डर तक निर्बाध और सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध है। दिल्ली-वडोदरा-मुंबई कॉरिडोर से जुड़ाव और जेवर एयरपोर्ट व केएमपी एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी ने क्षेत्रीय विकास को नई दिशा और गति प्रदान की है। रेलवे स्टेशन और बुनियादी ढांचे के उन्नयन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से फरीदाबाद का ओल्ड रेलवे स्टेशन आधुनिक एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। श्री गुर्जर ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कॉलेज स्थापित किए गए हैं। पासपोर्ट सेवाओं के लिए दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं रही बल्कि हमारी सरकार द्वारा पासपोर्ट कार्यालय की स्थापना फरीदाबाद में ही करा दी गयी। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल करते हुए नहर पार क्षेत्र में एक नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही ग्रेटर फरीदाबाद में विज्ञान भवन से भी उन्नत कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि बिजली विभाग का पदभार संभालते हुए उन्होंने फरीदाबाद के लिए 2800 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलाई गई थी। इसके अंतर्गत आने वाले दो वर्षों में पूरे शहर की बिजली लाइनों को भूमिगत किया जाएगा, जिससे आंधी-तूफान व बरसात के समय बिजली बाधित नहीं होगी और सडकों से खंभे भी हटा दिए जाएंगे। देश के समग्र उत्थान पर विचार रखते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है और शीघ्र ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक स्तर पर भी सशक्त हुआ है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के समग्र विकास के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा वर्तमान मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में फरीदाबाद हर दृष्टि से एक आदर्श और विकसित शहर के रूप में स्थापित होगा। अंखिर चौक पर आयोजित कार्यक्रम के समापन के उपरान्त, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर तथा बडखल विधायक धनेश अदलखा ने गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं से अभिवादन किया और क्षेत्र में समरसता व सांस्कृतिक एकता बनाए रखने के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर पार्षद वीरेंद्र भड़ाना, पार्षद लिक्खी चपराना, पार्षद गजेन्द्र लाला, पार्षद सुमन बाला, पार्षद जसवंत सिंह, पार्षद हरिकिशन गिरोटी, सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकत्ता व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फरीदाबाद में दो घंटे के लिए रुका ट्रैफिक, 25 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जाएगीं वृंदावन



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 को वृंदावन धार्मिक यात्रा पर जा रही हैं। इसे लेकर फरीदाबाद में ट्रैफिक पुलिस ने थानों की पुलिस के साथ मिलकर अलग-अलग जगहों पर ट्रैफिक को बंद कर अभ्यास किया। हालांकि मिली जानकारी के अनुसार, वह दिल्ली से विशेष रेल से छटीकरा और उसके बाद वृंदावन जाएंगी। फरीदाबाद में मंगलवार सुबह नौ बजे ही दिल्ली- आगरा नेशनल हाईवे और दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस-वे सहित कई जगहों पर अचानक से ट्रैफिक को दो घंटे के लिए बंद कर दिया गया। कंपनी और ऑफिस जाने वाले लोगों को कुछ समझ नहीं आया। दो घंटे के लिए वाहनों को रोककर रखा गया। नेशनल हाईवे- 19 पर नीलम पुल और बाटा पुल को बंद कर दिया गया। बल्लभगढ़.फ्लाईओवर पर भी वाहनों का आवागमन बंद रहा । इस तरह से अचानक से वाहनों को रोके जाने के कारण लोगों अपने कामों पर पहुंचने में देरी हुई। लोगों को पता नहीं चल रहा था कि आखिर क्यों ट्रैफिक को रोका गया है। क्योंकि ऐसा करने से पहले लोगों को कोई सूचना नहीं दी गई थी। 2 घंटे के बाद ट्रैफिक को फिर से खोल दिया गया, जिसके बाद लोगों को जाम से निजात मिली। इस दौरान रोड पर वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के वृंदावन दौरे को लेकर पुलिस ने अभ्यास किया था। इस दौरान रेलवे लाइन के ऊपर से गुजरने वाले पुल को पूरी तरह से बंद कर किया गया था। जिनको बाद में कुछ घंटे बाद पूरी तरह से खोल दिया गया। जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बांकेबिहारी मंदिर पहुंचेगी। जहां से वह निधि वन और उसके बाद संत सुदामा दास महाराज की कुटिया का लोकार्पण करेंगी। राष्ट्रपति यहां गाय का दान करेंगी और कृष्ण कालीन प्रजाति का

## लघु समाचार

# वीर शहीदों पर हर भारतवासी को गर्व है, आज का दिन वीर एवं शहीदों के नाम है : पंडित अरूण

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** वीर शहीदों पर हर भारतवासी को गर्व है, आज का दिन वीर एवं शहीदों के नाम है। जिन्होंने हमारे देश की रक्षा के लिये वीर भूमि में अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। देश की आजादी में अपना बलिदान दिया, चाहे चीन के साथ युद्ध हो या पाकिस्तान के साथ हुआ हो। अपने उन शहीदो पर हमें गर्व है और रहेगा। शहीदों एवं वीरों को शहीदी दिवस पर याद करते हुऐ बार अधिकता संघ के पूर्व महासचिव एव भगवान श्रीपरशु राम सेवा दल के अध्यक्ष पंडित अरुण एडवोकेट ने रखे। उन्होंने अदालत परिसर में वीर शहीदों को नमन करते हुऐ बताया वीर शहीदों की बदोलत यह देश आजाद हुआ और वीर शहीदों को हमें हमेशा याद रखना चाहिये। आजादी की लड़ाई सन 1857 में महारानी लक्ष्मी बाई ने आन्दोलन का बिगुल बजाया ओर सन 1947 में 15 अगस्त को देश आजाद हुआ। हमें उन वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये, जिनके अन्दर देश भक्ति कूट-कूट कर भरी हुई थी। जिनकी बदौलत हमे आजाद भारत के नागरिक है। देश की एकता एवं अखण्डता के लिये देश की आजादी के लिये जो शाहीद हुए उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर परमतप मुदगिल, नरेश दीक्षित, बालकिशन भारद्वाज, हेमनाली, राजेन्द्र, जितेंद्र कौशिक, मुकेश सैनी, आदि मौजूद रहे।

# तावडू में नवरात्र के दूसरे दिन की गई मां ब्रह्माचारिणी की पूजा।

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** नवरात्र उत्सव के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा शहर व क्षेत्र के माता मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालूओं द्वारा मंगलवार को श्रद्धापूर्वक की गई। मंदिरों में पूजा के लिए भक्तों की लंबी लाईने नजर आई। दर्शनों को आतुर श्रद्धालुओं की आस्था सैलाब प्रातः काल से ही उमडना शुरू हो गया था। वहीं मंदिरों को रंग-बिरंगी लाईटों से सजाया सवांरा गया है। उल्लेखनीय है कि भगवती दुर्गा की नौ शक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। ब्रह्मा का अर्थ है, तपस्या, तप का आचरण करने वाली भगवती, जिस कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया है। माता ब्रह्मचारिणी की पूजा और साधना करने से कुण्डलिनी शक्ति जागृत होती है। ऐसा भक्त इसलिए करते हैं ताकि उनका जीवन सफल हो सके और उनके सामने आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा का सामना आसानी से कर सके। शहर के वैष्णो माता मंदिर, प्राचीन देवी भवन, नगर की पुरानी अनाज मंडी में स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, मुख्य बाजार में स्थित माता मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, नीलम विहार शिव मंदिर, सैनीपुरा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, नीलकंठ मंदिर में नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा देखा गया। श्रद्धालुओं ने माता ब्रह्मचारिणी की श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान रहा।

# तावडू में रामलीला मंचन के पहले दिन राम जन्म से ताडका वध हुई लीला

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित जय भारत रामलीला मैदान में सोमवार रात रामलीला क्लब में रामलीला मंचन के पहले दिन श्रीरात जन्म से ताड़का वध तक लीला का मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला देखने आए दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला। क्लब के तत्वाधान में रामलीला मंचन के पहले दिन प्रभु श्री



रामजी का जन्म हुआ। जिस पर लोगों द्वारा खुशियां मनाई गई। वहीं मनमोहक कलाकृतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान रामलीला मंचन ताड़का वध लीला तक चला। इस लीला में मुख्य किरदार दशरथ का कृष्ण लाल मनोचा, मोहित शर्मा – लक्ष्मण, महेश शर्मा – कौशल्या, दीपक शर्मा केकई, सुरेश बंजारा-सुमित्रा, देशराज वशिष्ठ, देवेंद्र मनोचा एवं दीपक शर्मा-विश्वामित्र, मास्टर देवेंद्र, जगदीश, गुलशन खंडूजा, समय सिहं, पंकज तनेजा, मोनू नागपाल, लालाराम, अजीत शर्मा, शिवम शर्मा, प्रदीप मनोचा ने राम जन्म पर बधाइयां दी।

# तावडू में आगामी 30 सितंबर को माता का जागरण व विशाल भंडारे का होगा आयोजन।

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** उपमंडल के गांव खोरी कलां के हनुमान नगर में आगामी 30 सितंबर को हनुमान नगर महा संगठन सोसायटी के तत्वाधान में माता के जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संगठन के सहकोषाध्यक्ष संजय गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि हनुमान नगर महा संगठन सोसायटी के



तत्वाधान में 30 सितंबर को रात्रि 8 बजे माता का जागरण व 1 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सोहना-तावडू विधायक चौधरी तेजपाल तंवर को आमंत्रित किया गया है।

P-11 d:28 paga09_jhn.qxd 9/23/2025 10:08 PM Page 1



## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया में 5 अक्तूबर को संसदीय चुनाव

**दमिश्क़, एजेंसी।** सीरिया अपनी नई इस्लामिस्ट-नेतृत्व वाली सरकार के तहत पहला संसदीय चुनाव 5 अक्तूबर को आयोजित करेगा। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने रविवार को यह जानकारी दी। इस चुनाव में 210 सदस्यीय पीपल्स असेंबली के लिए मतदान देश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में होगा, हालांकि चुनाव आयोग ने तीन प्रांतों में सुरक्षा कारणों से मतदान स्थगित करने की जानकारी दी थी। नई संसद का काम सरकार-नियंत्रित आर्थिक नीतियों में बदलाव और विदेशी नीति समझौतों के अनुमोदन के लिए कानून पारित करना होगा। यह सदन देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव रखेगा, जो पिछले दिसंबर में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता हटाए जाने के बाद शुरू हुई। आलोचक मानते हैं कि वर्तमान प्रणाली में अल्पसंख्यक समूहों की पर्याप्त भागीदारी नहीं है। चुनाव को सीरिया में राजनीतिक स्थिरता और प्रशासनिक सुधार की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### ट्रंप ने बेन कार्सन को अमेरिका का सर्वोच्च सम्मान देने का किया एलान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को बेन कार्सन को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम देने का एलान किया। यह अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। ट्रंप ने माउंट वर्नन में अमेरिकन कॉर्नरस्टोन इंस्टीट्यूट के एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। कार्सन (74) एक पूर्व न्यूरोसर्जन हैं। उन्होंने 2016 के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के चुनाव में ट्रंप के खिलाफ चुनाव लड़ा था। ट्रंप ने इस महीने तीसरी बार किसी को यह पुरस्कार देने का एलान किया है। इससे पहले, उन्होंने रूडी गिउलिआनी और चार्ली किर्क को मरणोपरांत यह सम्मान देने की घोषणा की थी।

### चीन : कोविड व्हिसलब्लोअर झांग को चार साल और जेल

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में कोविड की व्हिसलब्लोअर को चार साल और कारावास की सजा सुनाई गई। पत्रकार को कोविड-19 विस्फोट के पहले दौर की रिपोर्टिंग के लिए चार वर्ष जेल की सजा पहले ही सुनाई जा चुकी है। अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता समूह आरएसएफ ने शनिवार को बताया कि झांग झान (42) को चीन में झगड़ा करने और उपद्रव भड़काने के आरोप में शुक्रवार को सजा सुनाई गई है। इन्हीं आरोपों में उन्हें दिसंबर 2020 में जेल की सजा हुई थी। तब उन्होंने कोरोना वायरस के शुरुआती प्रसार पर वुहान शहर से रिपोर्ट पोस्ट की थी। चीनी विदेश मंत्रालय ने फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। आरएसएफ एशिया-प्रशांत एडवोकेसी मैनेजर अलेक्जेंड्रा बिलाकोव्स्का ने एक बयान में कहा, उन्हें वैश्विक स्तर पर एक सूचना नायक के रूप में सम्मानित किया जाना चाहिए न कि जेल भेजा जाना चाहिए। झांग को शुरुआत में भीड़भाड़ वाले अस्पतालों व खाली सड़कों के वीडियो पोस्ट करने के कुछ महीनों बाद गिरफ्तार किया गया था।

### डोमिनिकन गणराज्य ने अमेरिकी नौसेना द्वारा नष्ट की गई स्पीड बोट से जब्त की कोकीन

**सैंटो डोमिंगो, एजेंसी।** डोमिनिकन गणराज्य के अधिकारियों ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उन्होंने उस स्पीड बोट से कोकीन जब्त की है, जिसे हाल ही में अमेरिकी नौसेना ने नष्ट कर दिया था। यह अभियान ट्रंप प्रशासन के दक्षिणी कैरेबियन में चल रहे विवादित नारकोटिक्स मिशन का हिस्सा है। डोमिनिकन गणराज्य के राष्ट्रीय मादक पदार्थ नियंत्रण निदेशालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने स्पीड बोट से कोकीन के 377 पैकेट बरामद किए हैं, जिसमें कथित तौर पर 1,000 किलो मादक पदार्थ भरा हुआ था।

### तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी ने दोबारा चुना अपना नेता

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को अपने नेता को दोबारा चुना। पार्टी का कहना है कि यह कदम सरकार की कोशिशों का सामना करने के लिए उठाया गया है, जो पार्टी के नेतृत्व को बदलना चाहती है। रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) के अध्यक्ष ओजगुर ओजेल ने कांग्रेस की शुरुआत में ही सभी सदस्यों से कहा कि वे उनके खिलाफ अविश्वास मत दें, ताकि नया चुनाव हो सके। अंत में उन्होंने सभी 835 वोटों के साथ जीत हासिल की। पार्टी का कहना है कि यह कदम इसलिए जरूरी था, क्योंकि अदालतें उन्हें हटा कर सरकार के समर्थन वाला व्यक्ति नियुक्त कर सकती थीं। सरकार पर पार्टी ने राजनीतिक दबाव डालने का आरोप लगाया है।

# ट्रंप और मस्क में फिर हो गई दोस्ती? किर्क की श्रद्धांजलि सभा में साथ आए नजर, बातचीत भी हुई



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को कंजर्वेटिव एक्टिविस्ट चार्ली किर्क के श्रद्धांजलि सभा में एक साथ देखा गया। दोनों एक-दूसरे से बातचीत करते भी नजर आए। व्हाइट हाउस के सोशल मीडिया अकाउंट से उनकी इस मुलाकात को हाइलाइट भी किया गया है। एलन मस्क ने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ एक्स पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने बस इतना लिखा, चार्ली के लिए। ट्रंप और मस्क के बीच लंबे समय के बाद यह पहली सार्वजनिक मुलाकात रही।

रिपोर्ट के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप से विवाद होने के चलते एलन मस्क ने स्पेशल गवर्नमेंट एंप्लॉयी के पद से इस्तीफा दिया था। मस्क ने मई के आखिर में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के हेड के तौर पर काम छोड़ा था। उन्होंने ट्रंप प्रशासन की एक पॉलिसी को वित्तीय रूप से गैर-जिम्मेदार बताया था। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रंप की तीखी आलोचना भी की थी। इसके जवाब में ट्रंप ने मस्क की कंपनियों के साथ फेडरल कॉन्ट्रैक्ट्स रद्द करने की धमकी दी थी। अब ट्रंप और मस्क मेमोरियल सर्विस में एक साथ दिखे हैं। यह उनके तनावपूर्ण रिश्ते में कुछ नरमी का संकेत देता है। वहीं, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मेमोरियल सर्विस में भावुक भाषण दिया। उन्होंने चार्ली किर्क के समर्थकों से कहा कि वे उनके विश्वास, सत्य और देश के लिए लड़ाई को जारी रखें। वेंस ने कहा, सोशल मीडिया पर कई लोग फॉर चार्ली की बात कर रहे हैं। हमें चार्ली के लिए ये करना होगा। चार्ली के लिए हम हर दिन सच बोलेंगे। चार्ली के लिए हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे। चार्ली के लिए हम कभी पीछे नहीं हटेंगे, कभी डरेंगे नहीं और बंदूक की नोक पर भी डटकर मुकाबला करेंगे।

डोनाल्ड ट्रंप ने चार्ली किर्क को दिया शहीद का दर्जा, पत्नी बोलीं- मैं हत्यारे को माफ करती हूं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मारे गए दक्षिणपंथी कार्यकर्ता चार्ली किर्क को अमेरिका की आजादी का शहीद घोषित कर दिया है। वहीं किर्क की पत्नी ने पति के हत्यारे को माफ कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को किर्क की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा है कि किर्क लोगों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा, वह अमेरिका की आजादी के लिए जान देने वाले शहीद हैं। बता दें कि चार्ली किर्क डोनाल्ड ट्रंप के बेहद करीबी माने जाते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, उन्होंने बहुत मेहनत की। उन्होंने ही मुझे भी पूरे देश में जाने की सलाह दी थी। बता दें कि यूटा यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्हें गर्दन पर गोली मार दी गई थी। उनकी हत्या के आरोप में 22 साल के टाइलर रॉबिन्स को गिरफ्तार किया गया है। सरकारी वकील का कहना है कि वह टाइलर के लिए मौत की सजा की मांग करेंगे। वहीं हत्या के पीछे का मकसद अब भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। राजनीतिक गलियारों में यही कहा जा रहा है कि किर्क वामपंथियों के लिए रोड़ा बन गए थे। इसलिए राजनीतिक साजिश के तहत उन्हें मरवाया गया। डोनाल्ड ट्रंप ने लिबरल्स पर भड़कते हुए कहा कि इस हत्या की जांच पूरी की जाएगी और हिंसा के पीछे जिनका भी हाथ है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, किर्क अपने विरोधियों से भी घृणा नहीं करते थे। चार्ली किर्क की पत्नी एरिका किर्क भी इस कार्यक्रम में संबोधन के दौरान भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, मैं उसे माफ करती हूं, क्योंकि ईसा मसीह ने जो कुछ किया, वही चार्ली ने भी किया है।

बता दें कि रॉबिन्सन पर किर्क की जानबूझकर हत्या करने का आरोप है। वहीं रॉबिन्सन के परिवार ने हत्या को लेकर कोई भी बयान देने से दूरी बना ली है। दोषी पाए जाने पर उसे मृत्युदंड, आजीवन कारावास, बिना पैरोल के आजीवन कारावास या कम से कम 25 साल की सजा हो सकती है। सजा और भी बढ़ाई जा सकती है क्योंकि उसने कथित तौर पर किर्क को उनके राजनीतिक विचारों के कारण निशाना बनाया और घटना बच्चों की मौजूदगी में हुई। किर्क की 10 सितंबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह गैर-लाभकारी राजनीतिक संगठन 'टर्निंग पॉइंट यूएसए' के सह-संस्थापक थे। उन्होंने इस संगठन की स्थापाना ही यूनिवर्सिटी और कॉलेज में लिबरल्स का विरोध करने के लिए की थी। अमेरिका में उनका नेटवर्क इतना मजबूत हो गया था कि वामपंथी खौफ खाते थे। बीते साल उनके संगठन का रेवेन्यू 85 मिलियन डॉलर के करीब था। 2024 में उनका चैप्टर 3300 कॉलेजों तक फैल गया था।

## अमेरिकी महिला ने एआई की मदद से जीती 1.25 करोड़ रुपये की लॉटरी



**वर्जीनिया, एजेंसी।** रिश्तों में सलाह देना हो या किसी की मन की बात सुनना, आज चैटजीपीटी कई तरह से लोगों की मदद कर रहा है। लेकिन अब यह लॉटरी जीतने में भी मददगार साबित हो रहा है। वर्जीनिया के मिडलोथियन शहर की रहने वाली कैरी एडवर्ड्स इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने आठ सितंबर को वर्जीनिया लॉटरी में चार सही नंबर और पावरबॉल मिलाकर लॉटरी जीत ली। पहले उन्हें 50 हजार अमेरिकी डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) मिलने वाले थे। लेकिन उन्होंने पावर प्ले नाम का एक विकल्प चुना, जिसमें केवल एक डॉलर और जोड़ने पर इनाम तीन गुना हो गया। इस तरह उन्हें कुल 1,50,000 डॉलर (करीब 1.25 करोड़ रुपये) मिले।

चैटजीपीटी ऐप से पूछे नंबर अब सवाल यह है कि ये इनाम जीतने वाले नंबर उन्हें किसने बताए? ये नंबर चैटजीपीटी ने दिए। कैरी आमतौर पर लॉटरी नहीं खेलतीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने फोन के चैटजीपीटी ऐप से नंबर पूछे। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया, मैंने चैटजीपीटी से कहा- मुझसे बात करो...क्या तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ नंबर हैं? फोन पर आए नोटिफिकेश ने कैरी को चौंका दिया दो दिन बाद जब वह एक बैठक में थीं, तो उनके फोन पर एक नोटिफिकेशन आया, जिसने उन्हें चौंका दिया। शुरुआत में उन्हें लगा कि यह कोई धोखाधड़ी है, लेकिन जब उन्होंने खबर की पुष्टि की तो उन्हें इस जिंदगी बदल देने वाली जीत पर भरोसा हुआ। उन्होंने कहा, जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है। मुझे लगा कि मुझे यह सब दान कर देना चाहिए, क्योंकि मुझे पहले ही बहुत कुछ मिला है। मैं चाहती हूं कि यह एक उदाहरण बने कि जब किसी को कुछ अच्छा मिले तो वह दूसरों की मदद करे। पैसे को नेक कामों में बांटने का किया फैसला कैरी एडवर्ड्स ने पूरे 1,50,000 डॉलर अच्छे कामों में बांटने का फैसला किया। पहला हिस्सा उन्होंने एक चैरिटी को दिया, जिसका नाम एसोसिएशन फॉर फ्रंटोटेम्पोरल डिजेनरेशन है। यह संस्था ऐसी बीमारी पर शोध करती है।

## 35 हजार मदरसों में बच्चों को खतरा, धार्मिक शिक्षा के नाम पर हो रहा यौन शोषण; संसदीय समिति ने चेताया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के मदरसों व स्कूलों में बच्चों के यौन शोषण संबंधी रिपोर्ट के सामने आने के बाद एक संसदीय समिति ने इस पर चिंता जताई। समिति ने मदरसों व स्कूलों में बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा के नाम पर किसी भी बच्चे को कष्ट न सहना पड़े। पाकिस्तानी अंग्रेजी दैनिक डॉन में शुक्रवार को प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया कि सीनेटर समीना मुमताज जेहरी की अध्यक्षता में मानवाधिकारों पर सीनेट की कार्यात्मक समिति ने बृहस्पतिवार को पंजाब, सिंध व खैबर पख्तूनख्वा के मदरसों में दंड, यातना व यौन शोषण की परेशान करने वाली रिपोर्टों की समीक्षा के लिए एक बैठक की। संघीय व प्रांतीय विभागों के अधिकारियों ने समिति को इस मुद्दे के समाधान के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कदम का उद्देश्य वैध धार्मिक संस्थानों को निशाना बनाना नहीं बल्कि निगरानी व जवाबदेही के माध्यम से दुर्व्यवहार को खत्म करना है। सीनेटर जेहरी ने वित्तीय पारदर्शिता-निगरानी के अभाव पर जताई चिंता सीनेटर जेहरी ने इन संस्थानों के उचित पंजीकरण, वित्तीय पारदर्शिता व निगरानी के अभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मदरसों के नियमित निरीक्षण, अनिवार्य अभिभावक-शिक्षक सहभागिता, बाल संरक्षण पर शिक्षक प्रशिक्षण और शारीरिक दंड पर प्रतिबंध सहित कड़े कदम उठाने का आह्वान किया। सीनेटर ने दर्ज मामलों में दोषसिद्धि की बेहद कम दर पर भी प्रकाश डाला और चेतावनी दी कि अभियोजन और रोकथाम के बिना, दुर्व्यवहार का चक्र बेरोकटोक जारी रहेगा। सीनेटर मुमताज बोलीं-कमाई करने में लगे कई मदरसे सीनेटर समीना मुमताज जेहरी ने कहा कि कई मदरसे राष्ट्रीय शिक्षा ढांचे में एकीकृत होने के बजाय कमाई करने वाली प्रणालियों में बदल गए हैं। बैठक में अन्य सदस्यों ने बच्चों की सुरक्षा के लिए जिला-स्तरीय निगरानी और सुसंगत प्रांतीय कानूनों की सिफारिश की। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान में 35 हजार से ज्यादा मदरसे हैं, जहां हजारों बच्चे धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं।

## तालिबान ने यौन उत्पीड़न से जुड़ी किताबें गैरकानूनी घोषित की, कुल 679 किताबों पर रोक; मानवाधिकार से जुड़ी पढ़ाई पर भी प्रतिबंध



**काबुल, एजेंसी।** तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान की यूनिवर्सिटीज में यौन उत्पीड़न, मानवाधिकार और महिलाओं से जुड़े विषयों पर पढ़ाई जाने वाली किताबों पर रोक लगा दी। यह प्रतिबंध 28 अगस्त 2025 को लागू हुआ, जिसमें 679 किताबों को ÷शरिया और तालिबान नीतियों के खिलाफ÷ बताकर प्रतिबंधित किया गया। इनमें से 140 किताबें महिलाओं ने लिखीं थीं। तालिबान ने 18 विषयों को पढ़ाने पर भी रोक लगाई, जिनमें यौन उत्पीड़न, मानवाधिकार, महिलाओं की समाजशास्त्र और जेंडर स्टडी शामिल है। यह खबर हाल ही में सामने आई है।

**तालिबान ने वाई-फाई पर भी रोक लगाई :** यह कदम तालिबान के पिछले चार सालों में लगाए गए कई प्रतिबंधों की कड़ी में एक और नया फैसला है। हाल ही में उन्होंने 10 प्रांतों में वाई-फाई पर भी पाबंदी लगा दी थी। अधिकारियों का कहना है कि ऐसा अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए किया गया। तालिबान के इस फैसले लेकिन इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं और लड़कियों पर पड़ा है। उन्हें पहले ही छठी कक्षा से आगे की पढ़ाई से रोका जा चुका है और अब दाई के पाठ्यक्रम, जो उनकी पढ़ाई का आखिरी सहारा थे, 2024 के आखिर तक बंद कर दिए जाएंगे। पुस्तकों की समीक्षा करने वाली समिति ने साफ कहा है कि अब महिलाओं की लिखी गई कोई भी किताब पढ़ाने की अनुमति नहीं होगी। अफगानिस्तान की पूर्व उप-न्याय मंत्री और लेखिका जकिया अदेली, जिनकी किताब भी इस सूची में शामिल है, ने कहा कि यह फैसला उन्हें चौंकाने वाला नहीं लगा। उनके मुताबिक तालिबान की नीतियां पहले दिन से ही स्त्री विरोधी रही हैं। अगर महिलाओं को पढ़ने की अनुमति नहीं है, तो उनके विचारों और लेखन को भी जगह नहीं दी जाएगी। बीबीसी के मुताबिक तालिबान के उच्च शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि फैसले धार्मिक विद्वानों और विशेषज्ञों की सलाह से लिए गए हैं। महिलाओं की किताबों के अलावा इस बार ईरानी लेखकों और प्रकाशकों की किताबों पर भी रोक लगाई गई है।

**अफगानिस्तान में ईरान का प्रभाव रोकने में जुटा तालिबान :** प्रतिबंधित सूची में शामिल 679 किताबों में से 310 या तो ईरानी लेखकों की हैं या ईरान में प्रकाशित हुई हैं। समिति के एक सदस्य ने बताया कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि अफगान पाठ्यक्रम में ईरानी प्रभाव न बढ़ सके। दरअसल, हाल के सालों में अफगानिस्तान और ईरान के रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। पानी के बंटवारे जैसे मुद्दों पर दोनों में टकराव हुआ है। इसके अलावा, ईरान ने इस साल जनवरी से अब तक 15 लाख से ज्यादा अफगानों को देश छोड़कर वापस जाने पर मजबूर किया है। ऐसे माहौल में ईरानी किताबों पर रोक को भी राजनीतिक फैसले के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के लिए यह स्थिति बेहद मुश्किल बन गई है। एक प्रोफेसर ने कहा कि ईरानी लेखक और अनुवादक अब तक अफगान शिक्षा जगत और वैश्विक शैक्षणिक समुदाय के बीच पुल का काम करते थे। उनकी किताबें हट जाने से विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के स्तर में बड़ी कमी आ जाएगी।

## आपात स्थिति में फोन कॉल न जुड़ने के कारण चार की मौत, अब देशभर के संपर्क तंत्र में बदलाव की तैयारी





**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की एक बड़ी टेलीकॉम कंपनी की तकनीकी खामी के कारण सैकड़ों लोग आपात स्थिति में संपर्क नहीं कर पाए, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो घई। इस घटना के बाद सरकार अब पूरे देश में संपर्क प्रणाली को दुरुस्त करने की बात कर रही है। ऑप्टस ऑस्ट्रेलिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी है। उसने बताया कि गुरुवार को एक तकनीकी खराबी के चलते 624 फोन कॉल आपातकालीन सेवा (000 नंबर) से नहीं जुड़ पाईं। अमेरिका में आपात स्थिति में लोग 911 डायल करते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया में 000 पर कॉल किया जाता है। जिन कॉल के दौरान दिक्कत आई, उनमें से चार मामलों में लोगों की जान चली गई।

**टेलीकॉम कंपनियों पर पहले भी लग चुका जुर्माना :** यह पहली बार नहीं है, जब इस कंपनी पर ऐसी लापरवाही का आरोप लगा हो। पिछले साल नवंबर में भी नेटवर्क बंद होने के दौरान मदद के लिए फोन कर रहे लोग संपर्क नहीं कर पाए, जिस कारण कंपनी पर 1.2 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब आठ मिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया था। देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी टेल्स्ट्रा को भी पिछले साल दिसंबर में 30 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब दो मिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना देना पड़ा था, क्योंकि उसके केंद्र में तकनीकी खामी आने से लोग समय पर संपर्क नहीं कर पाए थे।

**सख्त कार्रवाई करेंगे: ऑस्ट्रेलियाई सूचना मंत्री :** ऑस्ट्रेलिया की सूचना मंत्री अनिका वेल्स ने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, ऑप्टस और अन्य सभी कंपनियों की यह जिम्मेदारी है कि लोग जब भी किसी परेशानी में हों, तो उनका संपर्क बिना किसी बाधा के हो। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और सभी कंपनियों को अब सतर्क रहना होगा। इस चूक के लिए ऑप्टस को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। ऑप्टस के प्रमुख स्टीफन रुए ने इस घटना पर दुख जताया और माफी मांगी। उन्होंने कहा, मैं उन चार लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करता हूं, जो जरूरत के समय मदद नहीं ले पाए। उन्होंने माना कि शुरुआती जांच में ये सामने आया है कि तय तरीकों का पालन नहीं किया गया। जिन राज्यों में यह दिक्कत हुई, उनमें उत्तरी क्षेत्र, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया और न्यू साउथ वेल्स शामिल हैं। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की राजधानी पर्थ में एक 74 साल के बुजुर्ग और एक 49 साल के व्यक्ति की मौत हुई।

## मोरक्को में बोले राजनाथ सिंह- एक दिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर कहेगा- मैं भी भारत हूं..,



**रबात (मोरक्को), एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय मोरक्को दौरे पर हैं। इस दौरान रबात में उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात भी की। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा, हमारा भारत के प्रति समर्पण, स्नेह और प्रेम स्वाभाविक है। हम दुनिया में कहीं भी रहें, यह नहीं भूलना चाहिए कि हम भारतीय हैं। भारतीय होने के नाते हमारी जिम्मेदारियां भी दूसरों से अलग होती हैं। अगर हम मोरक्को में अपनी रोजी-रोटी कमा रहे हैं अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं, तो मोरक्को के साथ कोई बेईमानी नहीं होनी चाहिए, यही भारत का स्वभाव है।

**भारत कुछ कहता है तो ध्यान से सुनती है दुनिया :** उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि आप सभी भार की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा को महसूस कर पा रहे हैं। पहले जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ कहता था, तो उसे गंभीरता से नहीं लिया जाता था। लेकिन आज भारत कुछ कहता है, तो पूरी दुनिया ध्यान देती है और सुनती है। पहले ऐसा नहीं था। तमाम वैश्विक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

**स्टार्टअप्स और नवाचार का वैश्विक केंद्र बन रहा भारत :** राजनाथ सिंह ने कहा, भारत स्टार्टअप्स और नवाचारों का एक वैश्विक केंद्र बनता जा रहा है। 2014 में केवल 500 स्टार्टअप थे और आज यह संख्या बढ़कर 1.60 लाख हो गई है। 2014 में जहां केवल 18 यूनिकॉर्न थे, आज उनकी संख्या बढ़कर 118 हो गई है।

**ऑपरेशन सिंदूर पर रक्षा मंत्री ने क्या कहा :** रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, क्या पार्ट-2 या पार्ट-3 होगा, यह कहना मुश्किल है। यह पाकिस्तान के व्यवहार पर निर्भर करता है। अगर वह आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त रहता है, तो उसे जवाब मिलेगा। पहलगाम में हमारे 26 लोग मारे गए थे। इससे पहले उनसे उनका धर्म पूछा गया था। मैंने 23 अप्रैल को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस), तीनों सेनाओं के प्रमुखों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में पहला सवाल पूछा था कि अगर सरकार ऐसा फैसला लेती है तो क्या वे इस ऑपरेशन के लिए तैयार हैं। इसके बाद हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संपर्क किया। उन्होंने हमें आगे बढ़ने की पूरी छूट दी। आपने देखा होगा उसके बाद क्या हुआ। सीमा पर नहीं, हमने उनके अंदर सौ किलोमीटर तक आंतक के ठिकाने नष्ट कर दिए। जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष आतंकवादी ने कहा कि भारत के हमले में मसूद अजहर का परिवार बिखर गया।

## 24 घंटे में 4 देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता दी:ब्रिटेन-कनाडा शामिल, अब तक 150 देश कर चुके समर्थन

**लंदन, एजेंसी।** पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फिलिस्तीन को औपचारिक तौर पर एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी। इससे फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले देशों की संख्या अब करीब 150 हो गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता है। वहीं पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल ने कहा कि फिलिस्तीन को मान्यता देना ही स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। इस कदम से इजराइल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा है। हालांकि, अमेरिका अब भी फिलिस्तीन को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता है। वहीं, फ्रांस ने भी ऐलान किया है कि वह इस हफ्ते यूएन में फिलिस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश जारी कर फिलिस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया। नेतन्याहू बोले- यह कदम आतंकवाद को इनाम देना वहीं, इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि फिलिस्तीन को आजाद देश मानना आतंकवाद को इनाम देना है। जॉर्डन नदी के पश्चिम में फिलिस्तीनी देश नहीं बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों को दोगुना कर दिया है और इसे और बढ़ाएंगे। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि वह इस मान्यता का जवाब अमेरिका से लौटने के बाद देंगे।



**75% देश फिलिस्तीन को मान्यता दे चुके :** फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से करीब 75% देश मान्यता दे चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र में इसे 'परमानेंट ऑबजर्वर स्टेट' का दर्जा हासिल है। इसका मतलब है कि फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति तो है लेकिन वोटिंग का अधिकार नहीं है। फ्रांस की मान्यता मिलने के बाद फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 5 में 4 स्थाई देशों का समर्थन मिल जाएगा। चीन और रूस दोनों ने 1988 में फिलिस्तीन को मान्यता दी थी। ऐसे में अमेरिका इकलौता देश होगा जिसने फिलिस्तीन को मान्यता नहीं दी है। उसने ने फिलिस्तीनी अथॉरिटी को मान्यता दी है। फिलिस्तीनी अथॉरिटी 1994 में इसलिए बनाई गई थी ताकि फिलिस्तीनियों के पास अपनी स्थानीय सरकार जैसी व्यवस्था हो और आगे चलकर यह पूरा राज्य बनने की नींव बन सके। ब्रिटेन ने क्यों लिया फैसला? ब्रिटिश पीएम ने कहा कि यह फैसला इजराइल को सजा देने के लिए नहीं लिया गया है, लेकिन अगर इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने गाजा में सैन्य कार्रवाई को कम हिंसक तरीके से और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हुए किया होता, तो शायद यह कदम न उठाया जाता। इससे पहले ब्रिटिश डिप्टी पीएम डेविड लैमी ने कहा था कि अगर ब्रिटेन फिलिस्तीन को मान्यता देता है, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि कोई नया देश तुरंत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मान्यता सिर्फ एक शांति प्रक्रिया का हिस्सा है। लैमी ने बताया कि ऐसा कदम इसलिए उठाया जा रहा है ताकि 'टू स्टेट सॉल्यूशन' की उम्मीद बनी रहे। कनाडा बोला- फिलिस्तीन लोकतांत्रिक देश बनेगा कनाडा के पीएम मार्क कार्नी का कहना है कि यह कदम मध्य पूर्व में शांति लाने और टू-स्टेट सॉल्यूशन को बचाने के लिए है। इस समाधान में फिलिस्तीन एक आजाद और लोकतांत्रिक देश बनेगा, जो इजराइल के साथ शांति से रहेगा। कनाडा ने कहा कि वह फिलिस्तीन को मान्यता देकर शांति की उम्मीद बनाए रखना चाहता है। यह कदम हमास का समर्थन नहीं करता, बल्कि मांग करता है कि हमास बंधकों को छोड़े, हथियार डाले, और फिलिस्तीन की सरकार में कोई भूमिका न ले।

वहीं, ऑस्ट्रेलियाई क्क्ष्एंथनी अल्बानीज ने कहा- ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीनी लोगों की आजाद देश की इच्छा का सम्मान करता है। यह कदम टू-स्टेट सॉल्यूशन के लिए हमारी पुरानी कोशिश को दिखाता है, जो इजराइल और फिलिस्तीन के लिए शांति लाने का एकमात्र रास्ता है।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 9/23/2025 7:40 PM Page 1



# हेल्थ प्लस

## क्यों होता है सिरदर्द

**सिरदर्द** को अधिकतर लोग साधारण मानकर गंभीरता से नहीं लेते और सिरदर्द की गोली लेकर सोचते हैं कि उन्हें इस दर्द से छुटकारा मिल गया। ये दवाइयां दर्द को समाप्त कर देती हैं परन्तु सिरदर्द के कारणों को नहीं समाप्त करती, इसलिए सिरदर्द के कारण को जानकर उस कारण को समाप्त करना बहुत जरूरी है।

**सिरदर्द कई प्रकार के होते हैं जैसे :**

- अधिक देर तक सोते रहने या कम समय सोने से, नींद पूरी न होने के कारण भी सिरदर्द हो सकता है। कभी-कभी नींद के बीच-बीच में टूटने के कारण भी सिरदर्द होता है।
- कभी-कभी गर्मी में अधिक व्यायाम कर लेने से भी सिरदर्द शुरू हो जाता है क्योंकि व्यायाम करते वक्त ग्लूकोज की मात्रा मांसपेशियों द्वारा खर्च कर ली जाती है और मस्तिष्क को ग्लूकोज नहीं मिल पाता।
- तनाव का पहला लक्षण ही सिर दर्द है। इसके अतिरिक्त निराशा, नींद न आना, थका हुआ महसूस करना आदि भी तनाव के कारण होते हैं। आंखों के चश्मे के नंबर में बदलाव के कारण भी सिरदर्द होता है।
- अधिक जुकाम होने के कारण मौसम में बदलाव, अधिक धूम्रपान आदि के कारण भी सिरदर्द की शिकायत रहती है।
- पूरा दिन किसी बंद कमरे में बिताने से शरीर को शुद्ध वायु नहीं मिल पाती। इस कारण से भी सिरदर्द हो सकता है।
- सिरदर्द का कारण जानने के लिए काफी समय लगता है। अगर आपको तनाव है तो अपने आपको उस तनावपूर्ण वातावरण से दूर रखने का प्रयास करें। बाजार में सिरदर्द की बहुत सी दवाइयां उपलब्ध हैं, लेकिन उनका प्रयोग डाक्टर की सलाह ले कर ही करें। अगर सिर दर्द बिना किसी कारण के लगातार होता है तो एक्सरे या सीटी स्कैन डाक्टर की सलाहनुसार कराएं।
- कई बार आप दिन में कुछ नहीं खाते या व्रत रखते हैं तब भी सिरदर्द की शिकायत हो जाती है। कुछ भोज्य पदार्थ चाइनीज फूड, चाकलेट, पिजा, आइस्क्रीम आदि भी किसी-किसी को एलर्जी करते हैं और उन्हें इनके खाने के तुरन्त बाद सिर दर्द शुरू हो जाता है। अगर आप कॉफी अधिक मात्रा में पीते हैं और फिर एकदम उसे छोड़ देते हैं तो भी सिरदर्द हो जाता है।
- नमक की अधिक मात्रा भी इसका एक कारण है। चाइनीज फूड में सोया सास का प्रयोग किया जाता है जिसमें एक रसायन मोनो सोडियम ग्लूटमेट होता है जो सिरदर्द का कारण होता है। जिस भी भोज्य पदार्थ के कारण आपको सिरदर्द की शिकायत हो रही है उसे अपने भोजन में से निकाल दें।
- सिरदर्द की कोई भी दवा लेने से पूर्व कारण को जानने का प्रयास करें और डाक्टर के परामर्श लेते वक्त भी उन्हें बता दें कि आपका दर्द कौन से प्रकार का है ताकि वह आपको सही दवा दे सकें।



## नन्ही अजवायन बड़े गुण

**सामान्यत:** सभी घरों में अजवायन का प्रयोग मसाले के रूप में किया जाता है। चिकित्सक इससे दवाइयां भी बनाते हैं। इस नन्ही अजवायन का प्रयोग करके आप भी इसके बेजोड़ गुणों को आजमा सकती हैं-

- सर्दी-जुकाम, कफ आदि में अजवायन बहुत उपयोगी है। इसके लिए अजवायन उबाल कर उसका पानी पीने से राहत मिलती है।
- अजवायन को चबाना या इसका धुआं लेना भी सर्दी, जुकाम में लाभकारी है।
- पेट में कीड़े होने पर अजवायन का सत लेना चाहिए।
- सूखी खांसी हो तो अजवायन को पान में रख कर चबाना चाहिए।
- मंदाग्नि की दशा में अजवायन, सौंठ, काली मिर्च और नमक पीस कर पानी के साथ फांकी लेने पर ठीक रहता है।
- पुराने जख्म, फोड़े-फुंसी अथवा दाद-खाज में अजवायन पानी में पीस कर लगाने से लाभ मिलता है।
- अजवायन, काला नमक, सौंठ व हींग लेकर बारीक पीस लें। उदरशूल होने पर चाय का आधा चम्मच दिन में दो बार पानी के साथ लें। यह दवा रामबाण साबित होगी।
- अजवायन के काढ़े से आंखें धोने से वे साफ व निरोगी होती हैं।
- अजवायन का शर्बत पीने से हाथ-पैरों के कांपने की स्थिति में आराम मिलता है।
- बच्चों को होने वाली उल्टी-दस्त में इसे मां के दूध के साथ पीस कर देने से लाभ होता है।
- अजवायन का चूर्ण यदि छाछ के साथ लिया जाए तो पेट के कीड़े शीघ्र नष्ट हो जाते हैं।
- गर्भावस्था में गर्भवती महिला को गुड़ व अजवायन देने से गर्भकाल के दौरान होने वाला कमरदर्द मिटता है व भूख बढ़ती है।

## सही खानपान : कैंसर से बचाव

**आज** की भीड़-भाड़ भरी जिंदगी में कैंसर रोगियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। वैसे भी कैंसर शब्द ही ऐसा है कि जिसका नाम सुनते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। यदि एफएनएसी टैस्ट में किसी व्यक्ति के शरीर में कैंसर रोग की पुष्टि हो जाए तो वैसी स्थिति में रोगी को ये बताया नहीं जाता ताकि उसका मनोबल टूट न जाए और वह कहीं समय से पहले ही मौत के मुंह में न चला जाए और दूसरा यह बात घरवालों के लिए भी आसान नहीं होती हैं क्योंकि कोई भी व्यक्ति ये सुनना पसंद नहीं करता कि उसके घर के किसी व्यक्ति को कैंसर हो गया है।

**कारण व बचाव**

अगर लोग अपने खान-पान और रहन-सहन पर ध्यान दें तो कैंसर को रोका जा सकता है। आज के व्यस्त जीवन में हर व्यक्ति रोजाना 50 से 60 प्रतिशत जहर खा रहा है या उसे खाने का आदि हो चुका है। रोहतक की झंग कालोनी स्थिति लार्ड धनवन्तरि अस्पताला में आज हर काम प्रोफेशन बन चुका है। गेहूं को यूरिया खाद से तैयार किया जाता है। फिर गेंहू स्टोर करते वक्त उसमें सल्फास या जहरीले रसायन डाले जाते हैं ताकि गेंहू को कीड़ा न लगे। जब कि होना यह चाहिए कि गेंहू को धोकर, फिर सुखा कर पीसा जाए और वही गेंहू खाने के लिए उचित होता है। कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए कोल्ड ड्रिंक्स, बीड़ी, सिगरेट, शराब, तंबाकू, पान-गुटका यहां तक कि दूध खोया, पनीर, देसी घी की भी नकली पैदावार कर रहे हैं। सब्जियों पर कीटनाशक दवाइयां छिड़की जाती हैं। फलों के ऊपर रसायन लगाए जाते हैं। इसलिए इस बात का खास ख्याल रखना चाहिए कि हम बाजार से जब भी सब्जियां और फल लाते हैं तो कम से कम एक घंटे तक सब्जियों और फलों को खुले पानी (एक बाल्टी पानी में) भिगों कर रख लें, ताकि उन सब्जियों और फलों से जहरीले केमिकल्स का असर खत्म हो जाए। आयुर्वेदिक औषधियां अगर खत्म हो जाए। आयुर्वेदिक औषधियां अगर शास्त्रों की विधि से बनाई जाए तो वह अमृत के समान तुरंत लाभदायक होती है और कैंसर जैसे रोग को जड़ से ठीक करती है। इससे दुबारा शरीर में कैंसर भी नहीं होता।



## ध्यान दें, कैसे खाते हैं आप?

**अक्सर** स्वास्थ्य सम्बंधी फर्क इस बात पर निर्भर नहीं करता कि आप क्या खाचे हैं बल्कि इस बात पर निर्भर होता है कि आप कैसे खाते हैं। मसलन, कहा जाता है कि आलू और ब्रेड से कैलरी बढ़ जाती है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर होता है कि आप इन चीजों को खाते कैसे हैं। स्टार्च भरी सब्जियां और मोटे अनाज का ब्रेड गुणात्मक कार्बोहाइड्रेट होते हैं जिनकी जरूरत आपके हर हिस्से को ईंधन के लिए होती है- दिमाग से लेकर मांसपेशियों तक। मुश्किल तब पड़ती है जब आप इनको गलत तरीके से खाते हैं।



ब्रेड पर शोरबा या पिघला हुआ मक्खन डाल लें या आलू को डीप फ्राई कर लें तो नतीजा होगा कैलरी का दोगुना हो जाना। आलू में अपने तौर पर फैट नहीं होता, इसलिए उबले हुए या बेक किए हुए आलू एकदम ठीक होते हैं क्योंकि आप उनमें फैट नहीं जोड़ रहे हैं। यह काम्प्लेक्स कार्बेहाइड्रेट है और फूड का अच्छा स्रोत। बस यह सुनिश्चित कर लीजिए कि आप उस पर पिघला हुआ मक्खन या घी नहीं डाल रहे हैं। कहते हैं कि खाने से पहले एक गिलास पानी पीने से भूख मर जाती है। यह बात सही भी है और गलत भी। इससे भूख नहीं मरती, लेकिन पेट भरे होने का अहसास होता है। पेट पानी पीने के बाद भी एसिड जारी करता रहेगा। पाचन एक ऐसी प्रक्रिया है जो हर सूरत में होगी। सूप भी यही काम करते हैं। नींबू-पानी भी आपकी भूख को नये दृष्टिकोण में डाल देगा। कुछ फूड्स होते हैं जिनमें पानी की मात्रा अधिक होती है जैसे खिचड़ी। वास्तविक भूख को मिटाने की कोशिश न करें, लेकिन अगली बार जब गोलगप्पे की चाहत हो रही हो, तो एक गिलास पानी पी लें बजाए गोलगप्पा खाने के।

प्रौन व अन्य शैलफिश में कोलेस्ट्राल अधिक होता है? एक तरह से यह बात सही है। एक बड़ी प्लेट भरकर प्रौन खाने से जबरदस्त कोलेस्ट्राल पैदा होता है। लेकिन प्रौन में थोड़ा-बहुत आगमेगा-3 फैटी एसिड भी होता है, लेकिन अच्छी बात यह है कि प्रौन सीमित मात्रा में खाए जाएं। तीन या चार बड़े प्रौन सप्ताह में सिर्फ एक बार ही खाए जाएं और अगर व्यक्ति को कोलेस्ट्राल की समस्या है, तो माह में एक बार ही खाए जाएं। प्रौन खाने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि बिना चीज, मक्खन या तेल मिलाये उन्हें स्टीम कर लें।

बेहतर है कि एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रोल के स्तर को 125 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर से कम रखें। इसका अर्थ है कि आपको कोई खतरा नहीं होगा। मधुमेह, ब्लडप्रेशर या कोई अन्य हृदय रोग का अर्थ है कि आप इन सब चीजों से बचें?

क्या कभी-कभार बर्गर और फ्राइज खाने से आपको नुक्सान पहुंचेगा? इसका उत्तर हां भी है और नहीं भी, क्योंकि यह बात इस पर निर्भर करती है कि आप अपने एक स्थानीय बर्गर ज्वाइंट पर कितनी बार जाते हैं और वहां जाकर क्या खाते हैं इसलिए अगर आप वहां हर दोपहर जा रहे हैं और दफ्तर की कैंटीन का स्वस्थ सलाद लंच छोड़ रहे हैं रेडमीट के लिए, तो आप मुश्किल में हैं। ध्यान रहे कि सभी बर्गरों में चीज व मायोनीज होता है, इसलिए कला यह है कि जो आप खा रहे हैं वह सब ठीक होना चाहिए।

वैसे सबसे अच्छा विकल्प है नारियल पानी। ग्रीन टी भी अच्छी है क्योंकि इसमें एंटीआक्सीडेंट हैं और लगभग शून्य कैलरी हैं। साथ ही आपको इसमें दूध और शुगर मिलाने की भी जरूरत नहीं पड़ती।

## बढ़ाएं अपनी पाचन शक्ति

- एक बार में अधिक भोजन न करें। थोड़े-थोड़े अंतराल पर कुछ न कुछ खाते रहें।
- अधिक गर्म भोजन न करें। यह पाचन शक्ति को कमजोर बनाता है।
- चाय, कॉफी का सेवन कम से कम करें।
- धूम्रपान, शराब व अन्य नशीले पदार्थ बदहजमी का मुख्य कारण हैं अत: इनके सेवन से बचें।
- रात का खाना सोने से दो घंटे पूर्व खाएं।
- टमाटर का निरंतर सेवन करने से आमाशय साफ रहता है व पाचन शक्ति ठीक रहती है।
- लहसुन आंतड़ियों में रूकी हवा को निकाल कर पाचन शक्ति पुष्ट करता है।
- भोजन करने के पश्चात एक चम्मच सूखे आंवले के चूर्ण की फक्की लेने से पाचन शक्ति में वृद्धि होती है।
- करेले की सब्जी का रस पाचन शक्ति को ठीक करता है अत: नियमित सेवन करें।



## रुबीना दिलैक ने खूबसूरती और समझदारी से जीता दिल

तस्वीरों की बात करें तो पहली में रुबीना बड़ी-सी खिड़की के पास बैठकर कैंडिड पोज देती नजर आ रही हैं। दूसरी में वह चेयर पर बैठकर चिक सनग्लासेस लगाए नीचे की ओर देखते हुए पोज देती नजर आ रही हैं। वहीं, तीसरी में वह हाथों में गुलाब का गुल्दस्ता लिए पोज दे रही हैं। बाकी तस्वीरों में वह और कई तरह के पोज दे रही हैं। वीडियो की बात करें तो वह पहली वीडियो में स्पीच दे रही हैं और दूसरी में स्टेज पर बच्चों के साथ नजर आ रही हैं।

मुंबई। हाल ही में अभिनेत्री रुबीना दिलैक 31वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरल इम्प्लांटोलॉजिस्ट के उद्घाटन समारोह में शामिल हुई थीं। अभिनेत्री ने समारोह की कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 31वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरल इम्प्लांटोलॉजिस्ट के उद्घाटन समारोह में शामिल होकर गर्व महसूस हो रहा है। ये देखकर खुशी हुई कि 30 अलग-अलग देशों से आए हुए होनहार और बुद्धिमान लोग एक साथ मिलकर तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। रुबीना ने स्काई ब्लू कलर की एलिगेंट साड़ी के साथ पिंक कलर का ब्लाउज पेयर किया है। लॉन्ग सिल्वर इयररिंग्स और बिंदी ने उनके ट्रेडिशनल लुक को और खूबसूरत बना दिया। वहीं, बालों को हल्के कर्ल से स्टाइल किया है। तस्वीरों की बात करें तो पहली में रुबीना बड़ी-सी खिड़की के पास बैठकर कैंडिड पोज देती नजर आ रही हैं। दूसरी में वह चेयर पर बैठकर चिक सनग्लासेस लगाए नीचे की ओर देखते हुए पोज देती नजर आ रही हैं। वहीं, तीसरी में वह हाथों में गुलाब का गुल्दस्ता लिए पोज दे रही हैं। बाकी तस्वीरों में वह और कई तरह के पोज दे रही हैं। वीडियो की बात करें तो वह पहली वीडियो में स्पीच दे रही हैं और दूसरी में स्टेज पर बच्चों के साथ नजर आ रही हैं। रुबीना ने टीवी सीरियल छोटी बहू और शक्ति: अस्तित्व के एहसास की जैसे हिट शो में अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है। इसके अलावा, वह बिग बॉस 14 की विनर भी रह चुकी हैं, जिसके बाद उनकी लोकप्रियता और भी बढ़ गई थी। इन दिनों वह पति अभिनव शुक्ला के साथ पति पत्नी और पंगा में नजर आ रही हैं। शो 2 अगस्त से कलर्स टीवी और जीयोहॉटस्टार पर प्रसारित हो रहा है। बता दें कि अभिनेत्री रुबीना दिलैक हमेशा अपने फैशन सेंस से दर्शकों के दिलों में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाती रहती हैं।





